
7



होटल के कमरे में ऑडिशन..

www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत

■ वर्ष 31 अंक 48 | डाक/नगर संस्करण | ■ जबलपुर मंगलवार 12 अगस्त 2025 | ■ पृष्ठ 12 ■ मूल्य रु. 3.00

11



सेना के पराक्रम के सम्मान...

## पुरुषों के लिए सीटें आरक्षित नहीं कर सकती सरकार

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा-ये समानता के अधिकार का उल्लंघन

नई दिल्ली।

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को भारतीय सेना की जज एडवोकेट जनरल शाखा में पुरुष और महिला अधिकारियों के लिए 2:1 अनुपात में आरक्षण देने की नीति को रद्द कर दिया। जेएजी सेना की कानूनी विंग है, जहां अधिकारी कानूनी सलाह, कोर्ट-मार्शल मामलों और सैनिकों और उनके परिवारों की कानूनी जरूरतों को देखते हैं। दो महिला उम्मीदवारों की याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा कि यह नीति मनमानी है और संविधान के तहत सभी को मिले समानता के अधिकार का उल्लंघन करती है। एससी ने कहा सरकार केवल पुरुषों के लिए सीटें आरक्षित नहीं कर सकती। महिलाओं की सीटें सीमित करना गलत है। असली जेंडर न्यूट्रैलिटी का मतलब है कि सबसे योग्य उम्मीदवार चुने जाएं। दरअसलए दो महिला उम्मीदवार मेरिट लिस्ट में 4वें और 5वें नंबर पर थींए लेकिन महिलाओं के लिए केवल 3 सीटें होने के कारण उन्हें मौका नहीं मिला। जबकि उनसे कम अंक वाले पुरुष उम्मीदवार चुने गए। वहीं, कोर्ट ने एक याचिकाकर्ता को तुरंत सेवा में शामिल करने का आदेश दिया गया, जबकि दूसरी को राहत नहीं मिली क्योंकि उसने याचिका के दौरान ही नौसेना जॉइन कर ली थी। जेएजी में कुल 9 पदों में भर्ती होनी थी, इसमें 2:1 अनुपात में आरक्षण के आधार पर 6 पुरुषों और 3 महिलाओं का चयन किया गया। इस पर जस्टिस मनमोहन और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने कहा कि पिछले सालों में महिलाओं को कम मौके मिलने की भरपाई के लिए कम से कम 50 प्रतिशत सीटें महिलाओं को दी जाएं, लेकिन अगर महिलाएं पुरुषों से ज्यादा मेरिट में हैं तो उन्हें 50 प्रतिशत तक ही सीमित करना भी गलत होगा।



## आवारा श्वानों को पकड़कर करें नसबंदी

### इन्हें शेल्टर होम में रखा जाए, इसके बीच में आने वालों पर होगी कार्रवाई

नई दिल्ली।

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली और एनसीआर के नगर निकायों को निर्देश दिया है कि आवारा श्वानों को तुरंत पकड़कर नसबंदी करें और उन्हें स्थायी रूप से शेल्टर होम में रखें। कोर्ट ने कहा इस काम में कोई ढिलाई बर्दाश्त नहीं होगी और अगर कोई व्यक्ति या संगठन इसके बीच में आयाए तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने कहा कि दिल्लीए एमसीडी और एनएमडीसी जल्द से जल्द सभी इलाकों, खासकर संवेदनशील क्षेत्रों से कुत्ते उठाएं। जरूरत हो तो इसके लिए अलग बल बनाएं। दरअसलए कोर्ट ने 28 जुलाई को खुद नोटिस लेते हुए यह मामला उठाया थाए जब संसद में पेश एक रिपोर्ट में दिल्ली-एनसीआर में रेबीज के बढ़ते मामलों और बच्चों व बुजुर्गों की मौत पर चिंता जताई गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश में कहा कि 8 हफ्तों में पर्याप्त स्टाफ और सीसीटीवी के साथ डॉग शेल्टर बनाएं। नसबंदी के बाद कुत्तों को न छोड़ें। 6 हफ्तों में 5,000 कुत्तों को पकड़ने का अभियान शुरू करें। संवेदनशील इलाकों से शुरुआत करेंए बाधा डालने वालों पर कार्रवाई करें। दिल्ली, नोएडा और गुरुग्राम में रोजाना पकड़े गए कुत्तों का रिकॉर्ड रखें, नियम तोड़ने पर कड़ी कार्रवाई होगी। एक हफ्ते में डॉग बाइट और रेबीज के लिए हेल्पलाइन बनाएं। 4 घंटे में कार्रवाई कर कुत्ते को नसबंदी के बाद न छोड़ें।

### बिहार के 6 नेताओं की सुरक्षा में बदलाव

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव समेत बिहार के 6 नेताओं की सुरक्षा में बदलाव किया गया है। सम्राट चौधरी की सुरक्षा बढ़ाकर जेड प्लस के साथ एएसएल की गई है। एएसएल सिक्योरिटी में केंद्रीय सुरक्षाबलों के साथ लोकल एजेंसीज के जुड़ने का प्रोटोकॉल है। वहीं तेजस्वी को जेड और पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव को वाय प्लस की सुरक्षा दी गई है। इनके अलावा जदयू एमएलसी नीरज कुमारए बीजेपी विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू और प्रदीप कुमार सिंह की भी सुरक्षा बढ़ाई गई है।

### पंजाब में अकाली दल दो फाड़

**अमृतसर।** पंजाब की पंथक राजनीति में आज बड़ा बदलाव हुआ। श्री अकाल तख्त की गठित शिरोमणि अकाली दल दो फाड़ हो गई है। अकाल तख्त की भर्ती कमेटी ने नई पंथक पार्टी का गठन किया है, जिसका लीडर पूर्व जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह को बनाया गया है। वहीं बीबी सतवंत कौर को पंथक कमेटी का चेयरपर्सन घोषित किया गया है। 5 मेंबरी कमेटी ने एक पंथक और दूसरा सियासी धड़ा बनाया है। सियासी पार्टी को प्रधान ज्ञानी हरप्रीत सिंह संभालेंगे। वहीं बीबी सतवंत कौर पंथक कमेटी को संभालेंगी। दोनों अलग-अलग काम करेंगे। ये धड़े सुखबीर बादल की सियासी पार्टी शिरोमणि अकाली दल और पंथक शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के समानांतर काम करेंगे।

### दुर्घटना का शिकार होते बचे छग सीएम

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय सोमवार को दुर्घटनाग्रस्त होते बचे। सीएम अपने दौरे पर महासमुंद्र जा रहे थे। एयरपोर्ट पर उनके हेलीकॉफ्टर में तकनीकी खराबी आ गई थी, जिससे उड़ान रोक दी गई थी। छग मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सारंगढ़-बिलाईगढ़ और महासमुंद जिले के महत्वपूर्ण दौरे से पहले एक बड़ा तकनीकी संकट का सामने आया है। सीएम रायपुर एयरपोर्ट से रवाना होने ही वाले थे कि ठीक उसी समय उनके हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी आ गई। तत्काल स्थिति को भांपते हुए पायलट ने उड़ान रद्द कर दी।

### राजस्थान हाईकोर्ट ने आसाराम की अंतरिम जमानत बढ़ाई

**जोधपुर।** गुजरात और राजस्थान में आजीवन कारावास की सजा काट रहे रेप के दोषी 86 साल के आसाराम को एक बार फिर राहत मिली है। राजस्थान हाईकोर्ट ने आसाराम की ओर से 8 अगस्त को दायर अपील पर सोमवार को सुनवाई की। कोर्ट ने उसकी अंतरिम जमानत 29 अगस्त तक बढ़ा दी है। सुनवाई में कोर्ट के सामने आसाराम की ओर से एडवोकेट निशांत बोड़ा ने पूर्व में गुजरात हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के पारित आदेशों की ओर ध्यान आकर्षित कराया।

# देश के सामने आ चुकी है वोट चोरी की सच्चाई: राहुल गांधी

### वोटर वेरिफिकेशन के खिलाफ विपक्ष का शक्ति प्रदर्शन, 2 महिला सांसद हुईं बेहोश

नई दिल्ली

वोटर वेरिफिकेशन और चुनाव में वोट चोरी के आरोप पर विपक्ष के 300 सांसदों ने सोमवार को संसद से चुनाव आयोग के ऑफिस तक मार्च निकाला। इस दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, अखिलेश यादव समेत कई विपक्षी सांसदों को हिरासत में लिया गया। पुलिस उन्हें संसद मार्ग पुलिस स्टेशन ले गई, जहां से 2 घंटे बाद रिहा कर दिया गया। हिरासत में लिए जाने के बाद राहुल गांधी ने कहा कि यह संविधान बचाने की लड़ाई है। ये एक व्यक्ति-एक वोट की लड़ाई है, इसलिए हमें साफ वोटर लिस्ट चाहिए। वहीं प्रियंका गांधी ने कहा कि यह सरकार डरी हुई है और कायर है। मार्च के दौरान अखिलेश ने बैरिकेडिंग फांदकर आगे बढ़ने की कोशिश की। जब सांसदों को आगे नहीं जाने दिया गया तो वे जमीन पर बैठ गए। प्रियंका, डिंपल समेत कई सांसद वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे लगाते दिखे। प्रदर्शन के दौरान टीएमसी सांसद मिताली बाग और महुआ मोइत्रा की तबीयत बिगड़ गई। बेहोश हो गईं। राहुल गांधी और अन्य सांसदों ने उनकी मदद की। इससे पहले दोनों सदनों में इस मुद्दे पर भारी हंगामा हुआ।





### राहुल ने भरी हुंकार

हिरासत में लिए जाने के बाद राहुल गांधी ने कहा हकीकत यह है कि वे बोल नहीं सकते। सच्चाई देश के सामने है। यह लड़ाई राजनीतिक नहीं है। यह संविधान बचाने की लड़ाई है। यह लड़ाई एक व्यक्ति, एक वोट की है। हम एक साफ-सुथरी मतदाता सूची चाहते हैं। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा यह लोगों के वोट के अधिकार की रक्षा की लड़ाई है। यह लोकतंत्र को बचाने का संघर्ष है। कांग्रेस जयराम रमेश ने कहा कि चुनाव आयोग चुनाव आयोग है, ये चुराओ आयोग नहीं हो सकता। कांग्रेस सांसद अमर सिंह ने इस दौरान कहा चुनाव आयोग की समस्या ये है कि वो किसी भी सवाल का जवाब नहीं देता, बल्कि बीजेपी हर सवाल का जवाब देती है।



### बैरीकेड फांद गए अखिलेश यादव

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पुलिस के रोके जाने के बाद बैरीकेड फांदकर दूसरी तरफचले गए। उन्होंने कहा हम वोट बचाने के लिए बैरिकेड फांद रहे हैं। जिन लोगों ने वोट काटे हैं, उनके खिलाफ चुनाव आयोग को कार्रवाई करनी चाहिए। 18 हजार वोटों को मतदाता सूची से हटाया था, जिनकी सूची मैंने खुद दी है। आयोग ने हलफनामा मांगा, हमने दे दिया। हर किसी को मतदान करने का अवसर मिलना चाहिए।



### लोकसभा में बिना चर्चा के नया आयकर बिल पास

वोटर वेरिफिकेशन और वोटों की चोरी के आरोपों पर हंगामे के बीच सोमवार को बिना चर्चा के नया आयकर बिल (नंबर-2) 2025 और कराधान कानून संशोधन बिल-2025 लोकसभा में पास हो गया। राज्यसभा में गोवा विधानसभा एसटी रिजर्वेशन बिल और मणिपुर से जुड़े 3 विधेयक पेश किए गए। हालांकि इन बिलों को पेश करते समय विपक्ष का हंगामा जारी रहा। इस पर राज्यसभा सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि चर्चा के लिए कहा जा रहा है कि हाउस ऑर्डर में नहीं है और बिल पारित हो रहे हैं। यह लोकतंत्र के साथ धोखा है। लोकतंत्र की रक्षा होनी चाहिए। चेयर को, नेता सदन को यह स्पष्ट करना चाहिए। ये कैसा लोकतंत्र है। लोकसभा में नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल 2025 और दोपहर 2 बजे लोकसभा के दोबारा शुरू होने पर नेशनल एंटी-डोपिंग (अमेंडमेंट) बिल भी पास हो गया। खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने इसे आजादी के बाद से भारतीय खेलों में सबसे बड़ा सुधार बताया।



## देशभर के किसानों को 3200 करोड़ फसल बीमा क्लेम का भुगतान

**झुंझुनूं।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान सोमवार को झुंझुनूं पहुंचे। यहां हवाई पट्टी पर आयोजित समारोह में बटन दबाकर देशभर के किसानों के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 3200 करोड़ रूपए की बीमा क्लेम राशि जारी की। इससे पूर्व कार्यक्रम में सीएम और केंद्रीय कृषि मंत्री को बाजरे की बालियों से बने खास बुके देकर स्वागत किया गया। कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने मंच से कहा राज्य में नकली खाद और बीज बनाने वालों के खिलाफ सरकार ने सख्त रुख अपना लिया है। हमने प्रदेश में नकली खाद और बीज का जखीरा पकड़ा है। इस मामले में सरकार ने कई एफआईआर दर्ज कराई हैं। प्रोग्राम में मुख्यमंत्री और केंद्रीय कृषि मंत्री बटन दबाकर रबी सीजन 2024-25 एवं खरीफ सीजन 2024 की बीमा दावा राशि की पहली किश्त डीबीटी के माध्यम से किसानों के खातों में ट्रांसफर की। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों के लगभग 30 लाख किसानों को 3,200 करोड़ की राशि सीधे तौर पर ट्रांसफर कीं। झुंझुनूं से देशभर के किसानों के खातों में भी यह राशि ट्रांसफर की गई, जिससे प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लाभार्थियों को बड़ी राहत मिल सकेगी। समारोह में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक भी वितरित किए गए। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और जल्द ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने लोगों से स्वदेशी अपनाओ की अपील करते हुए कहा कि हमें उन चीज़ों का इस्तेमाल करना चाहिए जो हमारे देश में बनी हैं। इससे हमारा पैसा देश में ही रहेगा और रोज़गार के अवसर भी बढ़ेंगे।

**झुंझुनूं में सीएम और केंद्रीय कृषि मंत्री ने बटन दबाकर ट्रांसफर की राशि**

## बिहार के 7 जिलों में बाढ़ से 10 लाख लोग प्रभावित



**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश-बिहार में तेज बारिश के कारण बाढ़ के हालात हैं। बिहार के 7 जिले बाढ़ की चपेट में हैं। 10 लाख लोग प्रभावित हैं। गंगा समेत बिहार की 10 नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। अब तक 11 लोगों की मौत हो चुकी है। पटना जिले की 24 पंचायतें भी बाढ़ से घिरी हैं। उत्तर प्रदेश में भी लगातार बारिश से नदियां-नाले उफान पर हैं।

मुरादाबाद में रामगंगा नदी उफान पर है। एक बाइक सवार इसमें बह गया और फिर 22 घंटे तक एक पेड़ पर बैठा रहा। बाद में उसका रेस्क्यू हुआ। पिछले 24 घंटे में यूपी के 54 जिलों में 5०9 मिमी बारिश हुई। हिमाचल प्रदेश में तेज बारिश के हुई लैंडस्लाइड के बाद एनएच-305 का औट-सैंज मार्ग बंद हैं।

### 15 महीने की बच्ची से क्रूरता

नोएडा। उत्तर प्रदेश में ग्रेटर नोएडा के डे केयर सेंटर में 15 माह की बच्ची से क्रूरता का सीसीटीवी सामने आया है। आरोप एक नाबालिग सहायिका पर है। सीसीटीवी में नजर आ रहा है कि उसने बच्ची को बुरी तरह से पीटा। उसने बच्ची के मुंह में खिलौना ठूंस दिया। दो बार जमीन पर पटका। पीठ पर थप्पड़, सीने पर मुक्का मारा। सिर दीवार से टकरा दिया। जांघ पर दांत से काट लिया। इस दौरान बच्ची चीखती-चिल्लाती रही। यह फुटेज 10 मिनट 30 सेकेंड का है। घटना 4 अगस्त 2025 की है।

## हथियारबंद बदमाशों ने बैंक में डाली 14 करोड़ की डकैती

**जबलपुर।** जबलपुर जिले के खितौला थानाक्षेत्र अंतर्गत इसाफ बैंक की शाखा में करोड़ों की डकैती की घटना हुई है। नकाबपोश बदमाश कट्टे की नोक पर बैंक से 14 किलो सोना और पांच लाख से ज्यादा कैश लेकर फरार हो गए। बताया जा रहा है कि डकैती की वारदात उस समय घटी जब सुबह 9 बजे बैंक खुला था। बैंक खुलते ही आसपास मौजूद पांच नकाबपोश योजनाबद्ध तरीके से अलग अलग बाइकों पर सवार होकर पहुंचे और सीधा बैंक परिसर में कट्टा/रिवाल्वर अड़ाकर बैंक में वारदात को अंजाम दिया। बताया जा रहा है कि करीब 10 से 15 मिनट में वारदात को अंजाम देकर पांचों नकाबपोश डकैत मौके से फरार हो गए। सिहोरा के नेशनल हाइवे और खितौला मोड़ के पास स्थित इसाफ स्माल फाइनेंस बैंक की शाखा में सुबह करीब 9 बजे उस समय हुई, जब बैंक का कामकाज और लेनदेन शुरू भी नहीं हुआ था। इसी दौरान आरोपी योजनाबद्ध तरीके से बैंक पहुंचे और डकैती की घटना को अंजाम दे दिया। जानरी लगने के बाद बाद मौके पर पहुंचे पुलिस विभाग के आला अधिकारियों ने बताया कि बदमाशों की धरपकड़ के लिए आस-पास के जिलों में अलर्ट जारी किया है। (शेष पृष्ठ-12 पर)

### संजय राउत ने अमित शाह को लिखा लेटर, पूछा

## कहां हैं पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़

**नई दिल्ली।** शिवसेना (उद्धव गुट) के सांसद संजय राउत ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को लेटर लिखा है। उन्होंने पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मौजूदा स्थिति और पते की जानकारी मांगी है। राउत ने लेटर में सवाल उठाया है कि आखिर धनखड़ साहब कहां हैं, उनकी सेहत कैसी है और क्या वे सुरक्षित हैं। राउत ने पत्र में लिखा हमारे उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के साथ आखिर हुआ क्या है? वे कहां हैं? उनकी तबीयत कैसी है? क्या वे सुरक्षित हैं? देश को इन सवालों का सच जानने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में अफवाहें फैल रही हैं कि धनखड़ को उनके घर में कैद कर दिया गया है और उनकी सुरक्षा को लेकर आशंका जताई जा रही है। 2 दिन पहले राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने कहा था कि पहली बार है जब लापता उपराष्ट्रपति के बारे में सुना है। राउत ने यह भी कहा कि राज्यसभा के कुछ सदस्य सुप्रीम कोर्ट में हैबियस कॉर्पस याचिका दाखिल करने पर विचार कर रहे हैं, ताकि धनखड़ की मौजूदगी और सुरक्षा की पुष्टि हो सके।



# दो सड़क हादसों में 11 की दर्दनाक मौत

### खाई में गिरी पिकअप, 6 महिलाओं की गई जान

मुंबई

महाराष्ट्र के पुणे के पास खेड़ तालुका में सावन सोमवार पर कुंडेश्वर मंदिर दर्शन के लिए जा रही श्रद्धालुओं से भरी एक पिकअप जीप खाई में गिर गई। घटना में 6 महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 22 से ज्यादा महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। वहां मौजूद लोगों ने बताया कि हादसा दोपहर करीब 1 बजे हुआ, जब घुमावदार घाट पर ड्राइवर ने वाहन से कंट्रोल खो दिया और पिकअप पैठ-कोहिंडे बॉर्डर के नागमोड़ी घाट पर 25-30 फीट गहरी खाई में गिर गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हादसे पर दुख जताते हुए मृतकों के परिजनों के लिए 2 लाख रुपए और घायलों को 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता देने का ऐलान किया है। पिंपरी चिंचवड़ पुलिस के डीसीपी शिवाजी पवार ने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हादसे पर दुख जताते हुए एक्स पर लिखा महाराष्ट्र के पुणे में हुई एक दुर्घटना में जान-माल की हानि से दुखी हूं। इस दुर्घटना में अपने प्रियजनों को खोने वालों के प्रति संवेदना। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से सभी मृतकों के परिजनों को 2 लाख रुपए का मुआवजा दिया जाएगा। घायलों को 50 हजार रुपए दिए जाएंगे। जानकारी के मुताबिक पिकअप में करीब 30 महिलाएं और बच्चे सवार थे। क्षमता से अधिक श्रद्धालु होने के कारण पिकअप का बैलेंस बिगड़ गया।



### बाइक को टक्कर मारकर पलटी स्कॉर्पियो

**अनूपपुर।** अनूपपुर में हुए एक अन्य सड़क हादसे में 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। दर्दनाक हादसे में एक स्कॉर्पियो ने बाइक को टक्कर मार दी। इसके बाद पलटी खाते हुए निर्माणाधीन मकान में घुस गई। गाड़ी इतनी रफ्तार से पलटते हुए गई की आगे का कांच टूट गयाए जिससे निकलकर दो युवक बाहर गिर गए। हादसे में 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। दो ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। दो शवों का पोस्टमार्टम कोतमा और तीन का बीजरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया जा रहा है। 5 गंभीर घायल हैं, जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा में भर्ती कराया गया है। एक्सीडेंट सोमवार सुबह करीब 10 बजे रामनगर थाना क्षेत्र के रेऊंदा गांव में हुआ। स्कॉर्पियो सवार अनूपपुर के कोतमा से बेलिया जा रहे थे। मृतकों में से चार स्कॉर्पियो जबकि एक बाइक सवार शामिल है।

# स्कूल का भवन हुआ जर्जर जान जोखिम में डाल शिक्षा अध्ययन करना बनी मजबूरी



डिंडौरी (स्वतंत्र मत)





मप्र सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के स्तर को सुधारने को लेकर अनेकों योजनाएं बनाकर हरसंभव प्रयास कर रही हैं लेकिन नुमाइंदों की लापरवाही और अनदेखा करने से इनके कोई अर्थ नहीं हैं । क्योंकि सरकारी स्कूल के रखरखाव और उचित देखभाल के अभाव में भवन की जितनी दुर्दशा अभी देखी जा सकती हैं शायद इसके पहले कभी नहीं देखा गया जिम्मेदारों ने अपनी नाकामी और ऐबों को छुपाने के लिए पन्नी का सहारा लिया है,जो केवल एक भद्दा मजाक को इंगित करता हैं अतएव तमाम प्रयासों के बाद भी सरकार की मंशा धरातल पर विफल हैं आज भी संसाधन और बेहतर शिक्षा के लिए गांव की शिक्षा मोहताज हैं । विभाग भले ही बेहतर व्यवस्था को लेकर कितने भी झूठे दावे कर लें किंतु सच्चाई कुछ और हैं। ऐसा ही एक मामला डिंडौरी जिले के करंजिया विकासखंड अंतर्गत कस्बा गोरखपुर के हाईस्कूल का हैं जहां जर्जर भवन के चलते छात्र जान जोखिम में डाल शिक्षा हासिल करने मजबूर हैं ।वर्तमान में बारिश की बूंदों से बचने के लिए खिड़की पर पन्नी बांध आड़ किया गया हैं लेकिन यह वैकल्पिक व्यवस्था काफी नहीं हैं क्योंकि पूरे भवन में सीलन और दरारें उभरकर अंजाने खतरें से सावधान रहने का संकेत दे रहे मगर यहां के जिम्मेदार सच देखने सुनने को राजी नहीं है परिणामस्वरूप मौत के साये में शिक्षा ग्रहण करना छात्रों की मजबूरी बन चुका हैं।

और यदि भविष्य में कोई अप्रिय अनहोनी होती हैं तो किसे जिम्मेदार ठहराया जाएगा यक्ष प्रश्न हैं। बहरहाल हाल ही में कस्बा के युवा भाजपा नेता भुवनेश्वर हस्तपुरिया के साथ मुकद्दम लल्लू तेकाम आदिवासी समाज के नेता ज्ञान सिंह तेकाम ,पंचपति ब्रजेश कुशराम ने हाई स्कूल का जायजा लेने पहुंचे तो पाया कि वर्तमान में भवन कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हैं ऐसे में यहां कक्षाओं का लगाना उचित नहीं हैं इन्होंने गहरी चिंता जताते हुए कहा कि भवन की वास्तविक स्थिति से अवगत कराने के लिए जिम्मेदारों से संपर्क कर जल्द व्यवस्था बनवाएंगे। क्योंकि दीवारों में सीलन व दरार उभर आये हैं बिजली फिटिंग के बोर्ड बटन टूटे पड़े हैं इनके कारण पंखे और बल्ब बंद हैं गंदगी और साफ-सफाई का भी अभाव हैं।विघार्थी यहां बैठकर पढ़ने में डरते हैं बरसात में छत से पानी टपकता हैं । लिहाजा ऐसे अव्यवस्थित माहौल में स्वच्छ मानसिकता से शिक्षा अध्ययन करना विघार्थियों के लिए चुनौती बन रहा हैं,।

डरें सहमे रहते हैं - गौरतलब हैं कि लगभग दो सैकड़ा से ऊपर की दर्ज संख्या वाले सरकारी हाईस्कूल की भवन में कमजोर दीवार के साथ अन्य हिस्सों में लगातार हो रहें टूट फूट को देखकर और हमेशा उन्हें इस बात का डर रहता हैं कि कोई अप्रिय स्थिति न बने और वह सभी सही सलामत घर पहुंचे वह पढ़ाई के दौरान क्लास में डरें सहमे रहते हैं। गौरतलब हैं कि बाल मन में डर और भय पाल कर कितना अच्छा शिक्षा ग्रहण कर पाते होंगे और आगे क्या कमाल कर पाएंगे सोचनीय हैं। यघपि सुविधाओं के अभाव में शिक्षा के क्षेत्र में इनके पारंगत होकर प्रशिक्षित होने की कल्पना करना बेमानी हैं।

अभिभावकों में नाराजगी -हाई स्कूल में शुद्ध पेयजल और शौचालय में नियमित साफ सफाई की कमी जैसे अव्यवस्था को लेकर यहां के अभिभावकों में काफी नाराजगी देखी जा रही है उनका कहना हैं कि जब सरकार स्कूलों में सारे संसाधन उपलब्ध कराने गंभीर है तो फिर यहां व्यवस्था बनाने में क्यों रुचि नहीं लिया गया उन्होंने इसके लिए जिम्मेदारों को गलत ठहराकर उनकी भूमिका पर सवाल उठाया है इनका कहना था कि कार्यालय में बैठे बैठे निर्देशों को अमलीजामा पहनाने वाले जवाबदार मैदानी हकीकत देखने नहीं आतें तभी तो स्कूलों का ये हाल हैं जिम्मेदारों की विसंगति का परिणाम है कि उनके बच्चे संसाधन से अभावग्रस्त सरकारी स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर रहें हैं ।और विभाग के जिम्मेदार कागज में सब बढ़िया बताकर अपनी पीठ खुद थपथपा रहें हैं।

**व्यवस्था बनाओ साहब** - अभिभावकों व स्थानीय नागरिकों का कहना हैं कि जिम्मेदारों की अनदेखा पक्ष के चलते समस्या बरकरार हैं। यघपि वह डर के साये में रहकर शिक्षा अध्ययन करने मजबूर हैं बावजूद इस ओर शाला प्रबंधन ध्यान नहीं दे रहा है, ऐसे में लगातार अव्यवस्थाओं का सामना कर रहें विघार्थियों का मन अब सरकारी स्कूलों में पढ़ने से कतराने लगा हैं यही वजह है कि इस स्कूल में प्रतिवर्ष दर्ज संख्या में कमी आ रही हैं ।बताया गया कि स्कूल परिसर के आसपास खासकर पीछे खेत की तरफ गंदगी का आलम हैं। वहां बरसाती झाड़ियां उग आई हैं इनमें विषैले जीव जंतुओं का होने का भय छात्रों को बना रहता हैं। बावजूद छात्र ऐसे खराब वातावरण के बीच अपना भविष्य संवार रहे हैं। बहरहाल अव्यवस्थाओं से त्रस्त होकर आखिरकार इस स्कूल के विघार्थियों ने शासन प्रशासन से मांग की हैं कि रनिंग वाटर की व्यवस्था के साथ शौचालय व पेशाबघर की नियमित साफ सफाई कराई जाएं ताकि संक्रमित बीमारियों से बचाव हो ।और हाइवे से स्कूल तक पहुंचने वाले कच्चे रास्ते में पानी भरने और कीचड़ की समस्या को भी दूर किया जाए।

## इनका कहना हैं

भवन जर्जर होने के बारे में उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया गया हैं, अधिक खस्ताहाल कक्षों में ताला लगा दिया गया हैं जबकि पास ही में छात्रावास के भवन में कक्षाएं संचालित कर रहे हैं।

**प्रभारी प्राचार्य मोल सिंह धुर्वे**

## नवागत अपर कलेक्टर ने संभाला पदभार



**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** सोमवार को नवागत अपर कलेक्टर जे.पी. यादव ने पदभार ग्रहण किया। श्री यादव 2014 बैच के राज्य प्रशासनिक सेवा अधिकारी हैं। श्री यादव इसके पूर्व मंडला जिले में पदस्थ रहे। पदभार ग्रहण के पश्चात उन्होंने जिले में प्रशासनिक कार्यों की प्राथमिकताओं पर चर्चा की और कहा कि वे आमजन की समस्याओं के निराकरण के लिए तत्परता से कार्य करेंगे। श्री यादव ने जिले के विकास कार्यों को गति देने एवं शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर देने की बात कही।

## जयसिंहनगर पुलिस द्वारा नाबालिग बालिका की दस्तयाबी

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** थाना जयसिंहनगर अंतर्गत अज्ञात व्यक्ति द्वारा 15 वर्षीय नाबालिग बालिका को बहला फुसलाकर भगा ले जाने की गुमशुदा रिपोर्ट परिजनों द्वारा दर्ज करायी गई थी। जिस पर जयसिंहनगर पुलिस द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जिसके उपरांत जयसिंहनगर पुलिस द्वारा परिजनों से महत्तवपूर्ण जानकारी इकट्ठा कर पतासाजी की गई एवं सूचना मिलने पर दस्तयाबी हेतु तत्काल रवाना हुए। नाबालिग बालिका को ग्राम सरवारी, थाना थाना जयसिंहगर शहडोल से दस्तयाब कर सही सलामत परिजनों को सुपुर्द किया।

## पुलिस द्वारा आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही अवैध शराब जप्त

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में छापेमारी की गई, जिसमें कुल 03 स्थानों पर दबिश दी गई। उक्त कार्रवाई में 18 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब जोकि बिक्री करने के प्रयोजन से, आरोपियों के कब्जे से जप्त की गई, उक्त मशरूका की कुल कीमत 1,800 रुपये है। सभी आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की गई।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में समय-सीमा बैठक सम्पन्न

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)



कलेक्टर की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समय-सीमा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले के समस्त विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहन समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए एवं योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक सही समय पर पहुंचे। उन्होंने अवैध परिवहन की गतिविधियों पर सख्त निगरानी रखने और कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मादक पदार्थों की रोकथाम हेतु स्थापित चेक पोस्ट की प्रभावशीलता की समीक्षा की गई और निगरानी मजबूत करने के निर्देश दिए। खनिज विभाग द्वारा अवैध खनन पर कार्यवाही की जानकारी ली। डुप्लिकेट और समय पर ई.केवाईसी से संबंधित प्रगति पर विभागीय समीक्षा की। पेंशन, समग्र रजिस्ट्रेशन, बीज, खाद वितरण जैसे जनकल्याणकारी योजनाओं में लंबित प्रकरणों को शीघ्र निपटाने के निर्देश दिए। और राजस्व एवं वन अधिकार पत्र से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सीएमओ नगर परिषद को सीएम हेल्पलाइन, ईकेवाइसी की प्रगति एवं लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार परिवहन अधिकारी डिंडौरी को सीएम हेल्पलाइन एवं नियमित रूप से यात्रीबसों में नियमित निरीक्षण, फिटनेस प्रमाण पत्र जांच कर चालानी कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने खनिज अधिकारी को अवैध उत्खनन, अवैध परिवहन, अवैध भंडारण एवं अन्य खनन से संबंधित प्रकरणों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने पीएचई कार्यपालन यंत्री अफजल इमाम उल्ला खान को सौंपे गए छात्रावास की जिम्मेदारी पूर्ण रूप से निर्वहन करने एवं छात्रावास में आवश्यकता के अनुसार कार्य करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने राजस्व प्रकरण का शीघ्र निराकरण करने हेतु एसडीएम, तहसीलदार को समय पर निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही साथ राजस्व वसूली पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने समस्त सीईओ को ई-केवाइसी, समग्र आईडी, आधार कार्ड, राहत प्रकरण, अतिवृष्टि/बाढ़ से हुई क्षति की राहत राशि, सर्पदंश के प्रकरण एवं पोर्टल इनरोलमेंट, फार्मर रजिस्ट्री, राजस्व वसूली की विस्तृत समीक्षा की गई। प्राप्त लक्ष्य की तुलना में कम कार्य करने वाले जनपद सीईओ पर कार्यवाही की जाएगी।

कलेक्टर ने समस्त कार्यालयों में ई-ऑफिस संचालित की समीक्षा की। उन्होंने पेंशन एवं अनुकंपा नियुक्ति की विस्तृत समीक्षा की। सीएम हेल्पलाइन पर उचित जवाब देने के निर्देश दिए। साथ ही कमिश्नर के लंबित प्रकरण एवं कृषि विभाग के लंबित प्रकरणों की जानकारी ली।

कलेक्टर ने संबंधित विभागों के लंबित कार्यवाही विवरण के पालन प्रतिवेदन समय पर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। और डिप्टी कलेक्टर को नियमित रूप से अवलोकन करने के निर्देश दिए। उन्होंने उद्यानिकी विभाग के अधिकारी लगातार मुख्यालय से अनुपस्थित पाए जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। जिसे उन्हें तीन दिवस में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी विभागों की संचालित ई-ऑफिस की कार्यप्रणाली पर विस्तृत चर्चा कर समीक्षा की। और जिन विभागों के द्वारा ई-ऑफिस अभी चालू नहीं किया गया उन्हें शीघ्र संचालित करने के निर्देश दिए।

# सहायक सांख्यिकी अधिकारी को दिया गया प्रशस्ति पत्र

बालाघाट(स्वतंत्र मत)



कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणो के निराकरण में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग राहुल नायक एवं सहायक सांख्यिकी अधिकारी चिरंजय मानेश्वर को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। उन्होंने अपेक्षा की कि ये अधिकारी भविष्य में भी इसी तरह से लगन एवं परिश्रम के साथ कार्य कर जिले को अग्रणी स्थान दिलाएंगे। सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणो के निराकरण की माह जून 2025 की ग्रेडिंग में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ के प्रयासो से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग बालाघाट को 88.72 प्रतिशत उपलब्धि के साथ प्रदेश में 13वीं रैंक हासिल हुई है। इसी प्रकार सहायक आयुक्त एवं संयुक्त कलेक्टर राहुल नायक के प्रयासो से अनुसूचित जाति विभाग बालाघाट को राज्य स्तर पर 86.37 प्रतिशत उपलब्धि के साथ प्रदेश में चतुर्थ एवं अनुसूचित जनजातीय कार्य विभाग बालाघाट को 84.45 प्रतिशत उपलब्धि के साथ प्रदेश में 8वीं रैंक प्राप्त हुई है। सहायक सांख्यिकी अधिकारी चिरंजय मानेश्वर के प्रयासो से योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी विभाग की रैंकिंग में 90.89 प्रतिशत उपलब्धि के साथ बालाघाट जिले को प्रदेश में 12वीं रैंक हासिल हुई है। कलेक्टर श्री मीना ने इन अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर शुभकामना दी।

## संलग्नीकरण पर रोक के आदेश बेअसर, खत्म करने के निर्देश ठंडे बस्ते में

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** मध्यप्रदेश के डिंडौरी जिले में बेहतर शिक्षा व्यवस्था और शिक्षकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग भोपाल ने संलग्नीकरण (अटैचमेंट) व्यवस्था पूरी तरह समाप्त करने के आदेश जारी किए थे। आदेश के बाद कलेक्टर डिंडौरी ने भी समय-सीमा बैठक में संबंधित विभागों को पालन प्रतिवेदन कार्यालय में जमा करने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद सर्व शिक्षा अभियान, जिला शिक्षा केंद्र डिंडौरी में आधे से अधिक जनशिक्षक, बीएसी और बीआरसी अब भी संलग्न हैं। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा था कि रिक्त पदों की पूर्ति प्रतिनियुक्ति के माध्यम से की जाए, ताकि संलग्न शिक्षकों के स्थान पर अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति संभव हो सके। लेकिन संलग्नीकरण का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। इतना ही नहीं, आयुक्त एवं कलेक्टर ने संलग्न शिक्षकों के वेतन आहरण पर रोक लगाने और उनके मूल पदस्थ संस्था से ही वेतन आहरण करने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद आदेशों की अनदेखी करते हुए संलग्न शिक्षकों का वेतन जारी किया जा रहा है। इस लापरवाही से संलग्न शिक्षकों के हौसले और भी बुलंद हैं। लोगों का कहना है कि संलग्नीकरण और वेतन आहरण में शामिल अधिकारियों पर ठोस कार्रवाई की जाए, ताकि शासन के आदेशों का सख्ती से पालन हो और संलग्नीकरण व्यवस्था पूरी तरह समाप्त हो सके।

## विद्यार्थियों ने लिखा देश के वीर सैनिको के नाम पत्र



**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के मार्गदर्शन में जिले में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इस अभियान में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, समाजसेवी, पत्रकारबंधु, युवा, शिक्षक, विद्यार्थी व आम जनमानस उत्साहपूर्वक सहभागिता निभा रहे है। हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत शासकीय आवासीय विद्यालय विचारपुर के विद्यार्थियों ने देश के वीर सैनिकों के नाम भावपूर्ण पत्र लिखे। इन पत्रों के माध्यम से विद्यार्थियों ने सैनिकों के प्रति सम्मान, कृतज्ञता और देशभक्ति की भावना व्यक्त की। देश के वीर सैनिको को पत्र लिखने का उददेश्य विद्यार्थियों में देशप्रेम की भावना को प्रोत्साहित करना और स्वच्छता व राष्ट्रध्वज के महत्व के प्रति जागरूक करना है।

# कलेक्टर ने सी.एम. हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतो का संतुष्टिपूर्वक निराकरण करने के दिए निर्देश

शहडोल (स्वतंत्रमत)




कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में समयावधि पत्रो की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान विभागीय अधिकारियो को निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतो का निराकरण संतुष्टिपूर्वक कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण हेतु मैदानी अमले को भी दायित्व सौंपे तथा जिला प्रमुख अधिकारी शिकायतो के निराकरण की स्थिति की मॉनीटरिंग करें। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत समय-सीमा में दी जाने वाली सेवाओं का निराकरण समय-सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से किया जाए। इसी तरह आपने अन्य विभागों के अधिकारियों जहां लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत सिटिजन चार्टर लागू है तथा समय-सीमा के भीतर सेवाएं प्रदाय की जानी है को निर्देश दिए कि संबंधित विभाग समय-सीमा के भीतर सेवाएं प्रदान करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने महिला बाल विकास विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, ऊर्जा विभाग सहित अन्य विभागों में सीएम हेल्पलाइन के लंबित शिकायतो के निराकरण की स्थिति की जानकारी ली तथा निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अरविंद शाह, डिप्टी कलेक्टर ज्योति परस्ते, भागीरथी लहरे, अन्तोनिआ एक्का, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुद्रिका सिंह सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# पवित्र नगरी अमरकंटक में देशभक्ति का संदेश देने तिरंगा रैली तथा हर घर स्वच्छता का हुआ आयोजन

शहडोल (स्वतंत्रमत)



हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के तहत पवित्र नगरी अमरकंटक में राष्ट्रभक्ति से प्रेरित तिरंगा रैली का आयोजन शहडोल संभाग की कमिश्नर सुरभि गुप्ता, कलेक्टर हर्षल पंचोली, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, एसडीएम पुष्पराजगढ़ वसीम अहमद भट, नगर परिषद अमरकंटक की अध्यक्ष पार्वती सिंह, जिला स्तरीय दिशा समिति के सदस्य हीरा सिंह श्याम के नेतृत्व में किया गया। जिसमें जनजातीय कार्य विभाग के क्षेत्र संयोजक एस.के. बाजपेयी, महिला बाल विकास विभाग की सहायक संचालक मंजूषा शर्मा, नगर परिषद अमरकंटक के मुख्य नगरपालिका अधिकारी चौन सिंह परस्ते, उपयंत्री बृजेश पाण्डेय, स्थानीय जनप्रतिनिधि, पार्षद, पत्रकार, शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, जनअभियान परिषद के स्वयंसेवकों, स्थानीय नागरिकों ने सहभागिता की। तिरंगा यात्रा में शामिल सभी लोग हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय तथा देशभक्ति नारे लगाते हुए जनजागरूकता का संदेश दिए। तिरंगा रैली नगर परिषद कार्यालय मेला ग्राउण्ड अमरकंटक से प्रारंभ होकर मां नर्मदा उद्गम मंदिर, रामघाट होते हुए पण्डित दीनदयाल चौक में समाप्त हुई। जहां तिरंगा शपथ का कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा हर घर स्वच्छता के संबंध में अपील की गई। हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के तहत अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों ने मां नर्मदा उद्गम परिसर में स्वच्छता अभियान में भाग लिया तथा मंदिर प्रांगण क्षेत्र की साफ-सफाई की। जिसमें जनअभियान परिषद के स्वयंसेवकों, नागरिकों तथा छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ सहभागिता निभाई गई। हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के तहत पवित्र नगरी अमरकंटक में निकाली गई हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता जनजागरूकता रैली के तहत अमरकंटक के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों पर देशभक्ति पर केन्द्रित रंगोली बनाई गई थी, जो आकर्षण का केन्द्र रही। कार्यक्रम में स्थानीय आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरकंटक, कल्याणिका विद्यालय अमरकंटक, सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय अमरकंटक तथा नवोदय विद्यालय अमरकंटक के छात्र-छात्राओं ने सहभागिता निभाई। हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान अंतर्गत पवित्र नगरी अमरकंटक में निकाली गई हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता जनजागरूकता रैली का अमरकंटक स्थित मृत्युंजय आश्रम के समीप संत समाज द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकाली गई विशाल तिरंगा रैली

## पुलिस बैंड दल की प्रस्तुति, कलेक्टर-एसपी ने लिया रैली में भाग





**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जिले में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सवए स्वच्छता के संगष् अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत सोमवार को पुलिस विभाग द्वारा पुलिस बैंड दल के साथ एक विशाल तिरंगा रैली का आयोजन किया। तिरंगा रैली पुलिस परेड ग्राउंड से घंटाघर, नौदरा ब्रिज, रसल चौक होते हुए भंवरताल गार्डन पहुंची। जहां कलेक्टर दीपक सक्सेना और पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय सहित पुलिस के अधिकारियों ने रैली का भव्यक स्वागत किया और शहर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संगश् के थीम को प्रोत्साहित किया। इस तिरंगा रैली में पुलिस के साथ-साथ एनसीसी के विद्यार्थियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

### विद्यालयों में उत्साहपूर्वक निकाली गई तिरंगा रैली

शासन से प्राप्त निर्देशानुसार जिले में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत सोमवार को जिले के विभिन्न विद्यालयों में विद्यार्थियों और शिक्षकों द्वारा तिरंगा रैली निकालकर स्वंतत्रता के उत्सव के संबंध में लोगों को जागरूक किया गया। विद्यार्थियों ने हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग के संबंध में उत्साहपूर्वक नारे भी लगाये।

मुख्य रूप से विकासखंड शहपुरा के शासकीय उच्च तर माध्यमिक विद्यालय बिजौरी, जबलपुर ग्रामीण क्षेत्र के शासकीय माध्यसमिक शाला भड़पुरा, शासकीय उच्चयतर माध्यामिक विद्यालय कालादेही, सिहोरा विकासखंड के गुनह, मोहसाम, जबलपुर में पीएम श्री रानी दुर्गावती शासकीय कन्या, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गंगा नगर गढ़ा, पनागर विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोनपुर, कुंडम विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला पडरिया, पाटन विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला लोहारी, सांदीपनि विद्यालय मेडिकल जबलपुर में विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक तिरंगा यात्रा में भाग लिया तथा स्वसतंत्रता के उत्सव और स्व्च्छता के संदेश के संबंध में लोगों को बताया।



# तालाब में डूबने से दो मासूम भाईयों की मौत

### मझगवां थाना क्षेत्र की घटना, जांच में जुटी पुलिस

सिहोरा (स्वतंत्र मत)।

रक्षाबंधन पर्व मनाने के ननिहाल आए दो भाइयों की पानी में डूबने से मौत हो गई। दरअसल 2 दो सगी बहनें मझगवां के ग्राम सरोली स्थित अपने मायके पहुंची थी । रविवार की दोपहर काजलिया बनाने के बाद दोनों बहने ससुराल लौटने की तैयारी में थी। इसी बीच उनके 8-8 वर्ष के बेटे खेलते खेलते तालाब के पास पहुंचे और पानी में डूब गए। ग्रामीणों ने उन्हें तालाब में निकाला और अस्पताल लेकर पहुंचे जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया सूचना मिलने पर पुलिस ने सोमवार को मर्ग कायम कर शवों के पीएम करवाकर परिजनों को सौंपा।

### खेलते-खेलते पहुंचे तालाब

जानकारी के मुताबिक सरोली निवासी कालू कोल की बेटी मझगवां निवासी संध्या अपने बेटे देव कोल उम्र 8 वर्ष हुआ उसकी सगी बहन ग्राम तिलमन निवासी रानू अपने 8 वर्षीय बेटे आशिक कोल को लेकर रक्षाबंधन पर मनाने सरोली आई हुई थी। रविवार दोपहर बच्चे खेलते खेलते तालाब के पास पहुंच गए और डूबने के कारण की मौत हो गई। ग्रामीणों ने तालाब से उन्हें निकाला और अस्पताल लेकर पहुंचे जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं परिजनों का रो-रोकर हाल है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# प्रशासनिक कामकाज ठप्प होने से जनता परेशान : उपभोक्ता मंच

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** राजस्व अधिकारियों की न्यायिक और गैर-न्यायिक दो वर्गो में विभाजन कर कार्य करने हेतु प्रदेश के 9 जिले धार, भिंड, खरगौन, बालाघाट, मंदसौर, देवास, कटनी, मंडला, रीवा में इस व्यवस्था का क्या परिणाम होता है यह देखने हेतु पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया गया है। लेकिन मध्यप्रदेश के समुचे तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार इसका विरोध करते हुए विभाजन की इस योजना के पूर्ण रूप से वापस नहीं तक समस्त कार्यो से विरत रहने का निर्णय लिया है। यह निर्णय जनहित के खिलाफ है। अत: नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने तहसीलदार तथा नायब तहसीलदारों के मध्यप्रदेश राजस्व अधिकारी संघ को अपील की है कि वे अपना निर्णय तत्काल रूप से वापस लें। मंच के डॉ. पीजी नाजपांडे तथा रजत भार्गव ने मुख्य सचिव मप्र. शासन को पत्र भेजकर इस हडताल के संबंध में तत्काल निर्णय लें यह निवेदन किया है। निवेदन में बताया गया है कि इस हडताल से प्रशासनिक कामकाज पूरी तरह से ठप्प हो गया है। आय, मूल निवासी, जाति प्रमाण पत्र तो बनना ही बंद हो गया है। लोकसेवा केन्द्र में आवेदन जमा करने के उपरांत बात जनता प्रमाण पत्र पाने रोजाना चक्कर लगा रही है। ऐसे में पूरे प्रदेश भर में अव्यवस्था फैली हुई है।

### कुएं में गिरने से महिला की मौत

जबलपुर । बरगी थाने में खेम सिंह उइके उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम परासिया ने सूचना देकर बताया कि वह रेंगाझोरी चला गया था बच्चे बाहर अपने अपने काम से चले गये थे । घर पर पत्नी श्रीमती नर्बद बाई उइके उम्र 50 वर्ष अकेली थी जब हम लोग घर वापस आने पर पत्नी घर में नहीं थी, पत्नी की तलाश किये नहीं मिली। सुबह लगभग 8 बजे घर के पास बने कुआ में देखा पत्नी नर्बद बाई पानी में डूबी हुयी थी, उसकी पत्नी नर्बद बाई कुआं के पास लगी घास को उखाड़ रही थी घास उखड़ा पड़ा है । घास उखाड़ते समय फिसल जाने से कुआं के पानी मे डूब जाने से पत्नी की मृत्यु हो गयी है। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

जबलपुर । शहपुरा थाने में बुधराज सिंह चौधरी निवासी बरेहटा थाना गोटेगांव जिला नरसिंहपुर वर्तमान पता पुलिस कटनी ने सूचना दी कि वह थाना कोतवाली जिला कटनी में आरक्षक के पद पर पदस्थ है। उसका बेटा धीरज चौधरी उम्र 20 मोटरसाइकिल से रक्षाबंधन के त्यौहार में गया था । उसे फोन पर सूचना मिली कि धीरज का शहपुरा एचपी पेट्रोल पम्प के पास एक्सीडेण्ट हो गया जिसे उपचार हेतु एम्बुलेंस से शहपुरा अस्पताल भेज रहे हैं। सूचना मिलने पर शासकीय अस्पताल पहुंचा डाक्टर ने चैक कर उसके बेटे धीरज को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

### पेट दर्द से परेशान युवक की मौत

**जबलपुर ।** तिलवारा थाने में गनेश यादव उम्र 35 वर्ष निवासी रामपुर नकटिया ने सूचना दी कि उसका छोटा भाई दिनेश यादव उम्र 30 वर्ष को पेट में दर्द हो रहा था। जिसे उपचार हेतु बिलेहरी में डाक्टर को दिखाये थे, भाई को पूर्व से पेट में दर्द रहता था। दिनेश शराब पीने का आदि था। जिसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भिजवाते हुए जांच में लिया है।

### मंदिर के पास से बाइक चोरी

**जबलपुर।** गोराबाजार थाना क्षेत्र के बिलहरी स्थित छोटे हनुमान मंदिर के पास सोमवार तड़के बाइक चोरी की घटना घटित हुई, पूरी घटना पास ही लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जानकारी के अनुसार दिव्यांक पूजन सामग्री दुकान के बाहर खड़ी दिनेश पासी की बाइक को सुबह करीब 5 बजे तीन चोर ले उड़े। पीड़ित दिनेश पासी ने सुबह उठकर देखा तो दुकान के बाहर से उनकी बाइक गायब थी। इसके बाद सीसीटीवी फुटेज देखने पर सामने आया कि तीन युवक बाईक चोरी करते हुए नजर आ रहे हैं। फुटेज में एक आरोपी को बाइक का ताला तोड़ते और फिर तीनों को बाइक लेकर मौके से फरार होते साफदेखा गया। शिकायत पर गोराबाजार पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

# स्वाथ्य शिविर में हुआ बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण



**जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ जबलपुर महानगर द्वारा सेंट्रल जेल में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ अश्वनी कुमार त्रिवेदी के नेतृत्व में स्वास्थ्य शिविर में 10 अलग-अलग विधाओं के डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं देकर उपस्थित सभी बिंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवाइयां वितरित की गई। विशेष रूप से पोर्टेबल डेंटल यूनिट के माध्यम से दांतों में फीलिंग व सफाई एव दाँत निकले गए। शिविर में 412 बंदियों के स्वस्थ परीक्षण हुआ। स्वास्थ्य शिविर में मुख्य रूप से जेल अधीक्षक अखिलेश तोमर व उप जेल अधीक्षक कमलेश मदन का विशेष सहयोग रहा। शिविर में डॉ विवेक जैन, डॉ हर्ष रेड्डी, डॉ नुरी खान, डॉ अंजलि खंडेलवाल, डॉ नीलांजना सिंघई, डॉ आशिमा शर्मा, डॉ रोहित चौरसिया, डॉ सचिन बुधौलिया, डॉ श्रीकांत साहू, डॉ अमरेश पांडे, डॉ आशुतोष पाठक, डॉ शबनम साकेत, डॉ मेघा रैवकवारए नेत्र रोग विशेषज्ञ सेंटर फॉर आईसाइट की टीम, डॉ आशीष वर्मा आदि चिकित्सकों व सहायक प्रमोद गोल्हानी, करण बर्मन, जमुना यादव, ताहिर खान एवं रामू ने अपनी सेवाएं दीं। अखिल भारतवर्ष दिगंबर जैन महिला परिषद गोल बाजार शाखा से उपस्थित महिलाओं ने परिषद की तरफ से स्वास्थ्य शिविर मैं उपस्थित सभी चिकित्सकों का का स्वागत किया। महिला परिषद से संभागीय अध्यक्ष सविता जैन, अध्यक्ष श्रीमती प्राची जैन मोना जैन, निधि जैन रश्मि पारस, शैलजा जैन, संगीता सिंघाई, प्रियंका जैन, सोनम जैन, इंदिरा जैन उपस्थित थे।

# मप्र हाईकोर्ट ने विमानन कंपनियों को लगाई फटकार

### शपथ पत्र के साथ मांगा जवाब




जबलपुर। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने कहा कि क्यों न जबलपुर एयरपोर्ट बंद कर दिया जाए। उच्च न्यायालय ने विमानन कंपनियों को जमकर फटकार भी लगाई। साथ ही तीन बिंदुओं पर शपथ पत्र के साथ जवाब पेश करने के निर्देश दिए हैं। जानकारी अनुसार एमपी हाईकोर्ट में जबलपुर एयरपोर्ट से पुअर एयर कनेक्टिविटी को लेकर सुनवाई हुई। इसे लेकर कोर्ट ने विमानन कंपनियों को फटकार लगाई। हाईकोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि क्यों न जबलपुर एयरपोर्ट बंद कर दिया जाए। उच्च न्यायालय ने कहा कि विमान कंपनी पूरा कमर्शियल डाटा प्रस्तुत करें।

इसके साथ ही तीन बिंदुओं पर शपथ पत्र के साथ जवाब पेश करने के निर्देश दिए हैं।वहीं हाईकोर्ट ने एडिशनल चीफ सेक्रेटरी मध्य प्रदेश शासन एविएशन विभाग से भी शपथ पत्र में जवाब मांगा है। बता दें कि जबलपुर से महज पांच फ्लाइट ही उड़ान भर रही है। हाल ही में करीब 400 करोड़ की राशि से डुमना एयरपोर्ट का विस्तारीकरण हुआ है। विस्तारीकरण के बाद भी हालत जस की तस है, बल्कि पहले से और भी उड़ान अब कम हो गई। हाईकोर्ट में अब इस पूरे मामले की अगली सुनवाई 28 अगस्त को होगी।

### सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

**जबलपुर ।** सुप्रीम कोर्ट की सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष एवं सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति अभय मनोहर सप्रे द्वारा जीवन की सुरक्षा के लिए दिये गये निर्देशों के परिपालन में सोमवार को कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यिक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधायक सिहोरा संतोष बरकड़े, पेट्रोल पम्प संचालक, शहर के नागरिक तथा पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में जीवन की सुरक्षा को लेकर सड़क सुरक्षा और यातायात व्ययवस्थाा को लेकर गहन चर्चा की गई और इसे प्रभावी रूप से लागू करने के सुझाव भी लिये गये। जिसमें सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कहा गया कि सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ पालन कराना जरूरी है।

# सहायक शिक्षकों को दिया जाए 5400 का ग्रेड पे

जबलपुर।

मप्र जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि प्रदेश के सहायक शिक्षकों को 30 वर्ष की सेवा पूंर्ण करने के पश्चात 4200 रूपये का ग्रेड पे दिया जा रहा है जबकि उन्हे 5400 रूपये का ग्रेड पे दिया जाना चाहिए। वहीं जो उच्चश्रेंणी शिक्षक से भर्ती हुए हैं उन्हे 6600रू का ग्रेड पे 30 वर्ष की सेवा पूंर्ण करने पर दिया जाता है। जबकि सहायक शिक्षकों एवं उच्चश्रेंणी शिक्षकों में सिर्फएक पद का अंतर है तो फिर ग्रेड पे में इतना भारी अंतर क्यों। ग्रेड पे में इतना भारी अंतर होने से प्रदेश के हजारों सहायक शिक्षकों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। इन अनिमित्ताओ की वजह से सहायक शिक्षकों में रोष बना हुआ है।संघ ने आगे बताया कि जहां सहायक शिक्षकों को 30 वर्ष की सेवा पश्चात 5400 रूपये का ग्रेड पे नहीं मिल पा रहा, वहीं जो सहायक शिक्षक पदोन्नत होकर उच्चश्रेंणी शिक्षक बने हैं उन्हे भी इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। यह सहायक शिक्षकों एवं सहायक शिक्षकों से उच्चश्रेंणी शिक्षक पर पदोन्नत शिक्षकों के साथ घोर अन्याय है अत: शासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए। यदि शासन द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो सहायक शिक्षक माननीय न्यायालय की शरण लेंगे।

# ट्रेन में यात्रियों से लूटपाट करने से पहले पकड़े गए बदमाश

### जीआरपी पुलिस की कार्यवाही, देशी कट्टा और चोरी के मोबाइल बरामद

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।



स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर जबलपुर रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। इसी कड़ी में सघन सुरक्षा जांच के दौरान जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त टीम ने तीन शातिर बदमाशों को पकड़ा है। इन अपराधियों के पास से एक देसी कट्टा और तीन चोरी के महंगे मोबाइल फोन बरामद किए हैं। बरामद सामान की कुल कीमत 60,000 रुपए से अधिक है। दरअसल रेल एसपी सिमाला प्रसाद के निर्देश पर स्टेशन परिसर में लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को अभियान के दौरान टीम की नजर तीन संदिग्ध युवकों पर पड़ी। उनकी हरकतें देखकर पुलिस को शक हुआ। जब पुलिस ने उन्हें रोककर तलाशी ली तो बड़ा खुलासा हुआ।

### गैंग में नाबालिग भी शामिल

तलाशी में 20 वर्षीय नितिन गौतम उर्फ अंशु निवासी धनवाही उमरिया के पास से 5,000 रुपए कीमत का एक देसी कट्टा बरामद हुआ।

उसके दो अन्य साथी 20 वर्षीय कृष्णा लोनी निवासी काईधाम उमरिया और एक नाबालिग के पास से तीन अलग-अलग कंपनियों के चोरी के मोबाइल मिले। इन मोबाइल की कीमत करीब 55,000 रुपए बताई जा रही है। जीआरपी की एसआई संजीवनी उपाध्याय ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि ये बदमाश यात्रियों को निशाना बनाने की योजना बना रहे थे। पुलिस ने तीनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही है ताकि उनके आपराधिक नेटवर्क और पुराने मामलों का पता लगाया जा सके। जीआरपी और आरपीएफ की टीम ने समय रहते कार्रवाई कर संभावित बड़ी वारदात को टाल दिया। पुलिस को संदेह है कि इन बदमाशों का संबंध प्रदेश के अन्य जिलों में सक्रिय अपराधी गिरोहों से भी हो सकता है। आरोपियों से आने वाले दिनों में पूछताछ से और खुलासे होने की उम्मीद है।

# पमरे ने कमाया 2951 करोड़ रूपए का ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय के द्वारा विभिन्न बैठकों में समय-समय पर पश्चिम मध्य रेलवे की ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू बढ़ाने के निर्देश दिए जाते हैं। इसी कड़ी में प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक एवं प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक के निर्देशन में वाणिज्य/परिचालन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा कार्य करते हुए जबलपुर, भोपाल एवं कोटा तीनों मण्डलों में रेल राजस्व बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास भी किये जा रहे हैं। जिसके चलते चालू वित्तीय वर्ष के अप्रैल से जुलाई तक पश्चिम मध्य रेल ने कुल रुपये 2951 करोड़ 13 लाख का ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू अर्जित किया, जो गत वर्ष इसी अवधि की तुलना में 2778 करोड़ 05 लाख ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू अर्जित किया है। यह ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू 6.23 प्रतिशत वृद्धि को दर्शता है। ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू पर मद वाइस आय पर नजर डालें तो यात्री यातायात से रुपये 843 करोड़ 34 लाख, माल यातायात से रुपये 1953 करोड़ 07 लाख, अन्य कोचिंग मद में रुपये 60 करोड़ 55 लाख एवं विविध आय यानि संड्री से रुपये 94 करोड 17 लाख का रेलवे राजस्व प्राप्त किया है।


## कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)

**लोककर्म विभाग**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार/मान्यता प्राप्त फर्म से निम्नलिखि कार्यों के लिए ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का विवरण | कार्य की समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_ 442522_1 PRO-422 दिनांक 11/8/2025 | अम्बेडकर वार्ड अन्तर्गत झण्डा चौक साहू किराना से पोडर लिटिल स्कूल तक छतिग्रस्त सड़क का मार्ग का डामलीकरण का कार्य। पंचम निविदा | 2 माह 5.59 लाख | 2000/- 5590/- | 25-08-2025 |
| 2 | 2025_UAD_ 442522_2 PRO-422 दिनांक 11/8/2025 | अम्बेडकर वार्ड अन्तर्गत साई मंदिर के समीप से जुगल किशोर चौकसे के निवास स्थान तक बाउन्ड्रीवॉल का निर्माण कार्य । ( अध्यक्ष अनुशंसा ) चर्तुथ निविदा | 2 माह 10.20 लाख | 2000/- 7650/- | 25-08-2025 |
| 3 | 2025_UAD_ 442522_3 PRO-422 दिनांक 11/8/2025 | शहीद भगत सिंह वार्ड अन्तर्गत विभिन्न स्थलो नाली, पुलिया सड़क एवं पेवर ब्लाक का कार्य (पार्षद अनुशंसा) चतुर्थ निविदा | 2 माह 5.04 लाख | 2000/- 5040/- | 25-08-2025 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकापन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in की वेवसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से सामचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री, नगर निगम, जबलपुर

# बाघ के मामले में सड़क पर उतरा आदिवासी समाज

## श्रमिकों की रिहाई नहीं हुई तो कलेक्ट्रेट कार्यालय का घेराव कर आंदोलन की दी चेतावनी

बालाघाट(स्वतंत्र मत)

सोनेवानी कंजर्वेशन रिजर्व में वर्षा के दौरान बाढ़ बहकर आई मृत बाघिन के शव को डिप्टी रेंजर टीकाराम हनोते और वनरक्षक हिमांशु घोरमारे के कहने पर छह सुरक्षा श्रमिकों ने मिलकर बिना प्रोटोकाल के ही जला दिया। स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स जबलपुर छह सुरक्षा श्रमिकों को रिमांड पर लेकर साक्ष्य जुटाने का प्रयास कर रही हैं, बताया जा रहा हैं कि छह सुरक्षा श्रमिकों को जेल भेज दिया गया हैं। लेकिन अब भी डिप्टी रेंजर और वनरक्षक फरार बताए जा रहें हैं। इसी मामले में आदिवासी समाज संगठन ने वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को बाघ की मौत का जिम्मेदार ठहराते हुए उन पर वैधानिक कार्यवाही किए जाने की मांग की है। वहीं उन्होंने सभी सुरक्षाकर्मी, श्रमिकों को निर्दोष बताते हुए तत्काल उनकी रिहाई किए जाने की मांग की है, इसी मांग को लेकर सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में ज्ञापन सौपा गया है। इधर, बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे ने वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो दिल्ली(डब्ल्यूसीसीबी) को ज्ञापन सौंपकर जांच की मांग की हैं। बाघ की






संदेहास्पद मौत और उसे बिना प्रोटोकॉल के जलाने की जानकारी उपरांत विधायक अनुभा मुंजारे के द्वारा विधानसभा पटल के माध्यम से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की सरकार का ध्यानाकर्षण करवाया, इसके बाद पुनः वन विभाग प्रधान मुख्य वन सरंक्षण एवं वन बल प्रमुख व्ही. एन. अम्बाडे को लिखत पत्र सौंपकर संपूर्ण जानकारी से अवगत करवाते हुए कहा कि वन विभाग के छोटे कर्मचारियों पर बिना जांच किए आरोपी बनाया गया जो गैर जिम्मेदारना रवैया। वहीं इसी मालमे को लेकर वन विभाग भोपाल डब्ल्युसीसीबी (वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो) एडिशनल पीसीसीएफ ए.एल. कृष्णमूर्ति को बाघ की मौत के मामले में लिखित पत्र सौंपकर संपूर्ण जांच करवाकर दोषी आधिकारियों पर कार्यवाही किए जाने की मांग की। मध्य प्रदेश आदिवासी विकास परिषद के बैनर तले रैली निकाल, जमकर नारेबाजी कर सौपे गए इस ज्ञापन में परिषद व सामाजिक बन्धुओ ने प्रशासन को 11 दिनों के भीतर समाज के वन श्रमिकों व सुरक्षाकर्मियों हरिलाल, शिवकुमार, शैलेष, अनुज, मानसिंह और देवसिंह को रिहा करने और डीएफओ व सीसीएफ स्तर तक के अधिकारियों पर वैधानिक कार्यवाही किए जाने की मांग की है। जिन्होंने उक्त समय सीमा पर मांग पूरी न होने पर कलेक्ट्रेट कार्यालय का घेराव कर उग्र आंदोलन किए जाने की चेतावनी भी दी है। सोनेवानी अभ्यारण्य में बाघ की रहस्यमय मौत और शव को बिना प्रोटोकॉल के वन अधिकारियों के निर्देश पर 6 आदिवासी सुरक्षा श्रमिको के जला देने का मामला अब सामाजिक आंदोलन में बदल गया है। आदिवासी समाज का आरोप है कि, इसके पूर्व भी सुरक्षा श्रमिको के आदिवासी होने के कारण, परिक्षेत्र प्रभारी छत्रपालसिंह जादौन ने उन्हें जातिगत भेदभाव के तहत फंसाया हैं। जबकि इस मामले में भी श्रमिकों ने वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश का पालन किया था। यदि वह निर्देश का पालन नहीं करते तो उन्हें काम से बंद कर दिया जाता। जिससे, उनकी रोजी-रोटी पर संकट खड़ा हो जाता। जिसके कारण, उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश का पालन किया है।इसमे असली दोषी वरिष्ठ व उच्चाधिकारी है।जिनपर कार्यवाही कर निर्दोषों को रिहा करना चाहिए। मध्य प्रदेश आदिवासी विकास परिषद जिला अध्यक्ष दिनेश धुर्वे ने बताया कि बाघ की मौत वाले मामले में हमारे समाज के सुरक्षाकर्मियों, श्रमिकों को गिरफ्तार किया गया हैं। उन्हें विभाग ने जिस तरह के आदेश किया उस आदेशों का उन्होंने पालन किया और विभाग ने उन्हें ही बाघ की मौत का जिम्मेदार बना दिया। वहीं विभाग के डिप्टी रेंजर, वनरक्षक अब भी फरार है। जिन्हें पुलिस ने अब तक ढूंढ नहीं पाई हैं। हम चाहते हैं कि इस मामले की निष्पक्ष जांच की जाए और दोषी अधिकारियों पर कार्यवाही की जाए। अपनी इसी मांग को लेकर हमने 11 दिनों के अल्टीमेटम के साथ ज्ञापन सौपा हैं, यदि मांग पूरी नहीं होती और श्रमिकों की रिहाई नहीं होती तो कलेक्ट्रेट कार्यालय का घेराव कर आंदोलन किया जाएगा।

## बैहर में निकाली गई तिरंगा रैली स्वच्छता का दिया गया संदेश

**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत 11 अगस्त को नगर परिषद बैहर द्वारा तिरंगा रैली निकाली गई और नागरिको को स्वच्छता का संदेश दिया गया। बैहर एसडीएम श्री अर्पित गुप्ता के नेतृत्व में निकाली गई तिरंगा रैली में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती यशवंती गुड्डा मरकाम, उपाध्यक्ष श्री सुनिल कुमार धुर्वे, नगर परिषद के पार्षद, गणमान्य नागरिक, नगर परिषद के समस्त कर्मचारी एवं छात्र छात्रा शामिल हुए। यह रैली नगर परिषद कार्यालय परिसर से प्रारंभ कर बस स्टैंड बैहर तक निकाली गई। इस रैली के दौरान नागरिको से कहा गया कि अपने घरो एवं सार्वजनिक स्थलों में गंदगी न फैलने दे और स्वच्छता बनाए रखे।



## मधुमक्खियों के हमले में घायल महिला की मौत

बालाघाट(स्वतंत्र मत)

रामपायली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम चिखलागांव में खेत से लगे जंगल में बकरियां चराने गई नंद भावज पर मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर उन्हें घायल कर दिया। जिसमें से एक महिला की सोमवार कि अल सुबह उपचार के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई। तो वही मधुमक्खियों के हमले में घायल दूसरी महिला का वारासिवनी के सिविल अस्पताल में उपचार जारी है। मृतक महिला का नाम ग्राम चिखलाबांध निवासी 50 वर्षीय गीता पति ओमप्रकाश मेश्राम बताया गया है। जिसके शव का पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार के लिए शव उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया है। जानकारी के अनुसार, रोजाना की तरह रविवार को भी गीता मेश्राम अपनी 45 वर्षीय नंद सरिता पति सुरेश डोंगरे के साथ बकरियों को खेत की तरफ चराने के लिए गई थी। दोपहर करीब 12 से 1 बजे के दरमियान नंद भौजाई दोनो खेत से लगे जंगल के पास बकरियां चरा रही थी, तभी मधुमक्खियों के



झुंड ने उन पर हमला कर दिया। जहां मधुमक्खियों के हमले से नंद भावज दोनों गंभीर रूप से घायल हो गई और जंगल में ही बेहोश हो गई थी। जहां उनके परिजनों द्वारा दोनों महिलाओं को उपचार के लिए वारासिवनी के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां गंभीर रूप से घायल गीता मेश्राम का बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रिफर कर दिया था। जिसका अब भी वारासिवनी के सिविल अस्पताल में उपचार जारी है। उधर, महिला की मौत की जानकारी मिलने पर अस्पताल चौकी पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज कर अन्य आवश्यक कार्यवाही पूरी की। वहीं शव को अपने कब्जे में लेकर मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया।

## सहकारी समिति कर्मचारियों ने निकाली विरोध आक्रोशित रैली




बालाघाट(स्वतंत्र मत)

मध्यप्रदेश सहकारिता समिति कर्मचारी महासंघ द्वारा अपनी लंबित मांगों को लेकर प्रांतीय आव्हान पर सोमवार को मुख्यमंत्री व सहकारिता मंत्री के नाम कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया है। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि सहकारी समिति कर्मचारियों द्वारा वर्ष 2008 से लगातार अपनी मांगों को लेकर संघर्ष किया जा रहा है। लेकिन शासन द्वारा मांगों पर अमल नहीं किया जा रहा है। किसानों को खाद की समस्या न हो इसे ध्यान में रखते हुये रोपाई के समय सहकारी समिति के कर्मचारियों द्वारा काम बंद हड़ताल नहीं किया गया है। उन्होंने शासन को चेतावनी दी है कि 21 अगस्त तक हमारी मांगों को पूर्ण नहीं किया गया तो 22 अगस्त को जिले के सभी 126 सहकारी समितियों में ताला बंदी कर हड़ताल की जावेगी। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। सहकारी कर्मचारियों ने अपनी मांगों के संबंध में बताया कि कर्मचारियों का जिला बैंकों में चयन आज तक नहीं हुआ है जिससे तत्काल चयन किया जाए। अक्टूबर 2023 से प्रति विक्रेता 18 माह का 54 हजार जो महज 18 जिलों को मिला है व 34 जिलों में अभी तक भुगतान नहीं किया गया है, इन जिलों को शीघ्र भुगतान कराया जाए।

## भीषण सड़क हादसे में दो की मौके पर मौत



उमरिया

जिले के अमरपुर थाना चौकी अंतर्गत सोमवार की सुबह भदार नदी पुल के समीप बड़ा हादसा हुआ है,जिसमे दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। बाईकों की जोरदार भिंडत आमने सामने हुई है,बताया गया है कि घटना के बाद 108 एंबुलेंस से चार अन्य घायलों को अमरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है वहीं अमरपुर थाना चौकी का स्टाफ घटनास्थल पंहुचा है। दो मृतको में एक के पास आधार कार्ड होने की वजह से इन का नाम वीर दास पिता रवि राम कोल ग्राम मुंगवानी के रूप में शिनाख्त हुई है,वही दूसरे मृतक का नाम फिलहाल साफ नही हुआ है।घटना की खबर परिजनों को दी जा रही है,जिसके बाद एक दूसरे मृतक और घायलों के नाम साफ होंगे। हादसे में घायल पुनीत सिंह निवासी मुंगवानी ज्यादा गम्भीर होने के कारण बरही अस्पताल ले जाया गया।

## घोघरा नाला के पास मृत वन्य प्राणी का दिखाई दिया शव

### मृत वन प्राणी की प्रजाति ज्ञात करने हेतु सैंपल बरेली एवं जबलपुर भेजा गया

उमरिया

उप संचालक बांधवगढ टाईगर रिजर्व ने बताया कि बीट सलखनिया, रेंज पनपथा बफर , उप वन मंडल पनपथा , वन मण्डल बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में सुबह बीट प्रभारी एवं श्रमिक पैदल गस्ती के दौरान गस्ती दल को सलखनिया बीट के कक्ष क्रमांक 601 आर एफ के घोघरा नाला के पास क्षेत्र में मृत वन्य प्राणी का शव दिखाई दिया। मृत वन प्राणी की प्रजाति ज्ञात करने के लिए फॉरेंसिक( डी एन ए )जांच हेतु बरेली ( उत्तरप्रदेश ) एवं जबलपुर सेंपल को भेजा गया। उन्होने बताया कि 9 अगस्त को निर्धारित प्रोटोकॉल अनुसार डॉग स्क्वाड और मेटल डिटेक्टर से सर्चिंग किया गया। दिनांक 10 अगस्त को डॉक्टर की टीम के विधिवत शव परीक्षण की कार्यवाही की गई। शव परीक्षण में वन्य प्राणी के सभी अंग मौजूद पाए गए। पी एम के दौरान



विषरा एकत्रित की गई , इसके परीक्षण हेतु भेजा जा रहा है वन्य प्राणी की जांच रिपोर्ट आने के उपरांत ही वन्य प्राणी किस प्रजाति का है और किस कारण से मृत्यु हुई है तब ही ज्ञात हो पाएगा। वन अपराध क्रमांक 7450 /05 दिनांक 09 / 08/ 25 दर्ज कर विवेचना की जा रही है। विपरीत परिस्थिति के बावजूद भी टीम के द्वारा गाइडलाइन के अनुसार विधिवत रूप से कार्यवाही पूर्ण की गई । कार्यवाही के दौरान उपस्थित दलरू- उप संचालक बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व उमरिया , एन टी सी ए के प्रतिनिधि , वन प्राणी स्वास्थ्य चिकित्सा , डॉक्टर वेटरनरी डॉक्टर मानपुर , सहायक संचालक पनपथा , रेंज ऑफिसर पनपथा बफर , फील्ड स्टाफ , आदि उपस्थित रहे ।वन्य प्राणी का नियमानुसार संस्कार किया गया। विवेचना अधिकारी प्रत्येक श्रीवास्तव परिक्षेत्र अधिकारी पनपथा बफर कर रहे है।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक संपन्न



उमरिया

कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में समय सीमा की साप्ताहिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों का शत प्रतिशत निराकरण किया जाए । सीएम हेल्पलाइन की कोई भी शिकायत अनअटेंडेड नही रहे । प्रत्येक शिकायत को विस्तार से पढ़ते हुए उनका निराकरण समयसीमा के अंदर किया जाए ।बैठक में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने मुख्यमंत्री निवास से प्राप्त आवेदनों, आयुक्त शहडोल संभाग कार्यालय से प्राप्त आवेदनो तथा जनसुनवाई, न्यायालयीन प्रकरणों, मानवाधिकार के पत्रों, फैक्ट न्यूज आदि की समीक्षा करते हुए जिला प्रमुख अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी दायित्वों का निर्वहन समय सीमा में अनिवार्य रूप से करें। कलेक्टर ने लोक सेवा गारंटी के तहत प्रकरणों के समय सीमा से बाहर होने पर पेनाल्टीक लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग को पीएम मातृ वंदना योजना से संबंधित शिकायतों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए । बैठक में संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया, एसडीएम बांधवगढ़ कमलेश नीरज, एसडीएम मानपुर टी आर नाग, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह,डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले,हरनीत कौर कलसी सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में हर घर तिरंगा अभियान के द्वितीय एवं तृतीय चरण की समीक्षा बैठक संपन्न

### मानपुर में 14 अगस्त को वृहद तिरंगा यात्रा कार्यक्रम का होगा आयोजन

उमरिया

शासन के निर्देशानुसार उमरिया जिले में भी हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता , स्वतन्त्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है । कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में अभियान के सफल संचालन हेतु बैठक कलेक्टर सभागार में संपन्न हुई ।कलेक्टर ने कहा कि मानपुर विकासखंड में 14 अगस्त को वृहद स्तर पर तिरंगा यात्रा आयोजन किया जाएगा । इस तिरंगा यात्रा में गणमान्य नागरिकों,समाजसेवियों, स्वयं सेवी संस्थाओं,पत्रकारों से जुड़ने का आग्रह किया गया है । उन्होने कहा कि जिले के तीनो विकासखंडों में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाए । यह पहल लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना जागृत करेगा । तिरंगा यात्रा, स्वच्छता के कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाए । जिला एवं तहसील स्तर पर अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया जाए । उन्होने बताया कि द्वितीय चरण 12 अगस्त



तक संचालित होगा । इस दौरान लोगों को साथ लाने, मीडिया मे प्रसार, ध्वजों की उपलब्धता तथा सार्वजनिक स्थलों पर तिरंगे की विसिबिलिटी हेतु प्रयास किया जाना,स्थानीय उत्पादों पर केंद्रित तिरंगा मेला, तिरंगा कंसर्ट, तिरंगा बाइक / तिरंगा साइकिल रेली, उच्च जनभागीदारी के साथ तिरंगा यात्रा, तिरंगा ध्वज की बिक्री और समुचित व्यवस्था, मानव श्रृंखला निर्माण, तिरंगा गान आदि महत्वपूर्ण घटक हैं। तीसरे चरण में 13 से 15 अगस्त तक घर , कार्यालय तथा वाहनों पर तिरंगा लगाना, सेल्फ़ी अपलोड, सर्वत्र तिरंगे की दृश्यता तथा संस्कृति मंत्रालय के साथ सूचनाओं का सतत आदान-प्रदान किया जाना हर जगह तिरंगा दृश्यता, तिरंगा के साथ रिकॉर्ड इत्यादि महत्वपूर्ण कार्यक्रम हैं। जिले के समाजसेवियों, गणमान्य नागरिकों, स्वसहायता समूह की महिलाओं, स्व यंसेवी संस्थाओं,जनप्रतिनिधियों,जन अभियान परिषद को आव्हान करते हुए कहा कि तीन चरणों में आयोजित होने वाले हर घर तिरंगा अभियान में सभी अपनी सहभागिता अवश्य दर्ज कराएं। कार्यक्रम में ज़िलों, ब्लॉकों और ग्राम पंचायतों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने करने का आग्रह किया गया जिसमें स्थानीय संस्थाओं, ग्राम जल सेवा समितियों, स्वयं सहायता समूहों, पंचायती राज संस्थाओं, साथ ही स्कूली बच्चों, स्वयंसेवकों और अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं को इस अभियान का नेतृत्व करने और इसमें भाग लेने के लिए प्रेरित करने पर विशेष ज़ोर दिये जाने हेतु अपील की गई । हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता , स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग की थीम अनुरूप तिरंगा फहराया जाने एवं इससे सम्बन्धित समस्त आवश्यक व्यवस्थाएँ भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गए । व्यापक जनभागीदारी के साथ ही ूणींतहींतजपतंदहंण्बवउ पर झण्डा फहराने की सेल्फी अपलोड करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए अधिकाधिक संख्या में झण्डों की आपूर्ति स्थानीय स्तर से सुनिश्चित किया जाएगा ।बैठक में संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया, एसडीएम मानपुर टी आर नाग, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह,डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले , हरनीत कौर कलसी सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

# स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना सरकार की प्राथमिकता
# पाँच दिवसीय आकांक्षा हाट का मंत्री ने किया शुभारंभ

मण्डला (स्वतंत्र मत)

पांच दिन तक चलने वाले आकांक्षा हाट की सोमवार को जल संसाधन विभाग के विश्राम गृह प्रांगण में शुरुआत हुई। मध्यप्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उईके एवं सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने फीता काटकर इसका शुभारंभ किया। आकांक्षा हाट 15 अगस्त तक आयोजित किया जा रहा है। मंत्री श्रीमती उईके ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार आमजन के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। स्थानीय स्तर पर हमारे कारीगर हो या स्व-सहायता समूह की बहनें इनके द्वारा बहुत ही अच्छे उत्पाद तैयार किये जा रहे हैं। स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना सरकार की प्राथमिकता है। मण्डला की बहनों द्वारा तैयार की जा रही गोण्डी पेंटिंग को जीआई टैग भी मिल चुका है। अंतिम पंक्ति के लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचे इसके लिए प्रधानमंत्री तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री लगातार प्रयास करते है। प्रशासन लगातार इस दिशा में कार्य कर रहा है चाहे मिलेट्स फेस्टिवल का आयोजन हो चाहे शिल्पी मेला हो या फूड फेस्टिवल का आयोजन हो। सभी के माध्यम से स्थानीय उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। आज आकांक्षा हाट में यहां पर 22 स्टाल लगाये गये हैं। अगले पांच दिनों तक निश्चित रूप से लोग यहां आयेंगे और इससे स्व-सहायता समूह तथा अन्य कारीगरों को इसका लाभ मिलेगा। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि जिले के मवई और नारायणगंज का चयन आकांक्षी विकासखण्ड के रूप में किया गया था। आज का यह हाट प्रधानमंत्री की वोकल फॉर लोकल कल्पना को साकार करने का कदम है। हमारे लोकल उत्पादों को उचित बाजार मिले इसकी चिंता हमें करनी होगी। हमारे क्षेत्र की कोदो-कुटकी-रागी जैसी फसलों की अच्छी मांग है। मण्डला का शहद भी प्रसिद्ध है। उन्होंने मौजूद लोगों से इस हाट का प्रचार-प्रसार करने अपील की। इससे पहले मंत्री एवं सांसद ने हाट के सभी स्टाल का अवलोकन किया। इस दौरान आजीविका मिशन के स्व-सहायता समूह की ओर से लगाए गए फूड स्टाल के व्यंजन भी चखे। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष विनोद कछवाहा, जिला पंचायत सदस्य शैलेष मिश्रा, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, एसडीएम मण्डला श्रीमती सोनल सिडाम, अन्य जनप्रतिनिधि सहित संबंधित उपस्थित रहे।






**हर घर तिरंगा रैली को हरी झंडी**- आजादी के 79वें वर्षगांठ को मनाने के लिए अनेक आयोजन किए जा रहे हैं। इसी क्रम में हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान की जागरूकता के लिए 11 अगस्त को बाइक रैली का आयोजन किया गया। बाइक रैली का प्रारंभ पुलिस लाइन से हुआ। पीएचई मंत्री श्रीमति संपतिया उईके, सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते और जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रैली में भाग लेने वाले बाइक सवारों ने अपनी बाइक पर तिरंगा झंडा लगाकर जिले के प्रमुख मार्गों पर भ्रमण किया। बाईक सवारों ने भारत माता की जय के नारों से हर घर तिरंगा अभियान के लिए जागरूकता प्रसारित की। यह रैली नेहरू स्मारक-बैगा बैगी चौक-लालीपुर-चिलमन चौक -रेडक्रॉस-बैगा बैगी चौक होते हुए पुलिस लाईन ग्राउंड में संपन्न हुई। पुलिस बैंड के द्वारा देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति के साथ बाइक रैली प्रारंभ की गई। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छ रहेंगे स्वच्छता के प्रति सजग रहेंगे हस्ताक्षर अभियान में सभी ने हस्ताक्षर किए।

## श्री हनुमान गढ़ी में अखंड रामायण पाठ का हवन-पूजन के साथ समापन




**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** श्रीहनुमान गढ़ी बुधवारी बाजार में श्रद्धा भक्ति व आस्था के साथ सावन मास के शुभ अवसर पर 11 जुलाई से अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ विधिवत पूजन अर्चना के साथ किया गया था। जो निरंतर 24 घंटे पूरे एक माह अखंड रामचरित्र मानस पाठ संचालित किया जाता रहा। कल 11 अगस्त को हवन पूजन महाआरती के साथ समापन किया गया। ज्ञात हो अखंड रामायण पाठ वर्षों से सावन मांस के शुभ अवसर पर नगर व क्षेत्र के भक्त श्रद्धालुओ के यथा शक्ति सहयोग से किया जाता आ रहा है जिसका समापन प्रसाद वितरण कर किया गया।

## उप संचालक को प्रशस्ति पत्र

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर ने जून माह के सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग उप संचालक रोहित बड़कुल को 92.2 वेटेज स्कोर के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शिकायत के निराकरण में संतुष्टि स्तर को बेहतर रखें। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर अरविंद सिंह, समस्त एसडीएम तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## ग्रामोद्योग अधिकारी को प्रशस्ति

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर ने जून माह के सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों के प्रकरणों के निराकरण में कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग के जिला ग्रामोद्योग अधिकारी एसके डिकाते को 100 वेटेज स्कोर के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शिकायत के निराकरण में संतुष्टि स्तर को बेहतर रखें। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर अरविंद सिंह, समस्त एसडीएम तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## माँ रेवा मुक्तिधाम करेंगी पौधारोपण

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** मां रेवा मुक्तिधाम संरक्षण समिति देवदरा द्वारा वैकुंठ धाम मुक्तिघाट में सदस्यों की उपस्थिति में बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में सर्व सम्मति से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बारह बजे एक पौधा हमारे देश भारत को आजादी दिलाने में अपनी शहादत देने वाले वीर शहीदो के नाम पर लगाने का निर्णय लिया गया। इसी कड़ी में युवा शहीद स्व. उदयचंद जैन को याद करते हुए श्रद्धांजलि देकर पौधरोपण की शुरुआत होगी। समिति के द्वारा इस पौधरोपण कार्यक्रम में अपने शहीदों के सम्मान में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर पौधरोपण करने की अपेक्षा की जाती हैं। मां नर्मदा के तट पर पौधरोपण कर हम अपने शहीदों को मां के आंगन में अमर रखना चाहते है शहीदो की आत्माओं को परम शांति देना चाहते हैं।

## मानव अधिकार ने मांगा जबाव

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिले के 1 मामला जो समाचार पत्रों मे प्रकाशित हुए थे जिसमें प्रथम दृष्टया मानव अधिकार का उल्लंघन है ऐसे मामले को संज्ञान मे लेकर संबंधितों से जवाब मांगा है। जिले के जिला अस्पताल के रोटरी ब्लड बैंक में एक माह से ब्लड की कमी होने का मामला सामने आया है। इस कारण जरूरतमंद मरीजों को ब्लड नहीं मिल पा रहा है। चिकित्सालय में भर्ती मरीजों एवं उनके मरीजों को ब्लड के लिए भटकना पड़ रहा है। साथ ही अस्पताल में ग्रामीण क्षेत्र एवं आस-पास से आने वाले मरीजों को भी ब्लड बैंक से ब्लड नहीं मिलने के कारण काफी परेशानियां हो रही है। मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से मामले की जांच कराकर की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन एक माह में मांगा है।

## आदिवासी परंपरा और संस्कृति की दिखी झलक

**मण्डला/मोहगांव (स्वतंत्रमत)।** जिले के प्रत्येक ग्रामीण क्षेत्रों में विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आदिवासी समाज के लोगों ने अपनी समृद्ध संस्कृति, परंपरा और इतिहास को प्रदर्शित करते हुए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। जिला के विकास खण्ड मोहगांव अन्तर्गत ग्राम पंचायत सुड़गांव में जनपद प्राथमिक शाला के प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजित सभा में आदिवासी लोक नृत्यों, पारंपरिक गीतों और सांस्कृतिक झांकियों ने समां बांध दिया जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए। कार्यक्रम की शुरुआत वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। इसके बाद रैली निकाली गई। जिसमें आदिवासी समुदाय के पुरुष महिलाएं और बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में सजे धजे नजर आए।



रैली में शामिल लोग ढोल नगाड़ों की थाप पर धुन में नाचते-गाते हुए चल रहे थे और जय आदिवासी के नारे लगा रहे थे। रैली जनपद प्राथमिक शाला प्रांगण से बड़ा देव ठाना से लेकर विभिन्न मोहल्लों से होकर गुजरी और लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। आदिवासी दिवस के अवसर पर पूरे जिले में विविध कार्यक्रम आयोजित किये गए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में आदिवासी नृत्य करमा, शैला और गुदुम ने दर्शकों का मन मोह लिया। कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से आदिवासी जीवन शैली, रीति-रिवाजों और प्राकृतिक प्रेम को जीवंत कर दिया। इस अवसर पर वक्ताओं आदिवासी संस्कृति और अधिकारों के संरक्षण पर जोर दिया। उन्होंने कह कि आदिवासी समाज की पहचान उसकी अनोखी संस्कृति औन परंपराओं में निहित है जिसे संरक्षित रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। शासकीय विद्यालयों पढ़ने वाले बच्चों को प्रेरित किया जो बच्चों शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को पढ़ाई में प्रथम स्थान प्राप्त करते हैं जैसे कि सोढ़ी टोला, दिवान टोला, खुर्री टोला मोहल्लों के बच्चों को उन्हें पुरस्कार राशि देने को कहा। कक्षा पांचवीं 500 रूपये, कक्षा आठवीं 1000 रूपये, कक्षा दसवीं 1500 रूपये, कक्षा बारहवीं 2000 रूपये, प्रति वर्ष 9 अगस्त को पांच हजार रुपए का राशि बच्चों को पुरस्कार प्रदान करेंगे। कार्यक्रम में कल्याण सिंह परते कोदूलाल परते, बुद्धू सिंह मसराम, पहल सिंह मार्को, चैतु सिंह कोर्राम, कलीराम आर्मो, बलबीर धुर्वे, शोभे लाल धुर्वे, बालसिंह सैयाम, बृजलाल धुर्वे, फूलसिंह, जयपाल मार्को, बीरसिंह धुर्वे, दमरी लाल परते, शिव प्रसाद परते, हनुमान सिंह आर्मो, संता प्रसाद सैयाम, महेश कुमार परते, पहल सिंह धुर्वे, मंगल सिंह, समाजसेवी इन्द्रमेन मार्को एवं ग्रामवासी उपस्थिति रहे।




## मुस्लिम समाज ने किया स्वागत

मण्डला (स्वतंत्रमत)

विश्व आदिवासी दिवस मूलनिवासी आबादी के अधिकारों को बढ़ावा देने और उनकी सुरक्षा के लिए प्रत्येक वर्ष 9 अगस्त को विश्व के मूलनिवासी लोगों का अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है। यह घटना उन उपलब्धियों और योगदानों को भी स्वीकार करती है। जो मूलनिवासी लोग पर्यावरण संरक्षण जैसे विश्व के मुद्दों को बेहतर बनाने के लिए करते हैं। यह पहली बार संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा दिसंबर 1994 में घोषित किया गया था 1982 में मानव अधिकारों के संवर्धन और संरक्षण पर संयुक्त राष्ट्र कार्य समूह की मूलनिवासी आबादी पर संयुक्त राष्ट्र कार्य समूह की पहली बैठक का दिन। खासकर इसे भारत के आदिवासियों द्वारा धूमधाम से मनाया जाता है जिसमें रैली और मंच कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में जिले में अलग अलग तहर तरह के आयोजन कि गए आदिवासी महापंचायत के द्वारा रैली का आयोजन किया गया। जिसमें आदिवासी समाज के युवक युवती अपनी पारंपरिक वेशभूषा के साथ आदिवासी गीतों पर झूमते नाचते हुए अपनी खुशी का इजहार किया तो वहीं एक तरफ एकता की एक अनूठी मिशाल देखने को मिली जहां मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा रैली का भव्य स्वागत मिठाई फल एवं पानी वितरण कर के किया गया।

## नगर की नवीन कार्यकारिणी घोषित

मण्डला (स्वतंत्रमत)

प्रत्येक वर्ष 9 जुलाई को अभाविप का स्थापना दिवस मनाया जाता है। इसके बाद प्रत्येक नगर इकाई में नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की जाती है। इसी कड़ी में रानी दुर्गावती महाविद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित कर मंडला नगर की नवीन कार्यकारिणी घोषित की गई कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम ने संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है साथ ही यह गैर राजनैतिक संगठन है यह भाजपा का संगठन नहीं राजनीति नहीं, राष्ट्रनीति यही है विद्यार्थी परिषद कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित अभाविप जिज्ञासा के राष्ट्रीय संयोजक आदर्श रावत ने कहा कि विद्यार्थी परिषद पूरे वर्ष शिक्षण संस्थान में काम करने वाला संगठन है परिषद ने 77 वर्षों में अनेकों आयाम रचे है। मंडला विभाग संयोजक ने कहा नवीन घोषित कार्यकारणी मंडला में शिक्षा के सुधार के लिए कार्य करेगी। इसके पश्चात् नगर की वर्ष 2025-26 हेतु नवीन कार्यकारिणी घोषित की गई नगर अध्यक्ष डॉ.बीएल झरिया, उपाध्यक्ष प्रो.जगदीश प्रजापति, नगर मंत्री शिवांग मार्को, सहमंत्री तनुश्री बरमैया,नयन यादव,राज पटेल, निशांत जंघेला,एसएफडी प्रमुख गोमती मरावी, सह प्रमूख मयंक बघेल, एसएफएस प्रमुख कान्हा साहू, सह रिया शुक्ला, राष्ट्रीय कला मंच प्रमुख काजल नागिया सह प्रमुख साक्षी उपाध्याय,खेलो भारत प्रमुख अनंत सिंगरौरे सह प्रमूख शताक्षी बर्मन,स्टडी सर्कल प्रमुख तरुण पटेल सह प्रमुख कीर्ति मरावी,चंचल नंदा,विद्यालय कार्य प्रमुख आशुतोष तिवारी सह प्रमुख नवदीप चंद्रोल, महाविद्यालीन कार्य प्रमुख खुशी पटेल सह प्रमुख अभिनव छात्रावास प्रमुख अंश उइके सह प्रमुख सृष्टि डहेरिया व सेजल परते, खुशी झरिया, शिवानी ठाकुर, अंकित राजपूत को नगर कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।

## भोरमदेव पहुंचे कांवड़ियां

**मण्डला/मवई।** वनवासी विकास परिषद द्वारा कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया। यह कांवड़ यात्रा मवई से आरंभ हुई जो कि भोरमदेव छत्तीसगढ़ पहुंची विगत 15 वर्षों से आयोजित इस कांवड़ यात्रा में शामिल होने दूर-दूर से धर्मप्रेमी पहुंचे यहां कांवड़ यात्रा के आयोजन अवसर पर डॉ. विजय आनंद मरावी, वनवासी विकास परिषद जिलाध्यक्ष कैलाश डेहारिया, किशोरी साहू, गोविंद रजक, क्षेत्रीय श्रृद्धा जागरण प्रमुख राजू कुडापे, जिला संगठन मंत्री अजय श्रीवास भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रहलाद राजेश पांडे अमरजीत चौहान एवं मवई के जनप्रतिनिधि एवं पंचायत के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

## 14 को आयेंगे मुख्यमंत्री मण्डला

मण्डला(स्वतंत्र मत)

14 अगस्त को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मण्डला में संभावित प्रवास को ध्यान में रखते हुए कैबिनेट मंत्री श्रीमति संपतिया उईके एवं कलेक्टर ने



मुख्य कार्यक्रम स्थल तथा हेलीपेड का अवलोकन करते हुए तैयारियों का जायजा लिया। कैबिनेट मंत्री श्रीमति संपतिया उईके ने कहा कि मुख्य कार्यक्रम स्थल पर मंच एवं टेंट व्यवस्था, बेरीकेटिंग, विद्युत व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, मीडिया सेंटर, पेयजल, पार्किंग आदि के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इसी प्रकार हेलीपेड में सुरक्षा, बेरीकेटिंग, फायरब्रिगेड आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करें। कैबिनेट मंत्री श्रीमति संपतिया उईके ने कहा कि सभी तैयारियां समय से पहले पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

## लवकुश जन्मोत्सव पर किया पूजन

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** श्रीराम मंदिर पड़ाव कछवाहा मंगलभवन परिसर में विगत वर्ष निर्मित भगवान लव कुश मंदिर में भगवान लव कुश का जन्मोत्सव मनाया गया। श्रवण-पूर्णिमा कुशवाहों के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण है क्यों कि इसी दिन माता जानकी ने जुड़वां पुत्रों कुश एवं लव को जन्म दिया था। रामचरित मानस में इसका सुंदर उल्लेख है कुश से कुशवाह वंश चला। सभी सनातन कुशवाह इन्हें ही अपना जनक मानते है। इस दिन सभी सनातनी कुशवाह परिवारों में घर के पूजा स्थल पर विशेष सजावट की जाती है। विधि विधान से भगवान राम जानकी एवं कुश लव की पूजा की जाती है एवं अपने आराध्य का स्मरण कर भजन इत्यादि के आयोजन किये जाते हैं। बड़े-बड़े आयोजन कर अपने आदि पुरूष के प्रति श्रद्धा और आस्था व्यक्त की जाती है। यह परंपरा पौराणिक काल से निरंतर चली आ रही है। जगत जननी माता जानकी कुशवाहों की प्रथम शिक्षिका है जिसने अपने पुत्रों को पिता भगवान राम के बगैर शिक्षा संस्कार एवं आचार-विचार से श्रेष्ठ बनाया। उपरोक्त आयोजन श्रीराम मंदिर पड़ाव के पुजारी बसंत दीपू तिवारी के द्वारा बड़े विधि विधान से संपन्न कराया गया।

## मानव श्रृंखला बनाकर देश भक्ति का संचार करेंगे विद्यार्थी

**नैनपुर।** हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता और स्वंतंत्रता उत्सव के रंग स्वच्छता के संग अभियान के तहत आज नगर में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। इसके साथ ही शासकीय अमला, विद्यार्थी और समाजिक कार्यकर्ता मानव श्रृंखला का भी निर्माण करेंगे। बताया गया है कि नगर के तहासील प्रांगण से सुबह 9 बजे वाहन रैली निकाली जाएगी। जिसमे पुलिस जवानों के साथ सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी आने वाहनों में तिरंगा लगाकर नगर भ्रमण करेंगे। यह रैली सीधे जे आर सी मैदान पहुंचेगी। जहां पर एकत्रित विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओ और उपस्थित समुदाय को शपथ ग्रहण कराया जाएगा। इसके बाद जे आर सी मैदान में ही एक मानव श्रंखला का निर्माण किया जाएगा। तदुपरांत जे आर सी मैदान से ही तिरंगा पद यात्रा आरम्भ होगी। जो नगर के बांसुरी वादन चौक से रेलवे फाटक हरे माधव द्वार से पुरानी बस्ती वार्ड 11 होते हुए मस्जिद चौराहा, जय माता दी चौक से नगर पालिका प्रांगण में आकर 10.30 बजे समाप्त हो जाएगी। इस तिरंगा यात्रा का नेतृत्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा पंजवानी करेंगी जबकि नैनपुर एस डी एम आशुतोष महादेव ठाकुर के अलावा नैनपुर अनुविभाग के सभी शासकीय अधिकारी कर्मचारी इस तिरंगा यात्रा के सहभागी होंगे।

## भक्ति और उल्लास में डूबा नगर धूमधाम से मना कजलियां पर्व

### शिवालयों में गूंजे हर-हर महादेव के जयकारे

नैनपुर (स्वतंत्र मत)

सावन माह के अंत में मनाया जाने वाला कजलियां पर्व नगर में भक्ति और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। सावन की बिदाई करने सुबह से ही नगर के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर बेलपत्र, धतूरा और आक की माला अर्पित करते हुए आराधना की। दोपहर बाद से नगर में कजलियों के साथ लोगो ने एक दूसरे से सहृदयी भेंट की। यह सिलसिला देर शाम तक चलता रहा। हालाकि आधुनिकता के दौर के चलते नगर में चकोर तट पर लगने वाला कजलियां पर्व का मेला और वहां उमड़ने वाली भीड़ नजर नही आई। लोगो ने एक दूसरे को घरों में पहुंचकर बधाइयां प्रेषित की। कजलियां पर्व पर बुधवारी बाजार में स्व. छोटे साहू की पुण्य स्मृति में आल्हा गीत का मंच सजाया गया। जहाँ जामगांव के सूरदास गीतकार सत्यवान और नगर की रेखा शिववंशी ने आल्हा गीतों का नाद छेड़कर समूचे बाजार में रौनक बिखेर दी। यहां सैकड़ो की तादात में युवा और पुराने उम्रदराज लोगों ने आल्हा गीतों का आनंद लिया।



## ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

मण्डला(स्वतंत्रमत)। कृषि अभियांत्रिकी विभाग के ऑनलाईन पोर्टल ई-कृषि यंत्र अनुदान के लिये वेबसाइट पर यंत्र हैप्पी सीडर और सुपर सीडर एवं स्मार्ट सीडर के आवेदन 24 जुलाई से आमंत्रित किए जा रहे हैं। प्राप्त आवेदनों के आधार पर लक्ष्य निर्धारण किया जायेगा एवं पृथक से लॉटरी की सूचना प्रकाशित की जावेगी। यह यंत्र गेहूं धान एवं अन्य फसल की कटाई उपरांत बिना जुताई किए सीधे बोनी हेतु अत्यंत उपयोगी है। इन यंत्रों के द्वारा खेत में बची नरवाई पराली को जमीन में सीधे मिला देते हैं जिससे किसानों को नरवाई जलाने की आवश्यकता नहीं रहेगी और पराली नरवाई खेत में खाद का काम करेगी। यंत्रों की अनुमानित कीमत 2.20 लाख से 3 लाख रूपये है जिस पर शासन द्वारा 40 प्रतिशत से 50 प्रतिशत तक अनुदान अधिकतम राशि 1.05 लाख रूपये देय है।

संपादकीय

## शिक्षा में 'शिक्षा' की खोज

शिक्षा के सेतु से गुजरते ज्ञान को रोजगार के पाठ्यक्रम ने इस कदर ओवरटेक किया कि आज इसका गुणात्मक पक्ष ही खारिज हो गया। वर्तमान दौर में शिक्षा के मायने या तो सीधे नौकरी से चस्पा हैं या उपाधियों के तिलिस्म में ज्ञान बिखर रहा है। अध्ययन को पाठशाला में विस्तारित करने के बजाय पाठशालाओं का विस्तार अप्रासंगिक हो गया है। नौबत यह कि दर्जनों स्कूल-कालेज बंद करने पड़ रहे हैं या विज्ञान की पढ़ाई से स्कूल बेदखल करने पड़ रहे है। ऐसे में पढ़ाई की आरजू है क्या?

पढ़ाई, ज्ञान, नौकरी, रोजगार और शिक्षा के सरोकार भले ही एक जैसे अभिप्राय लगते हों, लेकिन इनके भीतर व्यक्तित्व विकास और भविष्य की संभावना की परख अलग-अलग है। अब स्कूल से सीधे बीएड कोर्स में प्रवेश में पढ़ाई देखें, ज्ञान देखें, नौकरी देखें या रोजगार का अभिप्राय समझें। अगर राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में डिग्रियों का मूल्यांकन कर रहे हैं, तो शिक्षा के चबूतरे और परिसर बदलेंगे, वरना मात्रात्मक डिग्रियां फांस बन जाएंगी। आश्चर्य यह कि प्रदेश की मानसिकता में पाठ्यक्रम का अर्थ नौकरी तक पहुंचना है। इसलिए जब मीडिया एवं जनसंचार की पढ़ाई शुरू हुई, तो बच्चों ने हुनर के बजाय अपने आवेदन को जनसंपर्क एवं सूचना विभाग की नौकरी में सजाना शुरू कर लिया। विश्वविद्यालय का हाजिरी रजिस्टर बताता है कि वहां छात्रों का रुझान बढ़ रहा है, क्योंकि वहां से निपुण व्यवसाय नहीं नौकरी का रास्ता निकलता है। विडंबना यह कि मध्य प्रदेश की शिक्षा ने छात्रों को प्रोफेशन के बजाय नौकरी की दासता करनी सिखा दी। एक बार बेरोजगारों की कतार से भी तो पूछा जाए कि उनकी शिक्षा में कहां कोताही हुई। उन्होंने जो पढ़ा, उससे जीवन की क्षमता व ऊर्जा में इतना विस्तार क्यों नहीं हुआ कि आगे बढ़ने के लिए अब कोई तुक्का चाहिए। ऐसा नहीं है कि प्रदेश में रोजगार नहीं बढ़ा, लेकिन पढ़ाई ने इसकी योग्यता पैदा नहीं की। कहीं पढ़ाई ऊंची हो गई, कहीं यह सरकारी नौकरी की दरख्वास्त बन गई। इंदौर जैसी जगह में फार्मा का हब बना, लेकिन न किसी स्कूल और न ही किसी कॉलेज को इसके भीतर पनपते रोजगार की खबर मिली। ऐसे में अगर मध्य प्रदेश जमा दो के बाद बीएड कोर्स को सफल बनाने को आतुर है, तो बारहवीं के बाद इंडस्ट्रियल रोजगार पर आधारित कोर्स क्यों न बढ़ाए जाएं। यदि तरह-तरह के उद्योगों में शैक्षणिक योग्यता के पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे, तो प्रदेश में रोजगार के पैमाने, शिक्षा के उद्देश्य और छात्रों के संकल्प भी बदलेंगे। यानी वह शिक्षा दी जाय जो छात्रों को रोजगार के सफर पर आगे बढ़ाए। प्रदेश में ऐसे रोजगार परिसरों या शहरों की आवश्यकता है, जहां शिक्षा का सफर मुकम्मल हो। अगर इंजीनियर को अपने प्रोफेशन के इतर नौकरी की तलाश है, तो शिक्षा की नाकामी में राज्य के नजरिए में भी खोट है। बेहतर होगा कि रोजगार की क्षमता बढ़ाते हुए सरकारी नौकरी के पाठ्यक्रम के बोझ से छात्रों को मुक्त किया जाय। दूसरी ओर राष्ट्रीय रोजगार में प्रदेश के बच्चों की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए शिक्षा के वर्तमान स्तर को प्रमाणित करने की आवश्यकता को समझना होगा। राज्य स्तर पर कुछ स्कूलों को रोजगार के विषयों में सर्वश्रेष्ठ मानदंडों से जोडना होगा, जबकि चिन्हित कालेजों को विषय विशेष के राज्यस्तरीय मानदंडों के आधार पर सुदृढ़ करना होगा ताकि कैंपस प्लेसमेंट की तरजीह में राष्ट्रीय रोजगार मध्य प्रदेश तक पहुंचे।

# अमेरिकी दादागिरी पर मोदी की ललकार



ललित गर्ग

लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं

देश के अग्रणी कृषि वैज्ञानिक एवं कृषि-क्रांति के जनक एम.एस. स्वामीनाथन के शताब्दी समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसान हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए ललकारभरे शब्दों में अमेरिकी टैरिफ पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भारत किसानों के हितों से समझौता नहीं करेगा, भारत की बढ़ती वैश्विक ताकत का द्योतक है। ट्रंप प्रशासन द्वारा लगाए गए टैरिफ को भारत ने अनुचित एवं दुर्भावनापूर्ण बताया है। भारत अमेरिकी कृषि उत्पादों के लिए बाजार खोलने के दबाव कभी नहीं आयेगा क्योंकि भारत के लिये यह एक राजनीतिक रूप से संवेदनशील मुद्दा है। इस समारोह में मोदी ने जो शब्द कहे, वे केवल एक श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि नये भारत, सशक्त भारत की एक स्पष्ट नीति का घोषणा पत्र है, भारत की नई कृषि रणनीति, आत्मनिर्भरता की भावना और अमेरिकी टैरिफ की दादागिरी को खुली चुनौती है। भारत अब पीछे हटने वाला नहीं है और दुनिया की कोई भी ताकत उसे नुकसान नहीं पहुंचा सकती।

प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी टैरिफ पर पहली बार प्रतिक्रिया दी, और अमेरिका या डॉनल्ड ट्रंप का नाम लिए बगैर कहा कि किसानों, पशुपालकों और मछुआरों के हितों के साथ भारत कभी समझौता नहीं करेगा। भारत ने इससे पहले ट्रंप के 50 प्रतिशत टैरिफ को अनुचित, अन्यायपूर्ण और तर्कहीन बताया था। यह विडम्बनापूर्ण एवं विसंगतिपूर्ण है कि ट्रंप बातें रूस की कर रहे हैं, लेकिन यह समझना आसान है कि उनकी निराशा के मूल में भारत के साथ अटकी कृषि ट्रेड डील भी है। वह चाहते हैं कि भारत अमेरिकी कृषि उत्पादों और डेयरी प्रॉडक्ट्स के लिए अपना बाजार खोले। लेकिन देश की बड़ी आबादी खेती पर आश्रित है और किसान आर्थिक रूप से सशक्त नहीं हैं। इसलिये वे सब्सिडाइज्ड अमेरिकी प्रॉडक्ट्स से होड़ नहीं कर सकते। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण के जरिये भारत का यही पक्ष एवं किसानों की चिन्ता को रखा है। लेकिन ट्रंप इस चिंता को शायद ही समझें, क्योंकि अब ऐसा लग रहा है कि अपनी हर नाकामी का ठीकरा फोड़ने के लिए उन्हें कोई देश चाहिए। अमेरिका में बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी का दबाव व यूक्रेन युद्ध न रुकवा पाने की हताशा ट्रंप के फैसलों में बौखलाहट के रूप में झलक रही है। पहले उन्होंने चीन पर दबाव बनाने की कोशिश की, लेकिन जब वहां से 'रेयर अर्थ मिनरल्स' के रूप में झटका लगा, तो भारत और रूस से अपनी बात मनवाना चाहते हैं।

हाल ही में अमेरिका द्वारा भारतीय कृषि उत्पादों पर टैरिफ बढ़ाने की घोषणा को प्रधानमंत्री मोदी ने न केवल अनुचित और एकतरफा करार दिया, बल्कि यह स्पष्ट कर दिया कि भारत अब वैश्विक मंच पर दबाव में आने वाला नहीं है। अमेरिका की यह टैरिफ नीति, डब्ल्यूटीओ के सिद्धांतों के विरुद्ध और विकासशील देशों के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार का प्रतीक है। भारत पर विशेषकर चावल, गेहूं, दलहन, और मसालों के निर्यात में टैरिफ लगाना सीधे-सीधे भारतीय किसानों की आय पर प्रहार है। ऐसे समय में जब भारत कृषि निर्यात को बढ़ावा देकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बना रहा है, अमेरिका की यह नीति दादागिरीपूर्ण व्यापारवाद का उदाहरण है। भले ही ट्रंप की टैरिफ पैंतरों ने दुनिया के सामने एक बड़ी चुनौती खड़ी कर दी हो, लेकिन भारत ऐसी चुनौतियों के सामने झुकने वाला नहीं है।



भारत अब केवल अमेरिका या यूरोप पर निर्भर नहीं रहना चाहता। अफ्रीका, खाड़ी देशों, दक्षिण एशिया और पूर्वी एशियाई देशों के साथ द्विपक्षीय कृषि व्यापार समझौते तेजी से किए जा रहे हैं। स्थानीय उत्पादन का प्रोत्साहन, 'मेक इन इंडिया' और 'वोकल फॉर लोकल' के तहत कृषि प्रसंस्करण इकाइयों को बल दिया जा रहा है, जिससे निर्यात योग्य उत्पादों का मूल्यवर्धन हो सके। डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन, तकनीक के माध्यम से किसानों को वैश्विक बाजार की जानकारी, टैरिफ डाटा और निर्यात संभावनाओं से जोड़कर किसानों की ताकत को बढ़ाया जा रहा है। भारत टैरिफ के जवाब में टैरिफ की राह पर बढ़ते हुए यदि आवश्यकता पड़ी, तो प्रतिस्पर्धी टैरिफ नीति के तहत अमेरिकी उत्पादों पर शुल्क बढ़ाने से नहीं हिचकिचाएगा। भारत डब्ल्यूटीओ और जी20 आदि मंचों पर आक्रामक कूटनीति का सहारे लेकर अब विकासशील देशों की आवाज बनकर, अमेरिका की एकतरफा नीतियों का जवाब दे रहा है।

देश को धीरे-धीरे समझ आने लगा है कि भारतीय कृषि व डेरी क्षेत्र में अमेरिकी उत्पाद खपाने के लिये ही डोनाल्ड ट्रंप टैरिफ आंतक फैला रहे हैं। यही वजह है कि पहले संयम दिखाने के बाद भारत ने निरंकुश ट्रंप सरकार को चेता दिया है कि भारतीय किसानों व दुग्ध उत्पादकों के हितों की बलि नहीं दी जा सकती। हमारे लिये यह देश की एक बड़ी कृषि व डेरी उद्योग से जुड़ी आबादी के जीवन-यापन का भी प्रश्न है। बहरहाल, यह तय हो गया है कि भारत वाशिंगटन के उन मंसूबों पर पानी फेरने के लिये खड़ा हो गया है, जिनके तहत अमेरिका मक्का, सोयाबीन, सेब, बादाम और इथेनॉल जैसे उत्पादों से कम टैरिफ के साथ भारत के बाजार को पाटना चाहता है। निस्संदेह, भारतीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले तीन प्रमुख क्षेत्रों कृषि, डेरी फार्मिंग और मत्स्य पालन से जुड़े करोड़ों लोगों की अजीविका की रक्षा करने के लिये प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता सराहनीय है।

एम.एस. स्वामीनाथन का नाम आते ही भारतीय कृषि का वह स्वर्णिम अध्याय सामने आता है, जब देश अन्न के लिए विदेशों पर आश्रित था और अकाल एक आम त्रासदी हुआ करती थी। 1960 के दशक में स्वामीनाथन ने नॉर्मन बोरलॉग के साथ मिलकर उच्च उपज वाली किस्मों (एचवाईवी), उर्वरकों और सिंचाई तकनीक का ऐसा संगम किया जिसने भारत को खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बना दिया। पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में शुरू हुई हरित क्रांति ने न केवल खाद्यान्न सुरक्षा सुनिश्चित की, बल्कि भारत की कृषि पहचान को वैश्विक पटल पर स्थापित किया। उनकी रिपोर्टें, विशेष रूप से स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशें, आज भी किसानों की आय दोगुनी करने और उन्हें बाजार से न्याय दिलाने की कुंजी मानी जाती हैं। उन्होंने 'किसान केंद्रित कृषि नीति' का विचार दिया, जिसमें किसानों को केवल उत्पादनकर्ता नहीं, बल्कि राष्ट्रनिर्माता माना गया। मोदी इसी नीति को आगे बढ़ाते हुए न केवल किसानों के हितों के साथ रहे हैं, बल्कि भारतीय कृषि को नये भारत का आधार बनाने के लिये संकल्पबद्ध है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि भारतीय राजनीति में किसान उत्पादक व उपभोक्ता से इतर बड़ा राजनीतिक घटक भी है। ऐसे में जाहिर है कि प्रधानमंत्री मोदी कृषक समुदाय को किसी भी कीमत पर नाराज नहीं करना चाहेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी का जोर अब 'अन्नदाता को ऊर्जादाता' बनाने पर है। इसके लिए कृषि के तीन प्रमुख मोर्चों पर काम हो रहा है- न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को अधिक न्यायसंगत और पारदर्शी बनाना। कृषि निर्यात को 50 बिलियन डॉलर से ऊपर ले जाना। स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को चरणबद्ध लागू करना, जिससे किसानों को लागत से 50 प्रतिशत अधिक लाभ मिल सके। आज जब हम एम.एस. स्वामीनाथन की वैज्ञानिक दृष्टि को याद करते हैं, तो स्पष्ट होता है कि उनकी सोच सिर्फ उत्पादन बढ़ाने तक सीमित नहीं थी, बल्कि किसान को सशक्त करने, आत्मनिर्भर बनाने और वैश्विक ताकतों के सामने टिके रहने योग्य बनाने की थी। मोदी की यह नई नीति उसी दर्शन की राजनीतिक अभिव्यक्ति है।

सही मायनों में भारतीय कृषि में उन आमूल-चूल परिवर्तनों की आवश्यकता है जो न केवल किसान की आय बढ़ाएं बल्कि कृषि उत्पादों को विश्व बाजार की चुनौतियों से मुकाबला करने में भी सक्षम बनायें। एक सौ चालीस करोड़ आबादी वाला देश भारत दुनिया में सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला देश है। इस आबादी की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना भी देश की प्राथमिकता होनी चाहिए। ऐसे में हरित क्रांति के जनक एम.एस. स्वामीनाथन को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम हर हालात में मेहनतकश अन्नदाता को पूरे दिल से समर्थन दें। भारत अब 'झुककर व्यापार' नहीं करेगा, बल्कि 'सम्मान के साथ साझेदारी' करेगा। अमेरिका जैसे देशों को यह समझना होगा कि भारतीय किसान अब केवल हल चलाने वाला नहीं, बल्कि वैश्विक बाजार का खिलाड़ी है। और जब उसके पीछे स्वामीनाथन की विरासत और मोदी की नेतृत्वशक्ति हो, तो कोई भी टैरिफ, कोई भी दबाव, भारत की कृषि शक्ति को झुका नहीं सकता।

# ऑपरेशन सिन्दूर : रणनीतिक कौशल

लहराया केसरिया रंग जब सीमा के उस पार
बढ़े हमारे वीर जवान, लिए हृदय में अंगार
नाम रखा जो मिशन का-ऑपरेशन सिन्दूर
शौर्य, बलिदान और प्रेम का बना वो दस्तूर
सिन्दूर प्रतीक है वीरता और त्याग का
सिन्दूर प्रर्याय है प्रेम और बलिदान का
जब देश पुकारे बेटों को तब मांगें सूनी हो जाती हैं
पर कदम रुकते नहीं जब रण चंडी चढ़ जाती है।



आदित्य नारायण चौपड़ा

लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

ऋचा शर्मा की यह पंक्तियां ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान भारतीय सेना के शौर्य को समर्पित हैं। भारतीय वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने बैंगलुरु में एक कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए ऑपरेशन सिन्दूर के बहुत से पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने मई में ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान पाकिस्तान के पांच लड़ाकू जेट और एक बड़े एयरक्राफ्ट को मार गिराने की जानकारी दी और साथ ही यह भी कहा कि पाकिस्तान के साथ संघर्ष के दौरान रूस से लिए गए एस-400 गेम चेंजर साबित हुआ। वायुसेना प्रमुख ने ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता का श्रेय केन्द्र सरकार की राजनीतिक इच्छा शक्ति को देते हुए कहा कि सशस्त्र बलों पर कोई पाबंदी या दबाव नहीं था। हमें योजना बनाने और क्रियान्वित करने की पूरी आजादी थी। उन्होंने युद्ध ि?विराम करने के फैसले को भी एक अच्छा निर्णय बताया। समूचे देश को भारतीय सेना पर गर्व है क्योंकि जब-जब पाकिस्तान ने भारत पर हमला किया है तब-तब भारतीय सेना ने उसे करारा जवाब दिया है। ऑपरेशन सिन्दूर अभूतपूर्व रहा उसमें पहलगाम आतंकी हमले के आकाओं को सबक सिखाने और समर्थ भारत का रौद्र रूप निहित है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तो यहां तक कहा था कि उनकी रगों में लहू नहीं गर्म सिन्दूर बह रहा है। जो सिन्दूर मिटाने निकले थे उन्हें मिट्टी में मिलाया है। जब सिन्दूर बारूद बन जाता है तो उसके क्या नतीजे होते हैं यह दुश्मन ने देख लिया है। भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने भी पाकिस्तान के दुष्प्रचार की पोल खोलते हुए ऑपरेशन सिन्दूर को समझाने के लिए शतरंज का उदाहरण दिया। जनरल ने कहा कि हमें नहीं पता था कि दुश्मन की अगली चाल क्या होगी और फिर हम आगे क्या करने वाले हैं। हम शतरंज की चालें चल रहे?थे। कहीं हम उन्हें शह और मात दे रहे थे और कहीं हम जान जोखिम में डालकर आगे बढ़ रहे थे। भारतीय सेना ने पाकिस्तान की रणनीति पर अपने तरीके से मुकाबला किया। भारत का रणनीतिक संदेश बहुत महत्वपूर्ण था और वह संदेश था न्याय। ऑपरेशन सिन्दूर के तीन माह बाद एयरफोर्स चीफ एयरमार्शल एपी सिंह द्वारा रूस के एस-400 मिसाइल सिस्टम की तारीफ करने का अपना एक अर्थ है। उन्होंने विपक्षी दलों द्वारा उठाए जा रहे सवालों का जवाब तो दिया ही साथ ही अपने बयान के माध्यम से भारत ने अमेरिका सहित दुनिया को संदेश पहुंचा दिया है। अमेरिका ने भारत पर रूस से हथियार और तेल खरीदने के कारण 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है। ऐसे वक्त में रूस के एस-400 कवच पर न सिर्फ भरोसा करना, बल्कि उसकी तारीफ करने के पीछे भारत का साफ संदेश यही है कि रूस के साथ उसके संबंध बेहद मजबूत हैं। रूस हमारा परखा हुआ मित्र है। युद्ध हो या शांतिकाल रूस हमेशा भारत के साथ खड़ा रहा है। एस-400 डिफेंस मिसाइल सिस्टम को रूस ने बनाया है और यह सतह से हवा में अपने टारगेट को मार गिरा सकती है। यह 400 किमी की दूरी और 30 किमी की ऊंचाई तक के किसी भी टारगेट (विमान, यूएवी, बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइल) को मार गिरा सकती है। एस-400 मिसाइल सिस्टम एक साथ 100 टारगेट को ट्रैक कर सकती है और 6 टारगेट को एक साथ निशाना बना सकती है।

भारत ने हमेशा रूस जैसे रणनीतिक साझीदार पर ज्यादा भरोसा किया है। ट्रंप के टैरिफ दबाव के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रूस के राष्ट्रपति पुतिन से भी बातचीत की है और उसके एक दिन पहले ही राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने रूस के राष्ट्रपति से मुलाकात की थी। सैन्य सिद्धांतकार कहते हैं कि सैन्य रणनीति को हमेशा व्यापक राजनीतिक लक्ष्यों के साथ रेखांकित करना चाहिए। उनके सिद्धांतों को अगर आज के दौर में देखें तो सैन्य अभियान अनिश्चितता से भरे होते हैं, यानी वे किस लक्ष्य को हासिल करने के मकसद से शुरू किए जाते हैं और उनके नतीजे क्या निकलते हैं, इसके बारे में कुछ भी निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता है। एक सेना किस प्रकार काम करती है और अपने उद्देश्यों को पाने के लिए क्या कदम उठाती, क्या रणनीति अपनाती है, उसी से युद्ध के मैदान में और बाहर उसकी सफलता या विफलता को आंका जाता है। हाल ही में भारतीय सेनाओं की ओर से पाकिस्तान के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन सिन्दूर को ही देखा जाए तो इसे पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर और आतंक के कर्ताधर्ता पाकिस्तान की जमीन पर मौजूद आतंकवादी संगठनों के विरुद्ध शुरू किया गया था।

ऑपरेशन सिंदूर का पहला लक्ष्य वहां के आतंकी ठिकानों और ट्रेनिंग कैंपों को निशाना बनाकर आतंक की रीढ़ तोड़ना था। इसके जवाब में पाकिस्तान ने भारत पर हवाई हमले किए और भारत के नागरिक व सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर मिसाइल व ड्रोन्स दागे। ऐसा करके पाकिस्तान ने कहीं न कहीं जल्दबाजी दिखाई और असंयमित सैन्य कार्रवाई की। उसकी इस हरकत के जवाब में भारतीय सेनाओं ने 9 एयरबेस और उनकी रडार प्रणाली और आतंकी ठिकानों को 22 सैकेंड में तबाह कर दिया। भारतीय सेना ने संतुलन और संयम से कार्रवाई कर एक लाइन खींच दी और दुश्मन को बता दिया कि अगर इसे पार किया गया तो वह पाकिस्तान को तबाह कर देगा। भारतीय सेना ने युद्ध संचालन के लिहाज से युद्ध सिद्धांतों का भी पालन किया। भारत ने किसी नागरिक ठिकानों को निशाना न बनाते हुए ऐसी रणनीति से काम किया कि उसे संभालने का मौका नहीं दिया। भारतीय सेना ने एक न्यू नार्मल यानि एक नया मापदंड स्थापित किया और यह दिखाया कि सीमापार आतंकवाद कुचलने के लिए वह किस स्तर पर जाकर सैन्य कार्रवाई को अंजाम दे सकता है। भारतीय सेना ने अपने रणनीतिक कौशल से न केवल अपनी सुरक्षा की बल्कि कुछ सैकेंड में ही पाकिस्तान को धूल चटा दी।

# ब्लू ड्रम

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

व्यंग्य

यह भी एक अजीब दौर है। पहले प्रेम कहानियाँ लिखी जाती थीं, कविताएँ गढ़ी जाती थीं, लेकिन अब तो हर तरफ ब्लू ड्रम की चर्चा है। यह 'ब्लू ड्रम' अब केवल एक ड्रम नहीं रहा, बल्कि एक प्रतीक बन गया है। प्रतीक उस प्रेम का, जो लाल रंग से नहीं, नीले रंग से लिखा गया है। प्रतीक उस त्याग का, जो पत्नी ने अपने पति के लिए नहीं, बल्कि अपने प्रेमी के लिए किया। और प्रतीक उस आधुनिकता का, जिसमें रिश्तों की डोर इतनी कमजोर हो गई है कि वह एक ड्रम और एक बोरी सीमेंट के भार को भी नहीं सह पाती।

वैसे तो हमारे समाज में प्रेम की परिभाषा बड़ी पुरानी है। लैला-मजनूं, हीर-रांझा, शीरीं-फरहाद इन सबकी कहानियों में न तो कोई ड्रम था, न कोई सीमेंट। उस जमाने में प्रेम के लिए दीवारें फाँदी जाती थीं, रेगिस्तान पार किए जाते थे, और न जाने क्या-क्या पापड़ बेले जाते थे। लेकिन इस आधुनिक युग में, प्रेम के लिए सबसे आसान तरीका है पति को मारकर उसे एक ड्रम में भर देना।हमारे पड़ोस में एक श्रीमान खुसुरफुसुर रहते थे। उनका नाम खुसुरफुसुर इसलिए पड़ा, क्योंकि जब भी वह अपनी पत्नी से बात करते, उनकी आवाज इतनी धीमी होती थी कि कोई दूसरा सुन न पाए। लोग कहते थे, मालिक, आप इतने धीरे क्यों बोलते हैं? पत्नी से प्रेम है तो चिल्ला कर कहिए! इस पर श्रीमान खुसुरफुसुर मुस्कुराते हुए कहते, प्रेम तो है, लेकिन अगर चिल्ला कर कहूँगा, तो सारा मोहल्ला सुन लेगा। फिर कहीं प्रेम की कहानी में कोई तीसरा किरदार न आ जाए। लेकिन श्रीमान खुसुरफुसुर की यह सावधानी काम नहीं आई। एक दिन उनके घर से नीले रंग का एक ड्रम बरामद हुआ। और उस ड्रम में सिर्फ सीमेंट ही नहीं, बल्कि श्रीमान खुसुरफुसुर का वह प्रेम भी था, जो उन्होंने अपनी पत्नी के लिए वर्षों से छिपा रखा था।

यह घटना सुनकर श्रीमान खलबली को बहुत दुख हुआ। वह अपने जमाने के आशिक थे, जो अपनी प्रेमिका के लिए सात समंदर पार करने की बात करते थे। लेकिन इस ब्लू ड्रम की कहानी ने उनका दिल तोड़ दिया। मास्साब, उन्होंने मुझसे कहा, यह क्या हो रहा है? क्या हमारे देश में प्रेम की यह नई परिभाषा है? पहले तो पति-पत्नी के रिश्ते में प्यार होता था, तकरार होती थी, लेकिन अब तो केवल ड्रम और सीमेंट है।

मैंने उनसे कहा, श्रीमान खलबली, यह नई परिभाषा नहीं, बल्कि एक नया आविष्कार है। यह प्रेम की मेक इन इंडिया पॉलिसी का हिस्सा है। अब प्यार करने के लिए किसी पहाड़ पर नहीं जाना पड़ता, किसी नदी को पार नहीं करना पड़ता, बस एक ड्रम और कुछ बोरियाँ सीमेंट खरीदनी होती हैं। यह तो अटल प्रेम योजना का एक हिस्सा है, जहाँ कम खर्च में प्रेम को स्थायी बनाया जा सकता है। इस घटना के बाद हमारे मोहल्ले में एक नई बहस शुरू हो गई। कोई कह रहा था कि पत्नी ने गलत किया, तो कोई कह रहा था कि पति ही गलत था। लेकिन एक बात पर सब सहमत थे ड्रम का रंग नीले के बजाय लाल होना चाहिए था। कम से कम प्रेम तो लाल रंग का होता है।

इस घटना के बाद मैंने सोचा कि क्यों न एक नया बिजनेस शुरू किया जाए ब्लू ड्रम एम्बलम। जो भी अपनी पत्नी के प्रेम से तंग आ जाए, वह यह ड्रम खरीद सकता है। और इस ड्रम के साथ एक गारंटी कार्ड भी मिलेगा, जिस पर लिखा होगा आपका पति अब सुरक्षित रहेगा, और आपका प्रेम स्थायी हो जाएगा। इस घटना ने मुझे यह भी सिखाया कि प्यार करने के लिए एक दिल ही काफी नहीं, बल्कि एक दिमाग भी चाहिए। और वह दिमाग जो यह सोच सके कि प्यार को स्थायी बनाने का सबसे आसान तरीका क्या है। अब तो प्रेम की कहानियों में न तो कोई राजकुमार होता है, न कोई राजकुमारी। अब तो केवल एक ड्रम होता है, एक सीमेंट की बोरी होती है, और एक ऐसी पत्नी होती है, जो अपने प्रेम को स्थायी बनाने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है।

# भारत की नई बुलंद तस्वीर: झुकती है दुनिया, झुकाने वाला चाहिए

कमलेश पांडे

भारत के साथ अपने मनमाफिक डील करने में नाकाम रहे अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने भारत की इकॉनमी को ही डेड बताया था। इसलिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उनकी इसी निकृष्ट मानसिकता का दबंग अंदाज में जवाब देते हुए कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था को दुनिया की सबसे दबंग और गतिशील अर्थव्यवस्था करार दिया।

दुनिया के आर्थिक और सैन्य मंच पर तेजी से कद्दावर बन चुके गुटनिरपेक्ष देश भारत ने रूस को साधकर नम्बर वन अमेरिका और नम्बर टू चीन को रणनीतिक मुश्किल में डालते हुए भींगी बिल्ली बना दिया है। इससे समकालीन विश्व के जी-7, नाटो, जी--20, ब्रिक्स और एससीओ जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों में ग्लोबल साउथ की पूछ-परख बढ़ गई है, क्योंकि इनका अगुवा अब भारत बन चुका है। जानकार बताते हैं कि अमेरिकी दांवपेंचों और चीनी पैंतरों से आजिज आ चुके इन ग्लोबल साउथ के देशों को भारत की सदाशयी नीतियों से जो नीतिगत राहत और वैश्विक सहयोग मिला है, वह इनकी प्राथमिक जरूरत भी है। चूंकि मौजूदा अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में भारत सबसे तेज़ इकॉनमी बन चुका है, मजबूत सैन्य ताकत के रूप में छा चुका है, इसलिए भारत की मुखालफत दुनियावी थानेदारों को भी भारी पड़ सकती है। यह ठीक है कि सीजफायर और टैरिफ को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के दावों-आरोपों का भारत ने अभी तक जो भी जवाब दिया, उसमें भाषा विनम्र और सांकेतिक रखी गई। खासकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से। लेकिन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गत दिनों जो ठोक-पीटकर जोशीला राजपूती बयान दिया है, इसके कूटनीतिक और राजनीतिक मायने में बिल्कुल अलग और अहम हैं। ऐसा इसलिए कि ट्रंप का नाम भी उन्होंने नहीं लिया, लेकिन इस बार जवाब ज्यादा सख्त था। रक्षा मंत्री सिंह के तल्खी भरे बयान यह स्पष्ट संकेत मिलता है कि अब भारत अपने राष्ट्रीय, मित्रगत और पड़ोसी हितों से कोई समझौता नही करेगा और जो इस रास्ते में अड़चनें पैदा करने की कोशिश करेगा, या वैसी ताकतों को शह देगा, उससे सख्ती पूर्वक ही निपटा जाएगा। इस बार सीजफायर वाली हड़बड़ाहट भी नहीं दिखाई जाएगी। अब कोई भी बातचीत बराबरी के स्तर पर ही होनी चाहिए। वो भी अमेरिका-चीन जैसे देशों के साथ अनिवार्य तौर पर। लिहाजा, केंद्रीय मंत्री संजय सेठ ने ठीक ही कहा है कि नया भारत शेर की तरह दहाड़ता है। शक्तिशाली नेताओं की आंखों में देखकर बात करता है।

उल्लेखनीय है कि भारत के साथ अपने मनमाफिक डील करने में नाकाम रहे अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने भारत की इकॉनमी को ही डेड बताया था। इसलिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उनकी इसी निकृष्ट मानसिकता का दबंग अंदाज में जवाब देते हुए कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था को दुनिया की सबसे दबंग और गतिशील अर्थव्यवस्था करार दिया। जबकि %सबके बॉस तो हम है% का भाव रखने वाले कुछ देशों को भारत का तेजी से विकास रास नहीं आ रहा है। समझा जाता है कि भारत से होने वाले आयात पर अमेरिका के 50 प्रतिशत टैक्स लगाए जाने के बाद उनका यह बयान सामने आया है।



रक्षा मंत्री ने आगे कहा कि ऐसी कोशिश की जा रही है कि हमारी चीजें बाहर महंगी हो जाएं। फिर भी कोई ताकत दुनिया की बड़ी शक्ति बनने से भारत को नहीं रोक सकती है। तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था अगर किसी देश की है तो वह हमारे भारत की है। अब भारत ?24000 करोड़ का रक्षा उत्पाद दुनिया को निर्यात कर रहा है। अब हमने भी ठान लिया है कि आतंकियों को उनके धर्म देखकर नहीं, बल्कि उनका कर्म देखकर मारेंगे। जो हमें छेड़ेगा, उसे छोड़ेंगे नहीं।

यह महज संयोग नहीं कि रविवार को ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी देश की अर्थव्यवस्था पर बात की और भारत की अर्थव्यवस्था के तेज रफ्तार के बारे में संकेत देते हुए साफ कहा कि दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में भारत सबसे तेज गति से आगे बढ़ रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है। यह गति सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन की भावना से हासिल की गई है। बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारतीय अर्थव्यवस्था पर निशाना साधने के कुछ दिन बाद पीएम की यह प्रतिक्रिया सामने आई है। पीएम ने यहां तक कहा कि %ऑपरेशन सिंदूर% की सफलता के पीछे भारतीय टेक्नॉलजी और मेक इन इंडिया का हाथ था। उसने कुछ ही घण्टों में पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया। गौरतलब है कि रिजर्व बैंक ने पिछले हफ्ते ही भारत की जीडीपी ग्रोथ का 2025-26 के लिए अनुमान 6.5 प्रतिशत पर बनाए रखा, जबकि दुनिया की बाकी इकॉनमी की ग्रोथ के लिए यह अनुमान तकरीबन 3 फीसदी ही है।

वहीं, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के डेटा बताते हैं कि 2024 में भारत ने ग्लोबल जीडीपी ग्रोथ में लगभग 17 प्रतिशत का योगदान दिया और अगले 5 साल में यह आंकड़ा 20 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। इस तरह से कोरोना महामारी के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था ने सबसे शानदार रिकवरी की और दुनियावी युद्धों व वैश्विक उथल-पुथल के बीच भी वह बढ़त बनाए हुए है।

दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय विकसित अर्थव्यवस्था की हकीकत यह है कि खुद अमेरिका की अर्थव्यवस्था इस समय संकट के दौर में गुजर रही है। वहां पर ट्रंप की अव्यवहारिक नीतियों के चलते महंगाई दर बढ़ने का डर है, जिससे आर्थिक विकास दर पर बुरा असर होगा। ऐसा अमेरिकी अर्थशास्त्रियों का भी मानना है। समझा जाता है कि ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी के कारण अगर अमेरिका में मंदी के हालात बनते हैं, तो इसका असर दूसरे मुल्कों पर भी होगा। इस बात में कोई दो राय नहीं कि ट्रेड और टैरिफ पर ट्रंप का सख्त रुख किसी के लिए भी सही नहीं है। अब तो इसे टैरिफ टेरर या टैरिफ फतवा तक करार दिया जाने लगा है।आखिरकार इस बढ़े टैक्स की कीमत अमेरिकियों को ही चुकानी पड़ेगी। ऐसे में बेहतर है कि समाधान बातचीत से निकाला जाए। लेकिन, वह बातचीत एकतरफा और अपनी मर्जी थोपने वाली नहीं हो सकती। इसलिए अपनी ग्रोथ को बनाए रखने के लिए भारत की एनर्जी संबंधी जरूरतें अमेरिका से बिल्कुल अलग है। इसी तरह, विशाल किसान व पशुपालक आबादी को लेकर भी भारत की कुछ स्वाभाविक चिताएं हैं। लिहाजा किसी भी समझौते में इन पहलुओं को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। वहीं, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा, झुकती है दुनिया, झुकाने वाला चाहिए। उनका संकेत पीएम मोदी, एचएम शाह और डीएम सिंह के सख्ती भरे फैसलों व बयानों की तरफ था, जिन्होंने रविवार को धूम मचा दिया। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने नागपुर में ठीक ही कहा कि आज दुनिया में जो देश दादागिरी कर रहे हैं, वे ऐसा इसलिए कर पा रहे हैं क्योंकि वे आर्थिक रूप से मजबूत हैं और उनके पास उन्नत तकनीक है। फिर भी उन्होंने चुटकी भरे अंदाज में कहा कि, दुनिया झुकती है बस झुकाने वाला चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत को अपनी निर्यात बढ़ानी होगी और आयात घटाने होंगे। अगर हमारी अर्थव्यवस्था और निर्यात की दर बढ़ेगी, तो हमें किसी के पास जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा, जिनके पास अच्छी तकनीक और संसाधन हैं, वही दबदबा दिखा रहे हैं। अगर हमारे पास भी यह सब होगा, तो हम किसी पर जुल्म नहीं करेंगे, क्योंकि हमारी संस्कृति दुनिया के कल्याण की सोच रखती है। दुनिया की कई समस्याओं का हल विज्ञान और तकनीक है, और यह ज्ञान ही शक्ति है। भारत को विश्वगुरु बनना है तो हमें निर्यात बढ़ाना और आयात कम करना होगा। गडकरी ने सुझाव दिया कि शोध संस्थान, आईआईटीज और इंजिनियरिंग कॉलेज देश की जरूरतों को ध्यान में रखकर शोध करें, हालांकि अन्य क्षेत्रों में भी शोध जरूरी है।

**वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक**

# पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने भारत के खिलाफ दी परमाणु धमकी

वाशिंगटन, (वार्ता)

पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर ने अमेरिकी धरती पर दिए गए एक भाषण में भारत को परमाणु युद्ध की धमकी देते हुए चेतावनी दी है कि अस्तित्व का खतरा पैदा होने पर पाकिस्तान आधी दुनिया को तबाह कर देगा।

फ्लोरिडा के टैम्पा में व्यवसायी और मानद वाणिज्य दूत अदनान असद द्वारा आयोजित एक रात्रिभोज में बोलते हुए सेना प्रमुख ने कहा, हम एक परमाणु संपन्न राष्ट्र हैं। अगर हमें लगता है कि हम बर्बाद हो रहे हैं तो हम आधी दुनिया को बर्बाद कर देंगे। रिपोर्टों के अनुसार अमेरिकी धरती से किसी तीसरे देश के खिलाफ परमाणु यद्ध के लिये दी गई उनकी यह पहली परमाणु धमकी हैं।

फील्ड मार्शल मुनीर अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) के कमान परिवर्तन समारोह में भाग लेने के लिए टाम्पा में हैं। दो महीने से भी कम समय में यह उनकी अमेरिका की दूसरी यात्रा है जो अमेरिका–पाकिस्तान के बीच नए सैन्य संबंधों का संकेत है। इससे क्षेत्र में अमेरिकी मंशा को लेकर भारत में गंभीर सवाल उठ रहे हैं। ऐसा अमेरिका और भारत के बीच बढ़ते व्यापारिक तनाव के बीच और महत्वपूर्ण हो जाता है।



फील्ड मार्शल मुनीर ने सिंधु नदी के चैनलों पर भारत द्वारा बनाए जाने वाले किसी भी बुनियादी ढांचे को नष्ट करने की भी धमकी भी दी। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसी योजनाओं से पाकिस्तान की जल आपूर्ति बाधित हो सकती है। गौरतलब है कि 22 अप्रैल के पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद सिंधु जल संधि को निलंबित करने के भारत के फैसले का जिक्र करते हुए उन्होंने दावा किया कि इस कदम से 25 करोड़ पाकिस्तानियों को भुखमरी का खतरा हो सकता है।

उन्होंने कथिततौर पर कहा हम भारत द्वारा बांध बनाने का इंतजार करेंगे और जब वह ऐसा करेगा तो हम उसे 10 मिसाइलों से नष्ट कर देंगे। सिंधु नदी भारतीयों की पारिवारिक संपत्ति नहीं है। हमें मिसाइलों की कमी नहीं है। अल–हम्दुलिल्लाह (हमारे पास मिसाइलों की कोई कमी नहीं है, अल्लाह की स्तुति हो)।

अपनी पिछली यात्रा के दौरान उन्होंने 18 जून को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ व्हाइट हाउस में दोपहर भोज में भाग लिया था और विवादास्पद रूप से अमेरिकी राष्ट्रपति को नोबेल शांति पुरस्कार देने का सुझाव दिया था। इसे उन्होंने फ्लोरिडा में भी दोहराया था। टैम्पा में हुए इस कार्यक्रम में लगभग 120 पाकिस्तानी प्रवासी शामिल हुए थे। कार्यक्रम में इज़राइली रक्षा बलों का एक प्रतिनिधि भी मौजूद था।

गौरतलब है कि जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में 26 भारतीय मारे गए थे जिसके बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव और सैन्य संकट बढ़ गया है। भारत ने 07 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया जिसके तहत पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकवादी ठिकानों पर मिसाइल और हवाई हमले किए गए। परमाणु हथियारों से लैस प्रतिद्वंद्वियों के बीच चार दिनों तक चले इस संघर्ष में ड्रोन युद्ध, तोपखाने से गोलाबारी और जवाबी हमलों सहित गंभीर सैन्य कार्रवाई हुई।

## सीरिया के सुवेदा क्षेत्र में हो रही हिंसा तत्काल रुकनी चाहिएः संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र (वार्ता)।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने रविवार को दक्षिणी सीरिया के द्रुज़ प्रांत में स्थित सुवेदा में नागरिकों के खिलाफ हो रहीं हिंसा की कड़ी आलोचना की है।

सुरक्षा परिषद ने एक बयान जारी कर 12 जुलाई से सुवेदा प्रांत में हो रही हिंसा, सामूहिक हत्या और आंतरिक विस्थापन पर चिंता जाहिर की। साथ ही परिषद ने सभी से युद्ध विराम का पालन करने और बिना किसी पक्षपात के सभी नागरिकों की रक्षा करने का आह्वान किया।

सीरिया की अंतरिम सरकार द्वारा इस मुद्दे की जाँच शुरु करने की प्रशंसा करते हुए परिषद ने कहा कि यह गैर–पक्षपातपूर्ण, पारदर्शी, व्यापक और अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के अनुसार होना चाहिए और हिंसा के आरोपियों को नहीं छोड़ा जाना चाहिए।

साथ ही परिषद ने सीरिया के राजनीतिक, आर्थिक और सुरक्षा मामलों में किसी भी तरह की हस्तक्षेप का कड़ा विरोध किया। परिषद ने इस बात पर जोर दिया कि सीरिया में सीरिया के लोगों द्वारा शासित एक समावेशी शासन व्यस्था होनी चाहिए।

## उपराज्यपाल द्वारा विधायकों को नामित करने का अधिकार लोकतंत्र का उल्लंघनः महबूबा

श्रीनगर, (वार्ता)



जम्मू–कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने सोमवार को केंद्र सरकार के उस फैसले की कड़ी निंदा की जिसमें उपराज्यपाल को केंद्र शासित प्रदेश की विधानसभा में पांच सदस्यों को नामित करने का अधिकार दिया गया है। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक सिद्धांतों का घोर उल्लंघन करार दिया।वह उन रिपोर्टों पर अपनी प्रतिक्रिया दे रही थीं जिनमें कहा गया था कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जम्मू–कश्मीर उच्च न्यायालय को सूचित किया है कि केंद्र शासित प्रदेश के उपराज्यपाल को निर्वाचित सरकार की सहायता एवं सलाह के बिना विधानसभा में पांच सदस्यों को नामित करने का अधिकार है।

सुश्री मुफ्ती ने एक्स पर कहा, ''जम्मू–कश्मीर में चुनाव के बाद पांच विधायकों को मनोनीत करने का केंद्र सरकार का फ़ैसला लोकतांत्रिक सिद्धांतों का घोर उल्लंघन है। देश में कहीं और केंद्र सरकार जनादेश को दरकिनार कर विधायकों का चयन नहीं करती है। भारत के एकमात्र मुस्लिम–बहुल क्षेत्र में जो लंबे समय से संघर्ष कर रहा है यह कदम शासन कम और नियंत्रण ज़्यादा लगता है।''उन्होंने इस कदम को जम्मू–कश्मीर में लोकतंत्र के विचार पर एक और बड़ा प्रहार करार दिया।उन्होंने कहा, ''राज्य का अवैध विभाजन, विषम परिसीमन और भेदभावपूर्ण सीट आरक्षण के बाद यह नियुक्ति जम्मू–कश्मीर में लोकतंत्र के विचार पर एक और बड़ा प्रहार है।

सुश्री मुफ्ती ने कहा कि प्रतिनिधित्व लोगों के वोट से अर्जित होना जाना चाहिए न कि केंद्र सरकार के आदेश से।

पीडीपी प्रमुख ने कहा कि इसे नियम नहीं बनने दिया जा सकता। उन्होंने उम्मीद जताई कि मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला सरकार जागेगी और इस अलोकतांत्रिक परंपरा को चुनौती देगी। जम्मू–कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम 2019 के अनुसार, उपराज्यपाल विधानसभा में पांच सदस्यों को नामित कर सकते हैं जिनमें दो महिलाएं, दो प्रवासी कश्मीरी पंडित (जिनमें से एक महिला होनी चाहिए) और एक सदस्य पाक अधिकृत कश्मीर से विस्थापित शामिल हैं। पांच सदस्यों को नामित करने के उपराज्यपाल के इस अधिकार को पूर्व विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) और कांग्रेस नेता रविंदर शर्मा ने उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी।

## बाढ़ से बचने के लिये पेड़ पर बिताये 20 घंटे

मुरादाबाद,(वार्ता)

'डूबते को तिनके का सहारा' के मुहावरे को चरितार्थ करते हुये मुरादाबाद में एक युवक ने बाढ़ के पानी से जान बचाने के लिये पेड़ की एक टहनी का सहारा लिया। बाढ़ में फंसा युवक ने टहनी के सहारे पेड़ पर 20 घंटे तक बैठा रहा। एसडीआरएफ व पुलिस की संयुक्त रेस्क्यू टीम ने युवक को सुरक्षित निकाला। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि संभल जिले के कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव मैतरा निवासी सत्यपाल (22) रक्षाबंधन पर्व पर नौ अगस्त की शाम रझेड़ा स्थित रामगंगा नदी के पुल के समीप वह खुद को संभाल नहीं पाया वह लगभग एक किलोमीटर तक बाढ़ के पानी में बहता चला गया था। इस दौरान उसे थाना मूंढापाण्डे क्षेत्र के रोंडा– झोंडा के इलाके में यूकेलिप्टस की टहनी का सहारा मिल गया और वह किसी तरह पेड़ पर चढ़ गया। उसने अपने भाई वीरपाल को संभल में फोन कर घटना से संबंधित जानकारी देने की कोशिश की मगर पानी में भींगने के कारण मोबाइल बंद हो गया जिससे भाई को उसकी लोकेशन पता नहीं चल पायी। युवक शनिवार को रात भर पेड़ पर बैठा रहा। रविवार दोपहर लगभग एक बजे वीरपाल ने पुलिस चौकी रौंडा झोंडा थाना मूंढापाण्डे पर भाई सतपाल के रक्षाबंधन के दिन रझेड़ा बाढ़ में बह जाने की सूचना दी। मोबाइल बंद होने से पहले सत्यपाल ने परिजनों को सूचित किया था कि वह जंगल में एक पेड़ पर बैठा हुआ है।

सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक थाना मूंढापाण्डे पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे और एसडीआरएफ टीम व स्थानीय गोताखोरों को भी सूचना दे कर बुलवा लिया गया था। पीड़ित की लास्ट काल के आधार पर लोकेशन का पता लगाया गया। चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक उदयवीर सिंह,हेड़ कांस्टेबल अजय कुमार एवं हेड कांस्टेबल राजकुमार द्वारा स्थानीय तैराकों की सहायता से काफ़ी गहरे जलभराव क्षेत्र में पीड़ित सत्यपाल को पेड़ से सुरक्षित उतार कर बाढ़ के सैलाब से सकुशल बाहर निकाल लाए।

## श्री काशी विश्वनाथ धाम पूर्णतः प्लास्टिक मुक्त परिसर घोषित

**वाराणसी, (वार्ता)।** श्री काशी विश्वनाथ धाम को सोमवार से पूर्णतः प्लास्टिक मुक्त परिसर घोषित किया गया है। इस अवसर पर मंदिर न्यास के अधिकारियों, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, डिप्टी कलेक्टर, विशेष कार्याधिकारी सहित अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में धाम के समीप स्थित गेट नंबर 4 से ढुंढिराज गणेश एवं माता विशालाक्षी मंदिर क्षेत्र के सभी पुष्प–माला विक्रेताओं को प्लास्टिक मुक्त धाम अभियान के संबंध में पुनः जागरूक किया गया। मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने बताया कि श्री काशी विश्वनाथ धाम परिसर में किसी भी प्रकार के प्लास्टिक के साथ प्रवेश पूर्णतः निषिद्ध है।

## नाकामियों को छिपाने के लिये भाजपा ने बुलाया एक दिन में 24 घंटे का सत्रः शिवपाल

लखनऊ (वार्ता)

समाजवादी पार्टी (सपा) के महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने सोमवार को कहा कि नौ साल की नाकामियों को छिपाने के लिये भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने उत्तर प्रदेश विधानसभा के चार दिन के मानसूत्र सत्र के दौरान एक दिन 24 घंटे सदन चलाने का निर्णय लिया है। उन्होने पार्टी अध्यक्ष एवं सांसद भतीजे अखिलेश यादव की नई दिल्ली में निर्वाचन आयोग जाते समय पुलिस बैरीकेडिंग फांदने के वीडियो को भी साझा करते हुये एक्स पर लिखा संघर्ष की पहचान–रुकना नहीं, टकराना है। जब हक़ की आवाज़ रोकने को बैरिकेड खड़े हों,तो समाजवादी पीछे नहीं हटते। बैरिकेड तोड़ते हैं, कूदते हैं, ललकारते हैं। आज अखिलेश यादव जी की छलांग सिर्फ़ लोहे पर नहीं थी,ये छलांग थी लोकतंत्र बचाने की कसम पर। उत्तर प्रदेश विधानसभा के सोमवार को शुरु हुये मानसून सत्र की कार्यवाही के शुरु होने से ठीक पहले शिवपाल ने एक्स पर लिखा भाजपा सरकार अपनी नौ साल की नाकामियों को छुपाने के लिए चार दिन में ही एक दिन चौबिस घंटे का विधान सभा सत्र चलाना चाह रही है। भाजपा सरकार पूरी तरह से विफल है और अपनी नाकामियों, विफलता और विकास के झूठे एजेण्डों को छुपाने के लिए चार दिन का विधान सभा सत्र लेकर आयी है। इस सत्र के चार दिन चलने से भी प्रदेश की स्थिति व विकास में कोई सुधार नहीं आयेगा। उन्होने कहा सिंचाई की उचित व्यवस्था भाजपा सरकार दे नही पाई, बाढ़ को पूरे प्रदेश में रोक नहीं पाई और इनके मंत्री कहते है कि प्रकृति से कैसे लड़ा जाये कम से कम बाढ़ से निपटने के लिए व्यवस्था तो की जा सकती है। लोक निर्माण विभाग की स्थिति आप लोगों ने देख ही ली दो दिन की बरसात में लखनऊ की सड़कों का बुरा हाल कर दिया है, ऐसा लगता है कि धूल भरी ऑंधी चल रही है। लखनऊ में यह स्थिति है तो पूरे प्रदेश का क्या हाल होगा। भाजपा सरकार राजस्व नही बढ़ा पा रही, भ्रष्टाचार बढ रहा है, महिला सुरक्षा का बुरा हाल है, स्वास्थ व्यवस्था चौपट है, मधुशालाओं में बढ़ोत्तरी हो रही है पाठशालाओं में कटौती हो रही है। बिजली न होने के कारण पूरा प्रदेश त्राहीमाम त्राहीमाम कर रहा है, उक्त स्थितियों में सुधार तभी हो पायेगा जब भाजपा की सरकार को हटा कर समाजवादी पार्टी की सरकार 2027 में बनेगी।



## सत्तारुढ़ पार्टी का एजेंट और प्रवक्ता है चुनाव आयोग : राउत

मुंबई (वार्ता)

शिवसेना (यूबीटी) नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय राउत ने चुनाव आयोग (ईसी) पर तीखा हमला करते हुए उसे 'दोमुंहा कीड़ा' तथा 'सत्तारुढ़ दल का एजेंट और प्रवक्ता' करार दिया है। श्री राउत ने अपने बयान में कहा, महाराष्ट्र में अनियमितताओं के सबूत पेश करने के बावजूद चुनाव आयोग ने कोई कार्रवाई नहीं की। हमने देखा कि कैसे आयोग ने शिवसेना का नाम और चुनाव चिह्न देशद्रोहियों को सौंप दिया। हमें चुनाव आयोग पर कोई भरोसा नहीं है, यह भाजपा का एक हथियार है। उन्होंने कहा कि सभी विपक्षी दल चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली के खिलाफ एकजुट हो गए हैं और आरोप लगाया कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा) द्वारा चुनाव आयोग की मिलीभगत से आयोजित 'वोट लूट' के लाभार्थी बनकर उभरे हैं। उन्होंने कहा, हम चुनाव आयोग का विरोध कर रहे हैं। चुनाव आयोग द्वारा वोटों की लूट से श्री फडणवीस को फायदा हुआ है और इसीलिए वह आयोग के प्रवक्ता के रूप में बोलते हैं।



# सपा का लोकतंत्र में विश्वास दिखावा मात्र : योगी

लखनऊ,(वार्ता)

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को विधानसभा में मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) पर निशाना साधते हुये कहा कि सपा का लोकतंत्र में विश्वास केवल दिखावा है और इनसे सुरक्षा और विकास की उम्मीद नहीं की जा सकती।

मानसून सत्र के पहले दिन सपा सदस्यों के हंगामे और नारेबाजी के बाद सदन को संबोधित करते हुये योगी ने सपा के कार्यकाल में व्यापारियों पर हुए अत्याचार और गुंडा टैक्स की याद दिलाते हुये कहा कि सपा का लोकतंत्र में विश्वास केवल दिखावा है। उन्होंने संभल, बहराइच और गोरखपुर में सपा की नकारात्मक राजनीति पर भी सवाल उठाए। योगी ने नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय को एक वरिष्ठ नेता बताते हुए कहा कि कुछ लोग उनके कंधे पर बंदूक रखकर गोली चला रहे हैं। उन्होने कहा माता प्रसाद पांडेय जी, आप वरिष्ठ हैं। आपको अनावश्यक रूप से मोहरा बनाकर कुछ लोग आपके कंधे पर बंदूक रखकर निशाना साध रहे हैं। आपको ऐसा होने नहीं देना चाहिये। उन्होंने गोरखपुर के विरासत कॉरिडोर के मुद्दे पर सपा की राजनीति को नकारात्मक और विकास विरोधी करार दिया।

उन्होंने कहा कि गोरखपुर विरासत कॉरिडोर के सबसे पुराने बाजार, घंटाघर और गीताप्रेस जैसे ऐतिहासिक स्थानों को जोड़ने का काम करेगा। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष से तीन दिन पहले गोरखपुर विरासत कॉरिडोर का निरीक्षण किया था। वहां के एक–एक व्यापारी से बात की। यह गोरखपुर का सबसे पुराना बाजार है, जहां कंजेशन और अवैध कब्जे की समस्या थी। हमने सड़क निर्माण और कंजेशन दूर करने का काम शुरू किया है। योगी ने बताया कि उन्होंने व्यापारियों को मुआवजा देने का आश्वासन दिया है। सरकार सुनिश्चित करेगी कि विकास कार्यों के दौरान किसी का नुकसान न हो।



उन्होंने सपा पर आरोप लगाया कि उनके कार्यकाल में इस क्षेत्र में कोई विकास कार्य नहीं हुआ। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि सपा के समय में मासूम बच्चे हर साल इन्सेफेलाइटिस से मरते थे। हर साल 700 से 1500 बच्चों की मौत इन्सेफलाइटिस से होती थी। नेता प्रतिपक्ष के विधानसभा क्षेत्र और सिद्धार्थनगर जनपद में सैकड़ों बच्चे मरते थे, लेकिन आपने कुछ नहीं किया। स्वास्थ्य, शिक्षा और विकास आपका एजेंडा कभी नहीं रहा। योगी ने कहा कि गोरखपुर के व्यापारियों ने माता प्रसाद पांडेय के दौरे का विरोध किया था, क्योंकि सपा के कार्यकाल में व्यापारियों को भय और गुंडा टैक्स का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी व्यापारी सपा के कार्यकाल में हुए शोषण को नहीं भूले हैं। व्यापारी इसलिए आशंकित और आक्रोशित थे कि आप बिना बुलाए वहां गए और उनके विकास कार्यों में बाधा डालने की कोशिश की। सीएम योगी ने आगे कहा कि व्यापारियों ने आपका सम्मान पूर्वक विरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा से सुरक्षा और विकास की उम्मीद नहीं की जा सकती। मुख्यमंत्री ने ने संभल में सपा सरकार के दौरान हुए बवाल का जिक्र करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार वहां शुद्धिकरण अभियान चला रही है। उन्होंने कहा कि सपा ने संभल में जो नकारात्मकता फैलाई, आज हम उसे सुधार रहे हैं। लेकिन सपा अपनी पुरानी आदतों से बाज नहीं आती और विकास को अवरुद्ध करने की कोशिश करती है। योगी ने सपा पर विकास विरोधी होने का आरोप लगाते हुए कहा कि चाहे संभल हो, बहराइच हो या गोरखपुर, सपा हर जगह नकारात्मक राजनीति करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा और एनडीए की सरकार विकास कराना चाहती है, लेकिन सपा को यह बुरा लगता है।

## फिल्म/टीवी मनोरंजन

## हंसिका मोटवानी ने जन्मदिन पर शेयर किया दर्दनाक पोस्ट

अभिनेत्री हंसिका मोटवानी ने हाल ही में अपने 34वें जन्मदिन के मौके पर एक पोस्ट साझा की, जिसने पति सोहेल खतुरिया से उनके तलाक की अफवाहों को और हवा दे दी है। पिछले कुछ हफ्तों से इन दोनों के बीच तलाक की खबरें चल रही हैं, खासकर तब जब हंसिका ने अपने इंस्टाग्राम से शादी की तस्वीरें हटा दी थीं।



9 अगस्त को अपना जन्मदिन मनाते हुए, हंसिका ने नीले समुद्र की एक तस्वीर के साथ एक पोस्ट शेयर की। इसमें उन्होंने लिखा, मैं बहुत विनम्र और कृतज्ञता से भरी हुई हूं। प्यार में लिपटी हुई, केक से सजी हुई और हर छोटे से छोटे पल के लिए आभारी हूं। इसके बाद उन्होंने 2025 के बारे में बात करते हुए लिखा कि यह साल उनके लिए ऐसे सबक लेकर आया है, जिनकी उन्होंने उम्मीद नहीं की थी, और ऐसी ताकत दी है, जिसके बारे में उन्हें पता भी नहीं था कि उनके पास है। उन्होंने अपनी पोस्ट में यह भी जोडा कि उनका दिल भर गया है, फोन भर गया है और आत्मा को शांति मिली है। इस तरह के भावुक संदेशों ने इन अफवाहों को और मजबूत किया है। दिसंबर 2022 में जयपुर में सोहेल खतुरिया से शादी करने वाली हंसिका के तलाक की खबरें तब शुरू हुई जब उन्होंने अपने सोशल मीडिया से शादी से जुडी तस्वीरों को हटा दिया। इससे पहले, उनकी शादी को एक रियलिटी टीवी शो हंसिका के लव शादी ड्रामा में भी दिखाया गया था।

हिंदुस्तान टाइम्स के एक सूत्र के अनुसार, दोनों के अलग होने की वजह उनके साथ रहने में हो रही परेशानियां हैं। सूत्र ने बताया, हंसिका अपनी मां के साथ रहने लगी हैं, जबकि सोहेल अपने माता–पिता के साथ। शादी के बाद वे सोहेल के परिवार के साथ रह रहे थे, लेकिन एक बडे परिवार में तालमेल बिठाना मुश्किल हो रहा था। बाद में वे उसी इमारत के एक कॉन्डो में चले गए, लेकिन दिक्कतें खत्म नहीं हुईं। बता दें, सोहेल की यह दूसरी शादी है। उनकी पहली पत्नी रिंकी बजाज, हंसिका की सबसे अच्छी दोस्त हुआ करती थीं। हालांकि, हंसिका और सोहेल ने साफ किया था कि वे एक–दूसरे को काफी लंबे समय से जानते हैं, क्योंकि सोहेल उनके भाई के दोस्त हैं।

## मेहनत के दम पर सुनील शेट्टी ने हासिल किया स्टारडम



बॉलीवुड अभिनेता सुनील शेट्टी आज यानी की 11 अगस्त को अपना 64वां जन्मदिन मना रहे हैं। सुनील शेट्टी ने अपने तीन दशक के अभिनय करियर में 100 से यादा फिल्मों में काम किया था। इंडस्ट्री में लोग सुनील शेट्टी को अन्ना के नाम से भी जानते हैं। अभिनेता एक्शन, रोमांस से लेकर कॉमेडी तक में अभिनय का रंग जमा चुके हैं। उन्होंने बॉलीवुड में कई बेहतरीन फिल्मों में काम किया है। मंगलूरू में 11 अगस्त 1961 में एक मध्यवर्गीय परिवार में सुनील शेट्टी का जन्म हुआ था। उनके पिता ने वेटर की नौकरी से शुरूआत करते हुए अपना रेस्तरां का बिजनेस खड़ा किया था। कॉलेज के दिनों में सुनील को मार्शल आर्ट में दिलचस्पी पैदा हुई थी। सुनील ने किक बॉक्सिंग में ब्लैक बेल्ट हासिल की। फिल्मों में आने से पहले सुनील अपने पिता के साथ रेस्तरां बिजनेस देखते थे। लेकिन इसी दौरान सुनील शेट्टी का मन अभिनय करने को हुआ। ऐसे में उन्होंने बतौर एक्शन हीरो अपने फिल्मी करियर की शुरूआत की। सुनील शेट्टी की लव लाइफ बिल्कुल फिल्मी है। उन्होंने अपने माता–पिता के खिलाफ जाकर शादी की थी। उनकी पत्नी अलग धर्म से संबंध रखती थीं। इसलिए परिवार शादी के राजी नहीं था। लेकिन अभिनेता पीछे नहीं हटे। पहली फिल्म मिलते ही अभिनेता ने माना शेट्टी से शादी करने का फैसला लिया था। वह पहले एक्शन फिल्मों के लिए जाने गए। इसके बाद अभिनेता रोमांस में छा गए और फिर बाद में कॉमेडी के जरिए दर्शकों को खूब हंसाया था। साल 1992 में अभिनेता ने फिल्म बलवान से बॉलीवुड में कदम रखा था। इसके बाद साल 1996 में फिल्म विश्वासघात, साल 1996 में शस्त्र, साल 1997 में बॉर्डर साल 1997 में भाई, साल 2001 में ऑफिसर और फिर साल 2002 में कांटे जैसी कई एक्शन फिल्मों का हिस्सा रहे। सुनील शेट्टी 90 के दशक के ऐसे अभिनेता थे, जिनके फिटनेस की बराबरी उस समय कोई नहीं कर पाता था। यही वजह है कि अभिनेता पर एक्शन रोल खूब अछे लगते थे।एक्शन में रंग जमाने के बाद अभिनेता ने बड़े पर्दे पर रोमांस भी किया। उन्होंने साल 1999 में हू तू तू, साल 2000 में फिल्म धड़कन और साल 2001 में प्यार इश्क और मोहब्बत जैसी रोमांटिक ड्रामा फिल्मों में अपनी छाप छोड़ी थी। साल 2000 के बाद अभिनेता सुनील शेट्टी ने हिट कॉमेडी फिल्मों का हिस्सा बनें। उन्होंने साल 2008 हेरा फेरी, साल 2001 में फिल्म कुछ खट्टी कुछ मीठी, साल 2002 में फिल्म आवारा पागल दीवाने, साल 2004 में आई फिल्म हलचल, साल 2006 में दे दना दन, साल 2010 में नौ प्रॉब्लम और साल 2011 में आई फिल्म थैंक यू जैसे कॉमेडी फिल्मों में काम किया है।

## होटल के कमरे में ऑडिशन, डायरेक्टर ने पार की सारी हदें, जैस्मिन भसीन ने किसी तरह बचाई जान



दिल से दिल तक और नागिन 4 जैसे सीरियल्स से शोहरत बटोर चुकीं अभिनेत्री जैस्मिन भसीन ने अपने करियर के शुरुआती दिनों से जुडा एक किस्सा शेयर किया है। अभिनेत्री ने बताया कि एक ऑडिशन के दौरान डायरेक्टर ने अपनी हदें पार करने की कोशिश की थी। जैस्मिन के इस खुलासे ने उनके प्रशंसकों को चौंका दिया है।

द हिमांशु मेहता शो में, जैस्मीन ने एक ऑडिशन का जिक्र किया, जो होटल के एक कमरे में था। उन्होंने बताया, मैं ऑडिशन के लिए बॉम्बे आई थी, और जुहू के एक होटल में एक मीटिंग थी। लॉबी में बहुत सारी लडकियां और अभिनेत्रियां इंतजार कर रही थीं, और कई कोऑर्डिनेटर भी थे। सभी लोग मीटिंग के लिए अंदर जा रहे थे। जब मेरी बारी आई, तो एक आदमी को शराब पीते और मुझे ऑडिशन देने के लिए कहते देखकर मैं डर गई। कोऑर्डिनेटर भी कमरे से बाहर चला गया। तो पहले तो मैं डर गई। उन्होंने आगे कहा, उसके बाद, उन्होंने मुझसे कहा, तुम्हें यह सीन करना होगा। तो मैंने उनसे कहा, सर, ठीक है, मैं सीन तैयार करके कल आऊंगी। उन्होंने कहा, नहीं, नहीं, तुम्हें अभी करना होगा। उन्होंने मुझे एक सीन बताया, जैसे, तुम्हारा प्रेमी जा रहा है, तुम्हें उसे रोकना होगा। तो मैंने वैसा ही किया। उन्होंने कहा, नहीं, ऐसे नहीं। तुम्हें... फिर उन्होंने मुझे कमरे में बंद कर दिया और कुछ और करने की कोशिश करने लगे। लेकिन मैंने अपने हुनर का इस्तेमाल किया और वहां से भाग निकली। उस दिन, मैंने तय कर लिया कि अब कभी भी होटल के कमरे में कोई मुलाकात नहीं होगी, जिंदगी में कभी नहीं जैस्मीन को आखिरी बार करण जौहर के रियलिटी गेम शो द ट्रेटर्स में देखा गया था, जिसमें महीप कपूर, जन्नत जुबैर, ऊर्फी जावेद, पूरव झा, आशीष विद्यार्थी, अपूर्वा मुखीजा और अंशुला कपूर भी थे। इस शो को ऊर्फी जावेद और निकिता लूथर ने जीता था। जैस्मीन ने अभी तक अपने अगले प्रोजेक्ट की घोषणा नहीं की है।



## करेली नगर को विकास की नई सौगात मिली

# 1 करोड़ 25 लाख से दीनदयाल रसोई और नई सड़क का लोकार्पण

करेली।

नगर पालिका परिषद करेली के विकास क्रम में 11 अगस्त 2025 को नगर के पंडित महादेव प्रसाद तिवारी सामुदायिक भवन, सोमवार बाजार में विकास के नए आयाम जोड़ते हुए भव्य लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर दीनदयाल रसोई का शुभारंभ और राम रसोई (राम वार्ड) से गुरुद्वारा होते हुए लक्ष्मी नारायण वार्ड तक नई निर्मित सीमेंट कंक्रीट सड़क का लोकार्पण किया गया। कुल 1 करोड़ 25 लाख रुपये की लागत से निर्मित यह सड़क क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करेगी, जिससे आवागमन सुगम होगा और स्थानीय व्यापार एवं जनजीवन में नई ऊर्जा का संचार होगा। इस ऐतिहासिक अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन जालम सिंह पटेल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने नगर पालिका करेली की विकास योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य




सरकार द्वारा दी जा रही योजनाओं का लाभ अब तेजी से अंतिम पंक्ति के नागरिक तक पहुंच रहा है, और करेली नगर इसका उत्कृष्ट उदाहरण है। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुशीला ममार ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि करेली में विकास का यह सिलसिला निरंतर जारी रहेगा और नगर के प्रत्येक वार्ड को बेहतर सुविधाओं से जोड़ा जाएगा। पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी ने अपने संबोधन में कहा करेली का विकास केवल ईंट-पत्थर का निर्माण नहीं है, बल्कि यह यहां के नागरिकों की खुशहाली और जीवन स्तर सुधारने का संकल्प है। दीनदयाल रसोई से जरूरतमंदों को सस्ता और पौष्टिक भोजन मिलेगा, वहीं नई सड़क से यातायात और व्यापार दोनों को नया आयाम मिलेगा। इस अवसर पर पूर्व राज्य मंत्री मध्य प्रदेश शासन जालम सिंह पटेल, पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी, नगर पालिका की अध्यक्षता श्रीमती सुशीला ममार तथा विशिष्ट अतिथियों में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष पंडित रामस्नेही पाठक, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र स्वामी, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता नेमा, विधायक प्रतिनिधि बृजेश माते, समस्त पार्षदगण एवं वरिष्ठ जनप्रतिनिधि मंचासीन रहे।

कार्यक्रम का संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष रजत चौहान ने किया तथा आभार मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीकांत पाटर ने व्यक्त किया। अतिथियों ने दीनदयाल रसोई के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पहल निर्धन, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों को स्वच्छ और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने में मील का पत्थर साबित होगी। नई सड़क के लोकार्पण पर क्षेत्र के नागरिकों ने प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि इससे बारिश में होने वाली कठिनाइयों से मुक्ति मिलेगी और यातायात सुचारू रहेगा। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद के पिछले 3 वर्षों के विकास कार्यों एवं आगामी 2 वर्षों की कार्ययोजना पर आधारित वुकलेट का विमोचन किया गया, जिसमें विकास यात्रा और नई सौगातों का विस्तृत विवरण शामिल है। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के अंतर्गत नगर पालिका के सभी वार्डों के 214 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। इससे हितग्राहियों का च्पक्का घर का सपनाञ्ज साकार होगा और उन्हें रहने की उचित सुविधा मिलेगी। सोमवार बाजार स्थित दीनदयाल रसोई के समीप जनप्रतिनिधियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। भव्य समारोह में नगर के वार्डों के पार्षद, सामाजिक संगठन, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठजन, व्यापारी वर्ग, महिला समूह, अधिकारी कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में आम नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम स्थल पर उत्साह और गर्व का वातावरण रहा। नागरिकों ने इस विकास उपलब्धि के लिए नगर पालिका परिषद करेली एवं जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।

# शिक्षक सन्दर्भ समूह मनाएगा पुस्तकालय दिवस

## 18 अगस्त तक पुस्तक सप्ताह का आयोजन करेगा समूह

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

शिक्षक संदर्भ समूह विद्यालयों में 18 अगस्त तक पुस्तक सप्ताह आयोजित करेगा। समूह की राज्य स्तरीय संचालन समिति के सदस्य मधुसूदन पटैल एवं सिराज अहमद सिद्धिकी ने बताया कि पुस्तक सप्ताह के अंतर्गत शिक्षक पुस्तकालय में उपलब्ध पुस्तकों को सम्हाल सकते हैं और उन्हें बच्चों के उपयोग के लिए तैयार कर सकते हैं। स्कूलों में बाल पुस्तक समिति का गठन करते हुए जो बच्चे ठीक से पढ़ सकते हैं उन्हें तेज आवाज में पढ़ने का अवसर देने के लिए पठन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। जो बच्चे कविताएं बोल सकते हैं उनके लिए बालसभा में बाल कवि सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। प्रार्थना सभा में अखबार को पढ़कर बच्चे प्रतिदिन मुख्य समाचार का वाचन करेंगे। उन्होंने सझाव देते हुए कहा कि शिक्षक गण बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए उपहार स्वरूप लेखन सामग्री भेंट कर सकते हैं। 12 अगस्त को पुस्तकालय दिवस समारोह आयोजित कर विद्यालय के पूर्व छात्रों को आमन्त्रित किया जा सकता हैं। पुस्तकालय दिवस समारोह में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष और सभी सदस्यों को आमन्त्रित कर सकते हैं। इसी दिन सभी पालकों को सादर आमन्त्रित कर उनकी बातें सुनकर विद्यालय के लिए बाल सहयोगी पालक मंच का गठन कर सकते हैं। समारोह में उपस्थित अतिथियों को पुस्तक भेंट कर उनका सम्मान कर सकते हैं। सन्दर्भ समूह के सभी शिक्षकों ने अपील की हैं कि सभी साथियों को अपने विद्यालय में 18 अगस्त 2025 तक पुस्तक सप्ताह का आयोजन करते हुए 15 अगस्त को पालकों के सामने बच्चों को पुरस्कृत करना चाहिए। जो पालक आपके विद्यालय को सहयोग करते हैं उनका सम्मान किया जा सकता है।



# पशु चिकित्सालय के सामने बैठी गायों को अज्ञात वाहन ने कुचला हुई मौत



**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** गो वंश और बेसहारा पशुओं की शहर में और आसपास सड़क पर भरमार है। शहर में गौशाला के अभाव में लगातार गौ वंश की वृद्धि हो रही है। बरसात के मौसम में सुरक्षित स्थान पर गौ वंश और अन्य बेसहारा पशु बैठने को मजबूर है। और दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं।

बीती रात ऐसा ही एक मामला गाडरवारा बायपास रोड पशु चिकित्सालय के सामने आया जहां पर एक अज्ञात वाहन ने सड़क किनारे बैठी जिंदा गायों के ऊपर चढ़ा दिया। मौके पर गायों की मृत्यु हो गई। अज्ञात वाहन फरार हो गया। ककरा घाट नर्मदा दर्शन कर लौटकर आ रहे भाजपा नेता पवन पटेल उनके साथ केशव पचौरी नीरज प्रजापति ने घटनास्थल पर जाकर घटनास्थल पर देखा जहां गाये मृत पड़ी थी।

भाजपा नेता पवन पटेल ने तत्काल गाडरवारा थाने में अज्ञात वाहन के खिलाफ स्न्ढ्ढक्र दर्ज कराई गई। प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने के बाद घटनास्थल से थाना प्रभारी विक्रम रजक एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी वैभव देशमुख ने मृत पड़ी गायों को रात में सुरक्षित स्थान पर पहुंचा कर आगे की कार्रवाई के लिए पहुंचाया।

## रक्षाबंधन के पावन पर्व पर जेल में निरूद्ध बंदियों की बहनों को दी गई विशेष मुलाकात

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** रक्षाबंधन के पावन अवसर पर जेल में निरूद्ध बंदियों की बहनों को विशेष मुलाकात की व्यवस्था केन्द्रीय जेल नरसिंहपुर द्वारा कराई गई। यह मुलाकात प्रात- 9 बजे से अत्याधिक सुरक्षा व्यवस्था के साथ प्रारंभ की गई। जेल के खंड- अ एवं खंड स सहित 788 बंदियों एवं 15 महिला बंदिनी सहित कुल 803 बंदियों को उनकी लगभग 2 हजार 410 बहनों/ भाईयों से प्रत्यक्ष मुलाकात कराई गई। केन्द्रीय जेल नरसिंहपुर में भाई- बहन के पवित्र रिश्तों को रेखांकित करने वाला रक्षाबंधन का पर्व पारंपरिक तरीके से मनाया गया। बंदियों की बहनों द्वारा अपने भाईयों को रक्षासूत्र बांधा एवं सतकर्मों द्वारा एक सभ्यनागरिक बनने का वचन लिया। बंदी भाईयों ने बुराईयों को त्याग कर आगे का जीवन सतमार्ग पर चलने का वचन दिया। इस दौरान जेल अधीक्षक श्री अजमेर सिंह ठाकुर, जेल उप अधीक्षक श्री नरेन्द्र कुमार व्यास, सहायक जेल अधीक्षक श्री आशीष खरे, श्री एडवर्ड स्वामी, श्रीमती शिल्पा छत्तर सहित सुरक्षा का समस्त स्टाफ मौजूद था।

## दो दिवसीय प्रदर्शनी का होगा आयोजन

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** प्रभारी क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी केन्द्रीय संचार ब्यूरो जबलपुर ने बताया कि विभाजन विभीषिका, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम व हर घर तिरंगा विषय पर जिले में फोटो प्रदर्शनी का आयोजन स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर के सभागार में दो दिवसीय 13 व 14 अगस्त तक किया जाएगा। प्रदर्शनी प्रात- 10.30 बजे से सायं 6 बजे तक आम जनता के अवलोकनार्थ के लिए खुली रहेगी। इस प्रदर्शनी का शुभारंभ जनप्रतिनिधियों के माध्यम से किया जाना प्रस्तावित है।

# स्थानीय ब्रह्माकुमारी प्रजापति सेंटर में काजलियां व रक्षाबंधन कार्यक्रम रखा गया



गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

हर वर्ष के तरह इस वर्ष भी ओम शांति सेंटर लक्ष्मी टाउनशिप गाडरवारा में सेंटर प्रमुख दीदी उर्मिला साधना जी एवं अन्य सभी दीदियों के माध्यम से समस्त नगर वासियों को रक्षाबंधन की उपलक्ष में दीदी ने राखी बांधी व कजलिया ली गाडरवारा नगर के नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा, थाना प्रभारी विक्रम रजक,संजय डोगरे(प्रधान आरक्षक), अनिल कुमार ,शिशुपालतोमर(आरक्षक),जी.आर .पी थाना से लक्ष्मण प्रसाद झारिया(ह्यद्ब)धुर्वे साहब ,मेहताब सिंह(प्रधान आरक्षक) राजकुमार,पप्पू यादव (आरक्षक),जिनेश जैन(हीरा ज्वेलर्स) विधानसभा प्रतिनिधि नीलेश साहू,अशोक राजपूत(रोटरी क्लब), विशाल ठाकुर(राम रोटी)डॉ.संगीत जैन, दिनेश चौकसे,कैलाश विश्वकर्मा एवं ओम शांति सेंटर के सभी सदस्य व गाडरवारा नगर के सभी सदस्यों उपस्थित रहे। उर्मिला दीदी ने सभी को नशा मुक्ति के लिए शपथ ग्रहण भी कार्रवाई।

## सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते और विधायक महेन्द्र नागेश हर घर तिरंगा अभियान में शामिल हुए

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते और विधायक श्री महेन्द्र नागेश ने सोमवार को हर घर तिरंगा अभियान के तहत गोटेगांव विकासखंड के ग्राम झौंतेश्वर में तिरंगा यात्रा पैदल रैली में शामिल हुए। इस दौरान अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी- कर्मचारी और आम नागरिक शामिल हुए। यह तिरंगा रैली विभिन्न मार्गों से होकर निकाली गई। इस दौरान नागरिकों ने उत्साह के साथ भारत माता की जय आदि देशभक्ति से ओतप्रोत नारे लगाकर लोगों को अभियान में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। उल्लेखनीय है कि हर घर स्वच्छता- हर घर तिरंगा अभियान जिले में 8 अगस्त से 15 अगस्त तक जिले में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। राज्य शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा हर घर तिरंगा- हर घर



स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग अभियान गतिविधि के लिए कैलेंडर जारी किया गया है। जारी कैलेंडर के अनुसार जिले में दिनांकवार विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इस दौरान बच्चों ने उत्साह के साथ तिरंगा रैली भी निकाली। जारी कैलेंडर के अनुसार अभियान के तहत सोमवार 11 अगस्त को सामूहिक श्रमदान के माध्यम से ग्रामों के मुख्य सड़क के सभी अघोषित कचरा पड़ाव स्थलों की साफ- सफाई व सौंदर्यीकरण का कार्य किया गया। ग्रामों की नालियों, अघोषित कचरा स्थल, परिसर, गांव की गलियां आदि की साफ- सफाई की गई। अभियान के तहत जिले के ग्राम देतपौन, निवावर, तिगुवां, डुंगरिया, सगौरिया, सडूमर, बिजौरा, घघरौलाकलां, करहैया- सलैया, बिल्थारी, मनकापुर, टेकापार, हीरापुर आदि विभिन्न ग्रामों में जनसहयोग से स्वच्छता के लिए श्रमदान किया।

# हर तिरंगा अभियान में अधिक से अधिक नागरिकों को जोड़ने के दिए निर्देश



नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक आयोजित की गई। उन्होंने बैठक में हर घर तिरंगा अभियान, स्वच्छता, सीएम हेल्पलाइन, आंगनबाड़ी केन्द्र के निर्माणाधीन कार्यों और अन्य बिंदुओं की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री दलीप कुमार, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह, एसडीएम और विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख मौजूद थे। कलेक्टर श्रीमती पटले ने जिले में हर घर तिरंगा अभियान की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी शहरी क्षेत्र में कम से कम 5-5 सेल्फी प्वाइंट बनाया जाए। शासन द्वारा निर्मित वेबसाइट 222.ह्द्ब्रह्लद्दद्ध्रह्लह्लद्बह्लड्डठ्ठद्दड्ड.ष्श्वद्ब पर जाकर सेल्फी को अपलोड करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत सभी जनसामान्य स्वयं सेवक के रूप में पंजीयन कर सकते हैं। इसके लिए पर जाकर स्वयं सेवक बने वाली बटन पर क्लिक करें। इसके बाद पंजीकरण पर क्लिक करें। अपनी सामान्य जानकारी दर्ज करें और आगे बटन पर क्लिक करें और स्थान संबंधित जानकारी दर्ज करें, ई- मेल आईडी एवं पासवर्ड तैयार कर सबमिट करें बटन पर क्लिक करें। इसके पश्चात पंजीकरण उपरांत स्वयं सेवक का पंजीयन पूर्ण हो जावेगा, जो पोर्टल पर प्रदर्शित होगा। कलेक्टर श्रीमती पटले ने सभी नगरीय निकायों के सीएमओ को निर्देशित किया कि स्वच्छता अभियान के तहत वार्डों में जाकर नागरिकों से चर्चा करें। नगरीय निकायों के वार्डों में भ्रमण करें और स्वच्छता के संबंध में नागरिकों को जानकारी दें। उन्होंने इस दौरान सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का निराकरण संतुष्टि पूर्वक दर्ज करने को कहा। उन्होंने करेली, चीचली, सांईखेड़ा के बीएमओ को सीएम हेल्पलाइन की रैंक में सुधार लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती पटले ने महिला एवं बाल विकास विभाग के पोषण आहार वितरण के संबंध में समीक्षा की।

संबंधित अधिकारी को पोषण आहार वितरण कर पोर्टल पर जानकारी अपडेट करने के निर्देश दिए। उन्होंने पोषण वितरण में लापरवाही करने पर संबंधित सीडीपीओ के विरूद्ध कार्यवाही करने को कहा।

उन्होंने सीएमओ और सीईओ जनपद पंचायतों को निर्देश दिए कि उनके क्षेत्र अंतर्गत निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केन्द्र के भवनों का निर्माण कार्य समय सीमा में पूर्ण करें, जिससे आंगनबाड़ी केन्द्रों में बेहतर सुविधाएं मिल सके। उन्होंने नवीन आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण के लिए भूमि आवंटन करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्रीमती पटले ने सांसद और विधायक निधि के निर्माण कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माणाधीन निर्माण कार्यों की लगातार मॉनीटरिंग करने को कहा, जिससे निर्माण कार्य समय सीमा में पूर्ण हो सके। उन्होंने संजीवनी क्लीनिक के भवनों की समीक्षा की और निर्माण कार्यों को पूरी गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान अपार आईडी, समग्र ई-केवायसी, नगरीय क्षेत्रों में पीएम आवास योजना 2.0 और जिला स्तरीय आधार कार्यों के संबंध में समीक्षा की।

## जिले में 62 हजार 75 किसानों को 28.10 करोड़ रुपये की राशि का वितरित किया गया

### हर तिरंगा अभियान के तहत कार्य म का हुआ आयोजन

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा और केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा सोमवार को झूंझूनू राजस्थान से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत रबी 2024- 25 एवं पिछले वर्ष मौसमों में फसल बीमा दावों की पहली किस्त का डीबीटी से पात्र कृषकों के बैंक खातों में वितरण किया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र में नरसिंहपुर जिला स्तरीय कार्यक्रम पूर्व राज्यमंत्री श्री जालम सिंह पटेल, कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, श्री रामस्नेही पाठक, अध्यक्ष कृषि स्थानीय समिति श्री सीताराम नामदेव की मौजूदगी में किया गया। जिले में कुल 62 हजार 75 किसानों को 28.10 करोड़ रुपये की दावा राशि का वितरण सीधे बैंक खातों में किया गया। इस दौरान हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। पूर्व राज्यमंत्री श्री पटेल व कलेक्टर श्रीमती पटले ने आयोजित कार्यक्रम में किसानों से अपील की कि वे अधिक से अधिक अपनी फसलों का बीमा करवायें, ताकि विपरीत परिस्थितियों में फसल बीमा योजना का लाभ मिल सकें। कृषि वैज्ञानिक डॉ. विजय सिंह सूर्यवंशी ने किसानों को फसल बीमा के नियमों एवं फसल की स्थिति, कीट व्याधियां एवं बीमारियों की रोकथाम के लिए मार्गदर्शन दिया। आभार प्रदर्शन उप संचालक कृषि श्री मोरिस नाथ ने किया।



# समय-सीमा बैठक में अपर कलेक्टर ने की सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा

## हर घर तिरंगा अभियान के सफल आयोजन और स्वतंत्रता दिवस समारोह के भव्य आयोजन की तैयारियों की समीक्षा

## अधिकारियों को निर्देशों के पालन की दी हिदायत





कटनी (स्वतंत्रमत)

अपर कलेक्टर साधना परस्ते ने सोमवार को आयोजित समय-सीमा बैठक के दौरान सीएम हाउस से प्राप्त शिकायतों, सीएम हेल्पलाइन, हर घर तिरंगा अभियान के सफल आयोजन और स्वतंत्रता दिवस समारोह के भव्य आयोजन की तैयारियों की गहन समीक्षा की। साथ ही अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। बैठक में सभी एस डी एमए डिप्टी कलेक्टर त्रय प्रदीप कुमार मिश्रा व विवेक गुप्ता एवं विंकी सिंह मारे उइके, कार्यपालन यंत्री जलसंसाधन श्री व्ही ए सिद्दिकी, जिला पंजीयक पंकज कोरी, निगमायुक्त नीलेश दुबे, सिविल सर्जन, डॉ. यशवंत वर्मा, सी एम एच ओ डा राज सिंह ठाकुर, परियोजना अधिकारी जिला पंचायत मृगेंद्र सिंह सहित सहायक संचालक शिक्षा राजेश अग्रहरि और अन्य विभागों के जिला अधिकारी मौजूद रहे। अपर कलेक्टर परस्ते ने अधिकारियों को हर घर तिरंगा अभियान के तहत निर्धारित सभी घटकों के क्रियान्वयन हेतु संबंधित विभागों को पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कहा कि अभियान के दौरान प्रभावी गतिविधियां की जाएं। अधिक से अधिक तिरंगा यात्रा, तिरंगा रैली, मानव श्रृंखलाएं, साइकल रैली, बाइक रैली, रंगोली प्रतियोगिता और देशभक्ति से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर अभियान में अधिकतम जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए। आमजन को आसानी से राष्ट्रध्वज उपलब्ध कराए जाएं। तिरंगा यात्रा के संदर्भ में जिले के स्थानीय जनप्रतिनिधियों से परामर्श लेकर जिले के प्रमुख धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों, सांस्कृतिक मंडलों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों, वरिष्ठ नागरिकों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, लोकतंत्र सेनानियों, पेंशनर्स, सेवानिवृत्त सैनिकों और समाजसेवियों को भी आवश्यक रूप से जोड़ा जाए। अपर कलेक्टर ने निर्देशित किया कि स्वतंत्रता दिवस के समारोह में शामिल होने निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को व्यक्तिगत रूप से आमंत्रण पत्र दिया जाय। उन्होंने मुख्य समारोह स्थल झिंझरी पुलिस मैदान में आयोजित की जाने वाली सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की तैयारियों की जानकारी ली और जरुरी निर्देश दिए। अपर कलेक्टर ने समारोह स्थल पर एंबुलेंस और डाक्टर्स व्यवस्था के लिए सिविल सर्जन डॉ यशवंत वर्मा को निर्देशित किया। सी एम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान सी और डी श्रेणी वाले विभागों को शिकायतों का त्वरित निराकरण कर अपनी ग्रेडिंग सुधारने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण जिला पेंशन कार्यालय भेजने की हिदायत दी गई। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के शरद पांडेय ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से स्किल इंडिया कंपटीशन की व्यापक जानकारी दी और स्किल इंडिया डिजिटल हब में रजिस्टर्ड करने की प्रक्रियात्मक तरीके बताए। इस दौरान जिले में 12 अगस्त से 12 अक्टूबर तक चलने वाले एचआईव्ही एड्स सघन जागरूकता अभियान की विस्तार से जानकारी दी गई।



# हर घर तिरंगा अभियान के तहत स्लोगन एवं निबंध प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

## मानव श्रृंखला एवं नारों के माध्यम से लोगों को अपने घरों में तिरंगा फहराने किया गया प्रेरित

कटनी (स्वतंत्रमत)

हर घर तिरंगा अभियान के तहत शासकीय महाविद्यालय बरही में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सोमवार को प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह के नेतृत्व में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग विषय पर निबंध एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अगले चरण में रासेयो स्वयंसेवको, विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय स्टाफ द्वारा महाविद्यालय परिसर में मानव श्रृंखला एवं नारों के माध्यम से नगरवासियो को तिरंगा खरीदकर अपने-अपने घरों में सम्मान सहित फहराने, राष्ट्रध्वज के महत्व को समझने और भारतीय होने पर गर्व का अनुभव करने के साथ ही विद्यार्थियों द्वारा आजादी के लिये बलिदान देने वाले शहीदो को याद कर तिरंगे के सम्मान के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में डॉ अरविंद सिंह ने सभी को राष्ट्रध्वज का सम्मान करने तथा राष्ट्रध्वज के सभी रंगों का अर्थ समझकर देश सेवा करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य प्रो आर के त्रिपाठी द्वारा सभी को तिरंगा फहराने की शपथ दिलाकर, तिरंगे एवं हमे आजादी दिलाने वाले वीर सपूतों का सम्मान करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो आर के त्रिपाठी, डॉ. एस. एस. धुर्वे, प्रभारी डॉ. अरविंद सिंह, डॉ. आर. जी. सिंह, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. के. के. विश्वकर्मा, डॉ. मंजुलता साहू, प्रियंका तोमर, डॉ. राकेश दुबे, डॉ. नीलम चतुर्वेदी, मनीष मिश्रा, डॉ अरविन्द शुक्ला, अनीता सिंह, पवन दुबे, कैश अंसारी, रावेंद्र साकेत, सौरभ सिंह, पुष्पलता विश्वकर्मा, सोनम पाण्डे, संतोषी तिवारी, दीपक मिश्रा, डॉ अरुण तिवारी, डॉ चंद्रभान विश्वकर्मा, आशीष तिवारी, अजय सेन, राजेश्वरी मिश्रा तथा स्टॉफ के अन्य सदस्य, रासेयो स्वयंसेवक एवं विद्यार्थी उपस्थिति रहे।

# जिले में अब तक 775.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

## इस साल अब तक पिछले साल से 7.8 फीसदी अधिक औसत वर्षा की गई रिकॉर्ड



कटनी (स्वतंत्रमत)

जिले में इस वर्ष रविवार 1 जून से सोमवार 11 अगस्त तक कुल 775.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल रीठी तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 1002.3 मिलीमीटर वर्षा हुई है। इसी अवधि में जिले में बीते वर्ष कुल 718.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 7.8 प्रतिशत अधिक औसत वर्षा हो चुकी है। अधीक्षक भू-अभिलेख अमृता गर्ग ने बताया कि जिले में आलोच्य अवधि तक कटनी तहसील में 830.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 1002.3 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 659 मिलीमीटर, बरही तहसील में 708 मिलीमीटर और विजयराघवगढ़ तहसील में 730 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 691.9 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 876.2 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 701 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

# महिला ने सड़क पर ही दिया नवजात को जन्म

## ढीमरखेड़ा के गौरी गांव में विकास के दावों की खुली पोल

## गांव तक नहीं पक्की सड़क, पहाड़ी से 2 किलोमीटर दूर खड़ी रही जननी एक्सप्रेस



कटनी (स्वतंत्रमत)

प्रशासन के तमाम दावों के बावजूद आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का हाल जस का तस है। बीते रविवार को ढीमरखेड़ा विकासखंड के गौरी गांव में सड़क सुविधा और स्वास्थ्य व्यवस्था की बदहाली ने एक बार फिर प्रशासनिक लापरवाही उजागर कर दी। यहां सड़क न होने के कारण जननी वाहन गर्भवती महिला के घर तक नहीं पहुंच सका और महिला को रास्ते में ही बच्ची को जन्म देना पड़ा। ढीमरखेड़ा तहसील के गौरा ग्राम पंचायत के आश्रित गांव गौरी निवासी मुन्ना गौंड की पत्नी कुसुम बाई 30 वर्ष को रविवार सुबह प्रसव पीड़ा हुई। परिजनों ने तुरंत जननी वाहन सेवा को सूचना दी लेकिन दलदल और दुर्गम रास्ते के कारण वाहन गौरा गांव से आगे नहीं बढ़ सका और गौरी गांव की पहाड़ी से करीब दो किलोमीटर पहले ही रुक गया। गांव तक पकी सड़क न होने से परिजन गर्भवती महिला को झोली में उठाकर पहाड़ से नीचे उतारने लगे। इस दौरान रास्ते में ही महिला का प्रसव हो गया। बाद में गांव की आशा कार्यकर्ता शशिप्रभा विश्वकर्मा और समाजसेवी दुर्गेश विश्वकर्मा ने मोटरसाइकिल से जच्चा और बच्ची को जननी वाहन तक पहुंचाया। वाहन से दोनों को सिलौंड़ी अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। ग्रामीणों का कहना है कि वे कई बार सड़क बनाने की मांग कर चुके हैं, लेकिन अब तक समस्या जस की तस बनी नहीं हुई। बारिश के दिनों में गौरा से गौरी तक का सफर बेहद कठिन हो जाता है और गर्भवती महिलाओं को आज भी पुराने जमाने की तरह झोली में उठाकर पहाड़ी से नीचे लाना पड़ता है। जब तक वे गौरा गांव तक नहीं पहुंचतीं, उनकी राह मुश्किलों से भरी रहती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द ही गांव तक पकी सड़क बनाई जाए, ताकि भविष्य में ऐसी जानलेवा स्थिति दोबारा न बने। ढीमरखेड़ा तहसील के दर्जनों गांव अब भी सड़क जैसी बुनियादी सुविधा से वंचित हैं।



# ईमानदारी एवं परिश्रम से कार्य करने की प्रेरणा दी छात्रों को

## आयुध निर्माणी विद्यालय में छात्रों का अलंकरण समारोह

कटनी (स्वतंत्रमत)

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 आयुध निर्माणी में विद्यार्थी परिषद के चयनित छात्रों का अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि न्यायाधीश सुशीला वर्मा, एडिशनल जिला जज रहीं। मुख्य अतिथि का स्वागत छात्रों ने किया। प्राचार्या आकांक्षा सैमुएल ने उनका स्वागत हरित पादप एवं गुलदस्ते से किया।

छात्रों ने मार्चपास्ट किया और विद्यालय के सर्वांगीण विकास और केन्द्रीय विद्यालय संगठन का ध्वज हमेशा ऊंचा रखने की प्रतिज्ञा ली। छात्र परिषद की तरफ से ये प्रतिज्ञा विद्यालय कप्तान मास्टर आर्यन मिश्रा एवं सविता साहू ने ली। इसमें चारों सदन के सदन कप्तान, उप कप्तान खेल कप्तान विविध छात्र पदाधिकारी शामिल हुये। मुख्य अतिथि ने विद्यालय कप्तान एवं उप सदन कप्तान एवं उप कप्तानों को बैज एवं सैसे पहना कर उन्हें विद्यालय की विविध जिम्मेदारियों को निभाने की जिम्मेदारी दी। उन्होने अपने उद्‌बोधन में छात्रों को निष्ठा, ईमानदारी, लगन एवं परिश्रम से कार्य करने की प्रेरणा दी। उन्होंने विद्यार्थियों को विद्यार्थी के लक्षण एवं उसके ध्येय वाक्य से परिचित करवाया। प्राचार्या आकांक्षा सैमुएल ने छात्रों को सादा जीवन उच्च विचार का मूल मंत्र दिया। उन्होंने छात्रों को मुख्य अतिथि के सादगी भरे जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही और जीवन में किस तरह से अपने लक्ष्य तक पहुंचा जा सकता है, इसका गुरु मंत्र दिया।

कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक जे के तिवारी ने किया। आभार प्रदर्शन बिलिंडा रुस्टम चक्रवर्ती ने किया। सपूर्ण कार्यक्रम के आयोजन में सुनीता लोहरा, वंदना मिश्रा, इंद्रजीत सिन्हा, कपिल सिंह ठाकुर, साक्षी मिश्रा, मणिका विश्नोई, दीपशिखा अग्रवाल एवं शिक्षकों का योगदान रहा।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत कटनी के 23 हजार 370 किसानों को सिंगल क्लिक से मिलीं 3.84 करोड़ रूपए की क्षतिपूर्ति राशि

कटनी (स्वतंत्रमत)



प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत कटनी जिले के 23 हजार 370 किसानों को तीन करोड़ 84 लाख 23 हजार 848 रूपए की राशि सोमवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बटन दबाकर झुंझुनूं जिले से किसानों के बैंक खातों में सिंगल क्लिक से राशि अंतरित की। उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास मनीष मिश्रा ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत रबी 2023-24, खरीफ 2024 एवं रबी 2024-25 के बीमा दावा राशि का भुगतान केंन्द्रीय मंत्री कृषि एवं किसान कल्याण विभाग भारत सरकार द्वारा सिंगल क्लिक के माध्यम से किया गया। जिले में रबी 2023-24, खरीफ 2024 एवं रबी 2024-25 हेतु क्रमशः राशि रूपये 1 लाख 75 हजार 385 रुपए, 3 करोड़ 82 लाख 3 हजार 693 रूपए एवं 44 हजार 769 रूपए को मिला कर कुल राशि रुपये 3 करोड़ 84 लाख 23 हजार 848 रूपए बीमा दावा राशि का वितरण जिले के किसानों को किया जा रहा है। इससे कुल 23370 कृषक आवेदक लाभान्वित हुये है। इस योजना के जरिए किसानों की फसल अगर भारी बारिश या बाढ़ से बर्बाद हो गई है तो उन्हें आर्थिक मदद दी गई है। फसल के लिए जिन किसानों ने बीमा कराया था, फसल को नुकसान होने के बाद क्लेम किया था, उनके खातों में सोमवार को क्षतिपूर्ति राशि भेजी गई है।

# सुख, शांति और सुरक्षा का पर्व है रक्षाबंधन

## राजयोग केन्द्र में मनाया गया पर्व

कटनी (स्वतंत्रमत)



सिविल लाइन स्थित प्रजापिता ब्रहाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के शुभ भावना हाल में राजयोग केंद्र संचालिका बीके लक्ष्मी बहन ने प्रेम विश्वास और एकता का पावन त्यौहार रक्षाबंधन अलौकिक रीति से मनाते हुए सभी भाई बहनो को आत्मिक स्मृति का तिलक लगाकर पवित्रता की राखी बांधी। बी के लक्ष्मी दीदी ने कहा कि सच्चा रक्षाबंधन केवल एक धागा नहीं, बल्कि आत्मा और परमात्मा के बीच पवित्र प्रेम और मर्यादा का बंधन है। यह हमें याद दिलाता है कि जैसे भाई बहन एक- दूसरे की रक्षा का वचन देते हैं, वैसे ही हमें भी अपनी आत्मा को विकारों से बचाने का संकल्प लेना चाहिए। इस पवित्र धागे का आध्यात्मिक अर्थ है। अपने जीवन में सात्विकता, पवित्रता, सत्य और आत्म समान की रक्षा करना। जब हम परमपिता शिव से योग द्वारा जुड़ते हैं, तो उनकी शक्तिशाली संरक्षण छत्रछाया में हमारे मन, बुद्धि और कर्मों की रक्षा होती है। यही सच्चा और अटूट रक्षाबंधन है, जो हमें जन्म-जन्मांतर के लिए सुख, शांति और सुरक्षा प्रदान करता है। अंत में सभी ने मिलकर सुखद और आध्यात्मिक वातावरण में राखी पर्व का आनंद लिया। इस अवसर पर पुष्पेंद्र महाराज चित्रकूट डॉ यशवंत वर्मा, डॉ सुनीता वर्मा, सुनील भाई, सुरेश भाई, विनोद भाई, अशोक भाई, बी के दुर्गा बहन, अनीता बहन, सविता बहन, सुमन बहन, नेहा बहन, मंगला बहन, बरखा बहन, किरण बहन, बेबी बहन, चमन बहन, सीमा बहन, शिवानी बहन, ज्योति बहन, नीलांजली बहन, नीतू, तृप्ति बहन, वैष्णवी बहन, प्रियंका बहन, मोना साहू आरती श्रीवास्तव, गौरा माता की उपस्थिति रही।

# शासकीय तिलक कालेज में हर घर तिरंगा अभियान के तहत हुई विविध गतिविधियां



कटनी (स्वतंत्रमत)

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में हर घर तिरंगा अभियान अन्तर्गत विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार बाजपेयी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। सर्वप्रथम विज्ञान संकाय, कला संकाय एवं वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों से प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें वाणिज्य संकाय प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान कला संकाय तथा तृतीय स्थान विज्ञान ने प्राप्त किया। डॉ. विनय कुमार बाजपेई ने हर घर तिरंगा अभियान के उद्देश्य के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दिये। डॉ. माधुरी गर्ग ने स्वच्छता एवं स्वतंत्रता के महत्व के बारे में जानकारी दी। आजादी के बारें में विस्तार से बचाते हुए कहाकि आजादी की कीमत हमें नहीं भूलना चाहिए। तिरंगे का सम्मान करना हमारा महत्व पूर्ण धर्म है। इसकी रक्षा तन-मन-धन से हम सभी को करनी चाहिए। इसके पश्चात मानव श्रृंखला बनाकर सभी को हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता के उत्सव में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता हेतु जागरुक किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ. रुकमणी प्रताप सिहं, डॉ. अतुल कुमार, डॉ. सुनील कुमार त्रिपाठी, डॉ. राजकुमार, डॉ. राजश्री शर्मा, आयुष तिवारी, योगेन्द्र सोनी, एवं विपिन सोनी आदि का सक्रिय सहयोग रहा।

# ओलंपियन अनु रानी ने जीता जैवलिन खिताब

**भुवनेश्वर (वार्ता)।** ओलंपियन अनु रानी ने इंडियन ओपन 2025 वर्ल्ड एथलेटिक्स ब्रॉन्ज लेवल कॉन्टिनेंटल टूर में अपनी प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ते हुए महिला भाला फेंक स्पर्धा का खिताब जीता। इस सप्ताह की शुरुआत में इंटरनेशनल विस्लाव मैनियाक मेमोरियल में जैवलिन थ्रो खिताब जीतने वाली अनु रानी ने रविवार को हुई स्पर्धा में 62.01 मीटर थ्रो के साथ पहला स्थान हासिल किया। श्रीलंका की एन डी.एल. हटारबाग लेखा (56.27 मीटर) और दीपिका (54.20 मीटर) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं।



### पुरुष भाला फेंक में पथिरंगे ने जीत हासिल की

पुरुष भाला फेंक स्पर्धा में श्रीलंका के रुमेश पथिरंगे ने 86.50 मीटर के थ्रो के साथ जीत हासिल की। रुमेश पथिरंगे ने पिछले महीने बेंगलुरु में एनसी क्लासिक में कांस्य पदक जीता था। शिवम लोहकरे 80.73 मीटर के थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि सुमेदा जे रानासिंघे 80.65 मीटर के थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहे। एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता सचिन यादव (79.80 मीटर) और यशवीर सिंह (78.53 मीटर) क्रमशः पांचवें और छठे स्थान पर रहे।

### 200 मीटर दौड़ में अनिमेष कुजूर ने स्वर्ण पदक जीता

पुरुषों की 200 मीटर दौड़ में अनिमेष कुजूर ने 20.77 सेकेंड का समय दर्ज करते हुए स्वर्ण पदक जीता। अनिमेष कुजूर के नाम पुरुष 100 मीटर और 200 मीटर स्प्रिंट में भी राष्ट्रीय रिकॉर्ड दर्ज है। दक्षिण कोरिया के सेंगह्वान को (20.95) दूसरे स्थान पर रहे, जबकि रगुल कुमार (21.17) तीसरे स्थान पर रहे। महिला 200 मीटर दौड़ में एंजल सिल्विया ने 23.95 सेकेंड का समय दर्ज करते हुए जीत हासिल की। नित्या गांधे, जो पहले 100 मीटर रेस में तीसरे स्थान पर रही थीं, उन्होंने 24.11 सेकेंड के साथ दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि उन्नति अय्यप्पा 24.56 सेकेंड के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। इस बीच, एशियन चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता विशाल टीके ने 45.72 सेकेंड का समय दर्ज करते हुए पुरुष 400 मीटर स्पर्धा जीती।

### अफसल को पुरुष 800 मीटर दौड़ में पहला स्थान

एशियन गेम्स के रजत पदक विजेता मोहम्मद अफसल पी ने पुरुष 800 मीटर दौड़ में 1:46.60 का समय दर्ज करते हुए पहला स्थान हासिल किया, जबकि प्रकाश गडे (1:47:14) और कृष्ण कुमार (1:48:00) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

### 1500 मीटर दौड़ में पूजा को पहला स्थान

महिला 1500 मीटर दौड़ में, एशियन चैंपियनशिप की पदक विजेता पूजा (4:15.13) ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि लिली दास (4:17.66) दूसरे और अमनदीप कौर (4:27:14) तीसरे स्थान पर रहीं। वहीं, मुरली श्रीशंकर ने अपने अंतिम प्रयास में 8.13 मीटर की सीजन की सर्वश्रेष्ठ जंप के साथ पुरुष लांग जंप खिताब जीता।

# मुक्केबाज रितिका ने जीता स्वर्ण

### भारतीय दल को मिले कुल 27 पदक



**बैंकॉक (वार्ता)।** भारतीय मुक्केबाज रितिका ने सोमवार को महिलाओं के 80प्लस किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर एशियाई अंडर-19 और अंडर-22 मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 में भारत के अभियान का समापन किया। टीम ने दोनों आयु वर्गों में कुल 27 पदक जीते। आज यहां रितिका ने प्रतियोगिता के अंतिम दिन 80प्लास किग्रा वर्ग के फाइनल में कजाकिस्तान की एस्सेल टोकटासिन को हराया। 10 दिवसीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में भारत की अंडर-19 टीम दूसरे स्थान पर और अंडर-22 टीम चौथे स्थान पर रही। भारत ने इस प्रतियोगिता में दोनों आयु वर्ग में 20-20 मुक्केबाजों का दल उतारा था।

अंडर-19 दल के भारतीय मुक्केबाजों ने तीन स्वर्ण, सात रजत और चार कांस्य सहित कुल 14 पदक जीते। जोकि संख्या के मामले में सबसे अधिक है। भारतीय दल स्वर्ण पदकों में उज्बेकिस्तान (सात) के बाद दूसरे स्थान पर रहा। वहीं भारतीय अंडर-22 मुक्केबाजों ने एक स्वर्ण, चार रजत और आठ कांस्य सहित कुल 13 पदक जीते। रितिका भारत की एकमात्र अंडर-22 चैंपियन बनकर उभरीं। उन्होंने अंतिम दिन 80प्लास किग्रा वर्ग के फाइनल में कजाकिस्तान की एस्सेल टोकटासिन को दबाव के बावजूद अपना संयम बनाए रखते हुए हराया।

सुबह के सत्र में यात्री पटेल को महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में उज्बेकिस्तान की खुमोराबोनू मामाजोनोवा से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा, जबकि प्रिया को 60 किग्रा वर्ग के फाइनल में चीन की यू तियान के खिलाफ 3-2 से करीबी मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा।बाद में नीरज ने पुरुषों के 75 किग्रा वर्ग के फाइनल में उज्बेकिस्तान के शावकातजोन बोल्टेव से हारकर रजत पदक जीता। इशान कटारिया ने भी 90 प्लस किग्रा वर्ग के स्वर्ण पदक मुकाबले में उज्बेकिस्तान के खलीमजोन मामासोलिएव से हारकर रजत पदक हासिल किया।



## बोधना बनी ग्रैंडमास्टर को हराने वाली सबसे कम उम्र की शतरंज खिलाड़ी

**नयी दिल्ली(वार्ता)।** भारतीय मूल की ब्रिटिश नागरिक बोधना शिवानंदन ग्रैंडमास्टर पीटर वेल्स को हराने वाली सबसे कम उम्र की महिला खिलाड़ी बन गयी है। इंग्लिश शतरंज महासंघ (ईसीएफ) द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, हैरो की इस 10 वर्षीय खिलाड़ी ने रविवार को लिवरपूल में 2025 ब्रिटिश शतरंज चैंपियनशिप के अंतिम दौर में 60 वर्षीय ग्रैंडमास्टर पीटर वेल्स को हराकर जीत हासिल की। 10 साल, पांच महीने और तीन दिन की उम्र में शिवानंदन की यह जीत अमेरिकी कैरिसा यिप के 2019 के रिकॉर्ड को तोड़ती है, जो आगे चलकर अंतराष्ट्रीय मास्टर बनीं।

## आईजीयू ने पहले एपीजीसी मिड-अमैच्योर चैंम्पियनशिप के लिए चार सदस्यीय टीम भेजी

**टेंगरांग (वार्ता)।** इंडियन गोल्फ यूनियन (आईजीयू), जो कि युवा कार्य और खेल मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त गोल्फ का राष्ट्रीय खेल महासंघ है, ने इंडोनेशिया में एशिया-पैसिफिक गोल्फ कॉन्फेडरेशन द्वारा आयोजित पहली मिड-अमैच्योर चैम्पियनशिप में भाग लेने के लिए चार सदस्यीय टीम भेजी है। इस टूर्नामेंट का आयोजन इंडोनेशिया गोल्फ एसोसिएशन के सहयोग से किया जा रहा है।



**भारतीय टीम की अगुवाई कर रहे हैं रणजीत सिंह-मौजूदा** आईजीयू ऑल-इंडिया मिड-अमैच्योर चैंपियन रणजीत सिंह भारतीय टीम की अगुवाई कर रहे हैं। उनके साथ टीम में अर्जुन सिंह, सिमरजीत सिंह और कर्नल वरुण परमार शामिल हैं। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट ग्रैहम मार्श द्वारा डिजाइन किए गए गेडिंग राया गोल्फ क्लब, टेंगरांग में 12 से 14 अगस्त तक खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट में 20 देशों से कुल 80 गोल्फर भाग ले रहे हैं, जो इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। कर्नल वरुण परमार, जिन्होंने 2025 वर्ल्ड मिलिट्री गेम्स में गोल्ड मेडल जीता था और आईजीयू ऑल-इंडिया मिड-अमैच्योर चैंपियनशिप में उपविजेता रहे थे, अपनी उपस्थिति से भारतीय टीम को मजबूती प्रदान करते हैं।

सिमरजीत सिंह, जिन्होंने 2022 में आईजीयू ऑल-इंडिया मिड-अमैच्योर गोल्फ चैंपियनशिप जीती थी और इससे पहले कई राष्ट्रीय खिताब भी अपने नाम किए हैं।

## सीएसके बताये आगामी आईपीएल में क्या भूमिका होगी: अश्विन



**चेन्नई (वार्ता)।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के ऑलराउंडर आर अश्विन ने अपनी टीम से पूछा है कि आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में उनकी भूमिका क्या होगी। उन्होंने फ्रैंचाइजी से कहा है कि अगर वह टीम की योजनाओं में फिट नहीं बैठते तो उन्हें टीम से अलग होने में कोई आपत्ति नहीं है। खिलाड़ियों को रिलीज करने की अंतिम तारीख आमतौर पर इस बात पर निर्भर करती है कि उस साल की नीलामी कब है। यह आईपीएल 2026 के लिए अभी तय नहीं हुआ है। बड़ी नीलामी हर तीन साल में होती है, लेकिन छोटी नीलामी हर साल होती है। यह आमतौर पर नवंबर से फरवरी के बीच कभी भी हो सकती है। अगर किसी खिलाड़ी का ट्रेड होना हो तो यह नीलामी से एक हफ्ते पहले तक हो सकता है।

# म्युचुअल फंड बाजार में इक्विटी योजनाओं की बिक्री में जोरदार उछाल

**मुंबई (वार्ता)।** वैश्विक व्यापारिक और भू-राजनीतिक परिदृश्य की अनिश्चितताओं के बावजूद भारत के म्युचुअल फंड उद्योग में निवेशकों का शेयर आधारित योजनाओं की ओर आकर्षण बना रहा और जुलाई में इक्विटी (शेयर) निवेश योजनाओं में शुद्ध निवेश उछल कर 42,702 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। जून में इन योजनाओं में शुद्ध प्रवाह 23,587 करोड़ रुपये था। एसोसिएशन ऑफ म्युचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) के जुलाई 2025 के सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार जुलाई में कंपनियों ने शेयर उन्मुख योजनाओं में सकल 75,084.28 करोड़ रुपये के यूनिट बेचे और 32,381.93 रुपये के यूनिट्स को विमोचन किया। इस तरह इन योजनाओं में शुद्ध 42,702.35 की पूंजी का प्रवाह हुआ। ताजा आंकड़ों के अनुसार जुलाई के अंत में शेयर, ऋण-पत्र और अन्य सभी म्युचुअल फंड योजनाओं के प्रबंधनाधीन सम्पत्ति 75,35,970.68 करोड़ रुपये रही। इनमें शेयर उन्मुख सहित शेयर योजनाओं के प्रबंधनाधीन (एयूएम) 33,27,781.82 करोड़ रुपये के बराबर थीं। माह के दौरान सिस्टमैटिक निवेश (एसआईपी) निवेश में भी वृद्धि बनी रही और यह 28,464 करोड़ रुपये के स्तर पर रहा। बाजार को उम्मीद है कि एसआईपी निवेश जल्दी ही 30,000 करोड़ रुपये मासिक के आंकड़े को छू सकता है। जुलाई में इस उद्योग में नये निवेश 1.78 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गये जो जून से 5 गुना अधिक है। माह के दौरान 74 लाख नए फोलियो जुड़े जिनमें 31 लाख इक्विटी योजनाओं के नये फोलियो शामिल हैं।




माह के दौरा फोकस्ड और स्मॉल-कैप फंडों में निवेश में भी क्रमशः 66 प्रतिशत और 61 प्रतिशत के साथ साथ लार्ज, मिड-कैप और मल्टी-कैप श्रेणियों में भी अच्छी वृद्धि दर्ज की गई। हाइब्रिड सेगमेंट उत्साहजनक बना हुआ है। ईटीएफ में भी अच्छा उछाल दिखा। ऋण-पत्र आधारित योजनाओं की बिक्री में जबरदस्त सुधार दिखा है। इनमें कम अवधि वाले और मनी मार्केट फंडों के नेतृत्व में एक लाख लाख करोड़ का सकारात्मक प्रवाह हुआ है, साथ ही लिक्विड और ओवरनाइट फंडों में भी लगातार निवेश जारी है। जुलाई में लार्ज और मिड, स्मॉल और फ्लेक्सी-कैप फंडों में जून के स्तर की तुलना में 1,500-2,500 करोड़ रुपये की स्थिर वृद्धि देखी गई।

इस दौरान 45 नई योजनाएं शुरू की गई। इनमें 10 इक्विटी, 5 डेट और 13 इंडेक्स और ईटीएफ योजनाएं रहीं। स्मॉल केस मैनेजर के संस्थापक और प्रमुख शोधकर्ता, स्मार्टवेल्थ एआई पंकज सिंह ने कहा कि जुलाई 2025 के एएमएफआई के आंकड़े निवेशकों के बढ़ते उत्साह के साथ एक जीवंत म्युचुअल फंड परिदृश्य को दर्शाते हैं।

# चावल महँगा, गेहूँ सस्ता, तेलों में घट-बढ़

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल के औसत दाम बढ़े जबकि गेहूँ में नरमी रही। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। दालों और चीनी में मजबूती देखी गयी। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अक्टूबर वायदा 129 रिंगिट चढ़कर 4,384 रिंगिट प्रति टन बोला गया। अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 1.85 प्रतिशत मजबूत हुआ और 53.50 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत करीब 88 रुपये बढ़कर 3,824.93 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुँच गयी। गेहूँ 14 रुपये टूटकर 2,841.38 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा भी लगभग 17 रुपये सस्ता होकर 3,295.43 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा। सरसों तेल औसतन 228 रुपये प्रति क्विंटल



लुढ़क गया। मूँगफली तेल में 115 रुपये की तेजी रही। वनस्पति 44 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। पाम ऑयल में 68 रुपये की गिरावट रही।

सूरजमुखी तेल का भाव 25 रुपये बढ़ा। सोया तेल 93 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। दाल-दलहनों में मसूर दाल की औसत कीमत 73 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी। चना दाल 111 रुपये और तुअर दाल करीब 134 रुपये प्रति क्विंटल महँगी हुई। उड़द दाल में करीब पाँच रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। दाल मूँग भी 82 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुई। बाजार में गुड़ के औसत भाव 27 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गये। चीनी भी 18 रुपये प्रति क्विंटल महँगी हुई (दाल-दलहन = दाल चना 7964.12 रुपये, मसूर काली 8121.51 रुपये, मूंग दाल 10103.67 रुपये, उड़द दाल 10453.80 रुपये, अरहर दाल 10847.58 रुपये प्रति क्विंटल। (भाव प्रति क्विंटल) गेहूँ दड़ा 2841.38 रुपये और चावल 3824.93 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी एस 4287.37 रुपये और गुड़ 4901.84 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

# आयकर रिटर्न भरने में मदद करेगा जियो फाइनेंस ऐप




**मुंबई, (वार्ता)**

जियो-फाइनेंस ऐप ने आम करदाताओं के लिए टैक्स प्लानिंग और आयकर रिटर्न भरने में सहायता के लिए एक नया मॉड्यूल लॉन्च किया है। कंपनी ने सोमवार को बताया कि यदि ग्राहक इसकी मदद से खुद आयकर रिटर्न भरता है तो उसे 24 रुपये का शुल्क देना होगा जबकि विशेषज्ञ की सहायता से कर भरने के लिए 999 रुपये का शुल्क देना होगा। जियो-फाइनेंस ने यह नया फीचर 'टैक्सबडी' के साथ साझेदारी में विकसित किया है जो ऑनलाइन कर रिटर्न दाखिल करने और सलाहकार सेवा के लिए जाना जाता है। इस मॉड्यूल में दो मुख्य फीचर शामिल हैं - टैक्स प्लानर और आयकर रिटर्न दाखिल करना। आयकर रिटर्न भरने की सुविधा पुरानी और नई कर-व्यवस्थाओं के बीच भ्रम को दूर करने के लिए डिजाइन की गई है। यह ग्राहकों को 80सी और 80डी जैसी धाराओं के तहत कर का हिसाब-किताब करके और कर बचाने में मदद करती है।

दूसरा फीचर है - टैक्स प्लानर, जो भविष्य की कर देनदारियों का अनुमान लगाने और उन्हें कम करने में मदद करता है। मॉड्यूल के तहत यूजर आयकर रिटर्न भरने के लिए, या तो स्वयं रिटर्न दाखिल करने या विशेषज्ञ-सहायता प्राप्त फाइलिंग का विकल्प चुन सकता है।

### ओप्पो ने पेश किया बिल्ट-इन कूलिंग फैन वाला स्मार्टफोन

नयी दिल्ली (वार्ता)। ओप्पो इंडिया ने सोमवार को देश में ओप्पो के13 टर्बो सीरीज 5जी के दो स्मार्टफोन पेश किये। कंपनी ने एक कार्यक्रम में ओप्पो के13 टर्बो 5जी और ओप्पो के13 टर्बो 5जी बाजार में उतारे। खास बात यह है कि इन स्मार्टफोन में बिल्ट-इन कूलिंग फैन है। इसमें आधुनिक एक्टिव और पैसिव थर्मल डिजाइन, 7,000 एमएएच की बैटरी और 120 हर्ट्ज के रिफ्रेश रेट के साथ ई-स्पोर्ट्स लेवल की फ्लैट स्क्रीन है। इस युवा वर्ग को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। के13 टर्बो 5जी के आठ जीबी रैम तथा 128 जीबी मुख्य मेमोरी वाले मॉडल की शुरुआती कीमत 27,999 रुपये और आठ जीबी रैम तथा 256 जीबी मुख्य मेमोरी वाले मॉडल की शुरुआती कीमत 29,999 रुपये है।

# ट्रंप-पुतिन बैठक से उत्साहित निवेशक

### शेयर बाजारों में बिकवाली थमी

**मुंबई (वार्ता)।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की 15 अगस्त को प्रस्तावित बैठक की खबर आने के बाद सोमवार को शेयर बाजारों में रौनक लौट आयी और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 एक बार फिर 24,500 अंक से ऊपर पहुँचने में कामयाब रहा। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद को छोड़कर अन्य सेक्टरों की कंपनियों में निवेशकों की लिवाली से दो कारोबारी सत्र के बाद बाजार में तेजी देखी गयी। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 746.29 अंक (0.93 प्रतिशत) मजबूत हुआ और 80,604.08 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी-50 में भी 0.91 प्रतिशत की तेजी रही और कारोबार की समाप्ति पर 221.75 अंक चढ़कर 24,585.05 अंक पर बंद हुआ। दोनों सूचकांक पिछले सप्ताह शुक्रवार को तीन महीने के निचले स्तर पर बंद हुये थे। श्री ट्रम्प और श्री पुतिन के बीच बैठक पर सहमति बन गयी है। अमेरिका के



अलास्का में 15 अगस्त को होने वाली इस बैठक में रूस-यूक्रेन युद्ध का समाधान निकलने की संभावना है। निवेशकों को उम्मीद है कि इसके बाद भारत पर रूस से कच्चा तेल खरीदने के कारण ट्रम्प प्रशासन द्वारा दंड स्वरूप लगाया गया अतिरिक्त 25 प्रतिशत आयात शुल्क वापस ले लिया जायेगा। इस खबर से दूसरे एशियाई शेयर बाजारों के साथ भारतीय शेयर बाजारों में भी लिवाली रही। सेंसेक्स आज करीब 28 अंक की मामूली बढ़त के साथ खुला, लेकिन दिन चढ़ने के साथ इसका ग्राफ ऊपर की ओर बढ़ता गया। इसका दिवस का निचला स्तर 79,772.46 अंक और उच्चतम स्तर 80,636.05 अंक रहा। अंत में यह 80,604.08 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी-50 सूचकांक लगभग आठ अंक की बढ़त के साथ 24,371.50 अंक पर खुला। इसका निचला स्तर 24,347.45 अंक और ऊपरी स्तर 24,600.85 अंक तक गया। अंत में 24,585.05 अंक पर रहा।

लिवाली हावी रहने से सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 28 के शेयर हरे निशान में बंद हुये। टाटा मोटर्स का शेयर सबसे अधिक 3.24 प्रतिशत चढ़ा। इटरनल के शेयर में 2.84 फीसदी, ट्रेंट में 2.49 फीसदी और भारतीय स्टेट बैंक में 2.45 फीसदी की तेजी रही। अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर 1.95 फीसदी और लार्सन एंड टूब्रो के शेयर 1.70 फीसदी की बढ़त में बंद हुये। सनफार्मा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, कोटक महिंद्रा बैंक, एक्सिस बैंक, अडानी पोर्ट्स, एचडीएफसी बैंक, आईटीसी, टाटा स्टील और इंफोसिस के शेयर भी हरे निशान में रहे।

वहीं, बीईएल और भारती एयरटेल में गिरावट रही।रियलिटी, ऑटो, एफएमसीजी और बैंकिंग समूहों में खूब लिवाली हुई। एनएसई का 100 शेयरों पर आधारित निफ्टी-100 सूचकांक 0.96 प्रतिशत की बढ़त देखी गयी। मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने कम भरोसा दिखाया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.87 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.36 प्रतिशत चढ़ गया। विदेशों में एशिया का निक्केई 1.85 फीसदी, हांगकांग का हैंगसेंग 0.19 फीसदी और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.34 फीसदी की बढ़त में बंद हुये। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में मिलाजुला रुख रहा।





# सेना के पराक्रम के सम्मान में चलाया जा रहा है हर घर तिरंगा अभियान

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अगुआई में ग्वालियर में निकली भव्य तिरंगा यात्रा

## तिरंगा यात्रा से उठीं देशभक्ति के जज्बे की हिलोरें

भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेना के पराक्रम को नमन करने के लिये हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत् वीर सपूतों, बलिदानियों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की धरती ग्वालियर में आयोजित हुई देशभक्ति से ओतप्रोत भव्य तिरंगा यात्रा में शामिल होकर मुझे अत्यंत प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है। गर्व की बात है कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना ने इस बार पाकिस्तान में आतंकवादियों को मारने के साथ उनके विमान और अस्त्र-शस्त्र नष्ट करने का साहसिक काम किया है।

ऐतिहासिक नगरी ग्वालियर में सोमवार को मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अगुआई में राजमाता विजयाराजे सिंधिया चौराहा से विशाल तिरंगा यात्रा निकली। मुख्यमंत्री डॉ. यादव खुले वाहन पर सवार होकर विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, उद्यानिकी एवं सामाजिक न्याय मंत्री नारायण सिंह कुशवाह, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर और जयप्रकाश राजौरिया सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक सहभागी बने।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने तिरंगा यात्रा के शुभारंभ अवसर पर कहा कि पूरे देश में घर-घर तिरंगा अभियान चल रहा है। मध्यप्रदेश के सभी हिस्सों में रैलियों के माध्यम से देश की सेना ने ऑपरेशन सिंदूर में जो कर दिखाया है, उसके प्रति सम्मान प्रकट करते हुए स्वतंत्रता का उत्सव मनाया जा रहा है। मेरी ओर से ग्वालियरवासियों को इस अभियान को भव्यता के साथ मनाने के लिये बधाई। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में दुनिया के सामने हमारी सेना ने जो दमखम दिखाया है, वह वाकई में अद्भुत है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह खुशी की बात है कि आज ग्वालियर में सेना के पराक्रम के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। साथ ही एकात्म मानववाद के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय के विचारों पर केन्द्रित कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

***मुख्यमंत्री ने बच्चों पर की पुष्प वर्षा***- तिरंगा यात्रा शुरू होने से पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राजमाता विजयाराजे सिंधिया चौराहे पर तिरंगा यात्रा कार्यक्रम में महापुरुषों की वेशभूषा में आए बच्चों पर पुष्प वर्षा कर उनका उत्साहवर्धन किया। तिरंगा यात्रा सिटी सेंटर, पटेल नगर, गाँधी रोड़ व आकाशवाणी तिराहे से होते हुए राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय पहुँची। इसका एक वृहद हिस्सा आकाशवाणी तिराहे से ठाठीपुर, कुम्हरपुरा व शहीद गेट होते हुए बारादरी मुरार तक पहुँचा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने तिरंगा यात्रा के सम्मान में खड़े लोगों एवं प्रतिभागियों पर पुष्प वर्षा कर सभी का उत्साहवर्धन किया।

***सम्पूर्ण यात्रा मार्ग हुआ तिरंगामय***- भारतीय आन-बान और शान के प्रतीक तिरंगा थामकर बाइकर्स, सैन्य व पुलिस बल के जवान, एनसीसी की सभी विंग, भूतपूर्व सैनिक, विद्यार्थी, दिव्यांग, जनप्रतिनिधि, विभिन्न शासकीय, सामाजिक व स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधिगण तिरंगा यात्रा में निकले तो सम्पूर्ण यात्रा मार्ग तिरंगामय हो गया। बीच-बीच में विभिन्न स्थानों पर बने मंचों पर गूँज रहे आजादी के तराने व भारतीय संस्कृति से ओत-प्रोत रंगारंग कार्यक्रमों से लोगों में देश भक्ति का जज्बा हिलोरें लेने लगा। साथ ही जगह-जगह पर रंगों व फूलों की रंगोलियां और आजादी व देश की रक्षा के लिये अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों की वेशभूषा में सजे-धजे बच्चे व कलाकार एवं तिरंगा लेकर शामिल हुए दिव्यांग बाइकर्स एवं एसएएफ द्वितीय वाहिनी बैंड की प्रस्तुतियाँ भी आकर्षण का केन्द्र रहीं।

***कलेक्टर एवं एसएसपी भी हुए यात्रा में शामिल***- संभाग आयुक्त मनोज खत्री, पुलिस महानिरीक्षक अरविंद सक्सेना और पुलिस उप महानिरीक्षक अमित सांघी भी तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। साथ ही कलेक्टर रुचिका चौहान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक कुमार, नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय व अपर कलेक्टर कुमार सत्यम सहित जिला प्रशासन व पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी तिरंगा थामकर स्कूटी व बाइक पर सवार होकर तिरंगा यात्रा में शामिल हुए।

# मेधावी विद्यार्थियों के प्रोत्साहन के लिए तत्पर है राज्य सरकार: डॉ. यादव



### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्कॉलरशिप वितरण कार्यक्रम में मेधावी छात्राओं को छात्रवृत्ति और प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए

भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश की प्रति व्यक्ति आय अब बढ़कर 1 लाख 52 हजार रूपय हो गई है, जो वर्ष 2002-03 तक मात्र 11 हजार रुपए थी। पिछले डेढ़ साल में सिंचाई का रकबा साढ़े सात लाख हेक्टेयर बढ़ा है। नदी जोड़ो अभियान के माध्यम से प्रदेश के कई जिलों को लाभ होगा। प्रदेश सभी क्षेत्रों में प्रगति कर रहा है, औद्योगिक गतिविधियों और निवेश को विशेष प्रोत्साहन दिया जा रहा है। मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार तत्परता पूर्वक हर संभव प्रयास कर रही है। 12वीं बोर्ड की परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने और शाला में प्रथम आने वाले विद्यार्थियों को लैपटॉप और स्कूटी देने की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव एक निजी न्यूज चैनल द्वारा आयोजित स्वर्ण शारदा स्कॉलरशिप-2025 वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रतिभाशाली छात्राओं को छात्रवृत्ति और प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को एमपी बोर्ड की 12वीं की परीक्षा में प्रदेश में प्रथम आने वाली शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अमरपाटन की कुमारी प्रियल द्विवेदी ने बताया कि वह आगे की पढ़ाई वेल्लोर इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी (वीआईटी) में करने की इच्छुक हैं, परंतु परिस्थिति वश यह संभव नहीं हो पा रहा है। इस पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कुमारी प्रियल द्विवेदी की वीआईटी में पढ़ाई की व्यवस्था राज्य सरकार की ओर से करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में 66 छात्राओं को सम्मानित किया, जिसमें प्रत्येक जिले की टॉपर छात्राओं को 50 हजार रुपए, प्रशस्ति-पत्र और प्रदेश में प्रथम आने वाली कु. प्रियल द्विवेदी को एक लाख रुपए तथा उनके स्कूल को भी एक लाख रुपए की राशि का चैक प्रदान किया।

## उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने विदिशा के देहदानी समाजसेवी अरविंद कुमार जैन को दी श्रद्धांजलि

**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने विदिशा के देहदानी समाजसेवी दिवंगत अरविंद कुमार जैन को श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने कहा कि अंगदान, जीवनदान है और श्री जैन का यह अमूल्य योगदान सम्पूर्ण समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। श्री जैन का शनिवार को भोपाल के सेज अपोलो अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया। उनकी पार्थिव देह एंबुलेंस द्वारा विदिशा मेडिकल कॉलेज पहुंचाई गई, जहां राजकीय सम्मान के साथ गार्ड ऑफ ऑनर देकर उन्हें अंतिम विदाई दी गई। उल्लेखनीय है कि मूलत: विदिशा निवासी श्री जैन पिछले चार दशकों से सिरोंज में रह रहे थे। वे सामाजिक, धार्मिक व मानवीय कार्यों में निरंतर सक्रिय रहे। इसके अलावा वे योग क्लब के प्रारंभिक सदस्यों में शामिल थे और स्वस्थ जीवनशैली के समर्थक थे। उन्होंने 22 अक्टूबर 2017 को सार्वजनिक कार्यक्रम में देहदान की शपथ ली थी।

# पीएम जनमन योजना के कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें : पटेल

## योजना से जुड़े विभागों की राजभवन में हुई बैठक




भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि आजादी के बाद पीएम जनमन योजना जनजातीय परिवारों का जीवन बदलने वाली देश की सबसे बड़ी योजना है। जनजातीय परिवारों की खुशहाली के सभी कार्यों का जमीनी स्तर पर निरंतर निरीक्षण होना चाहिए। योजना के कार्यों की गुणवत्ता पर ग्राम पंचायत से लेकर जिलास्तर तक विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। संबंधित अधिकारी जनजातीय परिवारों के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए समय-समय पर उनसे मिलकर कार्यों का फीडबैक लें ताकि समय पर सुधारात्मक उपाय किये जा सकें। राज्यपाल श्री पटेल ने सोमवार को राजभवन में जनजातीय प्रकोष्ठ और पीएमजनमन योजना के क्रियान्वयन से जुड़े विभागों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में जनजातीय कार्य मंत्री श्री कुंवर विजय शाह उपस्थित थे। राज्यपाल श्री पटेल ने जनजातीय परिवारों को दी जा रही आवास सुविधाओं के संबंध में कहा कि आवासों के डिजाइन और निर्माण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। आवास सुविधापूर्ण बनें। आजादी के बाद जनजातीय बंधुओं के कल्याण का यह सबसे बड़ा प्रोजेक्ट है। तहसील स्तर पर मैदानी अमले को लगातार निगरानी करने की आवश्यकता है। संबंधित मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रत्येक तिमाही में पीएम जनमन योजना में चल रहे कार्यों का निरीक्षण करें। राज्यपाल श्री पटेल ने संबंधित विभागों से आग्रह किया कि अगले तीन महीनों में दिये गये लक्ष्यों को पूरा करने का प्रयास करें। उन्होने हर घर नल से जल, सबको स्वास्थ्य, विद्युत सुविधा, सबको शिक्षा, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, बहुउददेशीय केन्द्रों की स्थिति, मोबाइल मेडिकल यूनिट, मोबाइल नेटवर्क देने आदि की समीक्षा की। राज्यपाल श्री पटेल ने मोबाइल मेडिकल यूनिट के संचालन की सराहना करते हुए कहा कि इनके संचालन को बढ़ाने के प्रयास करना चाहिए। बैठक में इन इकाइयों में स्थानीय जनजातीय बोलियों को जानने वाले अमले की तैनाती पर विचार विमर्श भी हुआ। जनजातीय कार्य मंत्री कुंवर विजय शाह ने कहा कि हर घर नल से जल पहुंचाने में कई बसाहटों में किए गए नवाचारों को अपनाने की आवश्यकता है। इसी प्रकार आंगनवाड़ी केंद्रों के निर्माण की गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में तीन लाख प्रतिबद्ध लीडर्स के माध्यम से आदि कर्मयोगी अभियान चलाया जा रहा है। इसका उददेश्य जमीनी स्तर पर जनजातीय कल्याण है। शासन के सभी स्तरों पर तीन लाख पथ प्रदर्शकों का एक कैडर विकसित किया जा रहा है। इसमें सभी आधारभूत सेवाओं को पूरी तरह लागू किया जायेगा। इसके लिए आदि साथियों के समूह बनाये जायेंगे। राज्य, जिला, विकासखंड स्तर पर संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। हाल में राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण पूरा हो चुका है। उन्हें समुदाय आधारित प्रक्रियाओं का व्यावहारिक अनुभव, अंतर विभागीय सहयोग, सहभागी शिक्षा के माध्यम से जनजातीय सशक्तीकरण जैसे विषयों पर प्रशिक्षण गया।

## पौधों को अपना मित्र बनाइए : डॉ. पूजा मलैया



दमोह

शासकीय उर्दू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह में मिशन ग्रीन के द्वारा पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. पूजा मलैया द्वारा बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए पौधों को अपना मित्र बनाने की बात कही। उन्होंने बच्चों को न सिर्फ अपने घर में कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाने के लिए प्रेरित किया बल्कि छात्र-छात्राओं से एक ऐसा समूह बनाने के लिए भी कहा जो अपने घरों में एक पेड़ लगाएं उन्हें मिशन ग्रीन टीम द्वारा पौधे नि:शुल्क प्रदाय किये जाएंगे। प्रभारी प्राचार्य नाजिर खान ने जनहित में चल रहे मिशन ग्रीन की सराहना करते हुए डॉ. पूजा मलैया, मीरा मलैया एवं पौधा वितरित करने संस्था में उपस्थित समस्त मिशन ग्रीन टीम का आभार व्यक्त किया। अंकित अहिरवार, प्रकाश, आयशा ने डॉ. पूजा मलैया की अपील पर समूह बनाने पर अपनी सहमति देते हुए इस कार्य को आगे बढ़ाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

## प्रतिभा प्रोत्साहन प्रतियोगिता होगी आयोजित

**दमोह।** इस वर्ष भी मप्र राष्ट्र भाषा प्रचार समिति हिन्दी भवन न्यास भोपाल द्वारा आयोजित प्रोत्साहन प्रतियोगिता 2025 युवा पीढ़ी को भाषा साहित्य और संस्कृति से जोड़ने हेतु समिति के मंत्री संचालक कैलाश पंत द्वारा गत बीस वर्षो से 9 से 12 तक के छात्र-छात्राओं के लिए प्रतिभा प्रोत्साहनख प्रतियोगिताएं दो चरण में आयोजित है। इस वर्ष भी प्रथम शाला स्तर पर, द्वितीय जिला स्तर पर होगी जिसकी सूचना शालाओं को दी जायेंगी। प्रथम कविता पाठ किसी विख्यात कवि की देशभक्ति की कविता, द्वितीय भाषण प्रतियोगिता, राष्ट्र का विकास, युवा शक्ति, तीसरी एकल लोक गीत प्रतियोगिता, चतुर्थ चित्रांकन से शब्दांकन, प्रतियोगिताएं भोपाल प्रांतीय संयोजक जया केतकी के आदेशानुसार शाला प्राचार्य को सूचनार्थ प्रथम 500 रुपए, दूसरा 400 रुपए, तीसरा 300 रुपए व स्मृति चिन्ह प्रमाण-पत्र प्रदान किए जांएगे यह निर्णय लिया गया दमोह समिति संयोजक डॉ. प्रेमलता नीलम ने दी। अध्यक्ष पुष्पा चिले, उपाध्यक्ष पदमा तिवारी, सह संयोजक करूणा खरे, संरक्षक डॉ रघुनंदन चिले, श्यामसुंदर शुक्ला की उपस्थिति रही।

## क्षत्रिय कुशवाहा समाज ने निकाली लवकुश भगवान की शोभायात्रा

दमोह

जिला छत्रिय कुशवाहा समाज संगठन व कल्याण समिति द्वारा लवकुश भगवान व सम्राट अशोक जन्म वर्ष उत्सव शोभायात्रा में पथरिया बटियागढ़, हटा, पटेरा जबेरा, दमोह, ब्लॉक के कुशवाहा समाज जेस्ट श्रेष्ठ चार हजार कुशवाहा सदस्यों ने पूरी जोर.तोड से मेहनत कर कार्यक्रम को सफल बनाया। जिसमें मुख्य अतिथि बाबू सिंह कुशवाहा सांसद जौनपुर ने मार्गदर्शन देते हुए कहा बच्चों को शिक्षित करना बेटी बेटा को पढ़ाना व काबिल बनाना जिला समाज संगठन के जिला अध्यक्ष ईश्वर दास साईं बाबा ने संबोधित करते हुए बताया समाज का उद्देश्य कुरीतियों को छोड़ना एवं मुख्य धाराओं से जोड़ना है। जिला सचिव डालचंद कुशवाहा ने मंच संचालन करते हुए बताया एकता का परिचय देना पड़ेगा, तभी समाज में हो रहे अत्याचार कम हो पाएंगे, जब तक समाज में नेता पैदा नहीं करेंगे तब तक जुल्म समाज के बीच होते रहेंगे जिसमें उपस्थित रहे। समाज के पूर्व अध्यक्ष गोविंद राम कुशवाहा, भगवान दास कुशवाहा मुकुंदीराम कुशवाहा वर्तमान जिला उपाध्यक्ष मोहन मुकदम कुशवाहा, संयुक्त सचिव द्वारका कुशवाहा, कोषाध्यक्ष गोपाल कुशवाहा, युवा अध्यक्ष गोपाल कुशवाहा, पूर्व सचिव कमल कुशवाहा, बसंत कुशवाहा, फुटेरा से नन्हे भाई कुशवाहा रहे।

## नवोदय कक्षा ग्यारहवीं की आवेदन तिथि बड़ी

**हटा।** नगर स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय हटा के प्राचार्य एके त्रिपाठी एवं जेएनवीएसटी प्रभारी एनके नायक द्वारा बताया गया की कक्षा 11वीं वर्तमान सत्र 2025-26 हेतु विद्यालय में 13 रिक्त सीटों वाणिज्य स्ट्रीम हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया है। इन सीटों को दमोह जिले के अंतर्गत आने वाले सातों विकासखंडों में स्थित मान्यता प्राप्त विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा भरा जाना है जो विद्यार्थी कक्षा दसवीं सत्र 2024-25 में 60 प्रतिशत अंकों द्वारा उत्तीर्ण हुए हो वे आवेदन कर सकते हैं।

# वोट की पवित्रता बचाने के लिए प्रदेशभर में पुतला दहन और रीवा से वोट सत्याग्रह का आगाज़ : जीतू पटवारी

भोपाल

प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने आज प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के संविधान की सबसे बड़ी ताकत जनता का वोट का अधिकार है। यही अधिकार लोकतंत्र की नींव है और इसी से जनता अपने प्रतिनिधि और सरकार चुनती है। जब इस पवित्र अधिकार के साथ छेड़छाड़ होती है, तो यह केवल राजनीतिक मुद्दा नहीं, बल्कि देश के संविधान और लोकतांत्रिक आस्था पर सीधा हमला है। श्री पटवारी ने बताया कि आज देश के लगभग 300 सांसद, आदरणीय राहुल गांधी जी और आदरणीय मल्लिकार्जुन खड़गे जी के नेतृत्व में, तमाम विपक्षी दलों के प्रमुख नेताओं के साथ मिलकर वोट चोरी और चुनाव आयोग की पक्षपाती भूमिका के खिलाफ चुनाव आयोग से मिलने गए थे। लेकिन जनता की आवाज उठाने के बजाय, सरकार ने लोकतंत्र का गला घोंटते हुए सभी सांसदों को गिरफ्तार कर लिया।

***बार-बार चुनाव आयोग को सबूत दिए***- राहुल गांधी जी ने बार-बार चुनाव आयोग को सबूत दिए कि वोट की चोरी करके नरेंद्र मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाया गया। महाराष्ट्र, हरियाणा, कर्नाटक और मध्य प्रदेश में बीजेपी ने चुनाव आयोग की मदद से जनादेश को मैनिपुलेट किया। यह किसी दल की हार-जीत का सवाल नहीं, बल्कि एक वोट - एक अधिकार की पवित्रता को बनाए रखने की लड़ाई है। श्री पटवारी ने बीजेपी को चेतावनी दी कि अगर उनका रवैया इसी तरह तानाशाहीपूर्ण रहा, तो मध्य प्रदेश की सड़कें जनता के आंदोलन से भर जाएंगी। आज घर-घर यह बात पहुंच चुकी है कि बीजेपी वोट चोरी से चुनाव जीतती है और जनता अब चुप नहीं बैठेगी।



***प्रदेश कांग्रेस ने घोषणा की है कि***- आज और कल पूरे मध्य प्रदेश में बीजेपी सरकार के पुतला दहन कार्यक्रम होंगे। 12 अगस्त को रीवा से वोट सत्याग्रह की शुरुआत होगी, जिसमें नेता प्रतिपक्ष, वरिष्ठ नेता, विधायक और पार्टी के कार्यकर्ता शामिल होंगे। इस सत्याग्रह का एकमात्र उद्देश्य है जनता को जागरूक करना और मध्य प्रदेश में वोट चोरी से बनी सरकार का सच उजागर करना। श्री पटवारी ने अंत में कहा कि यह आंदोलन किसी राजनीतिक लाभ-हानि के लिए नहीं, बल्कि जनता के वोट की पवित्रता को बचाने और संविधान की रक्षा के लिए है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं धानी मतानी पति मयंक मतानी निवासी- एल बी 22 लाल बहादुर शास्त्री विहार त्रिमूर्ति नगर आधार कार्ड 893867294425 जबलपुर यह घोषणा करती हूँ की शादी से पूर्व मेरा नाम ज्योति माखीजा पुत्री किशोर माखीजा था। मेरी शादी श्री मयंक मतानी से हुई है और मेरे सभी दस्तावेजों में धानी मतानी दर्ज हो चुका है अतः अब से मुझे धानी मतानी पति मयंक मतानी के नाम से जाना वह पहचाना जावे।

**पुराना नाम- ज्योति माखीजा**
**नया नाम- धानी मतानी**

पता- एल बी 22 लाल बहादुर, शास्त्री विहार त्रिमूर्ति नगर राजीव गांधी वार्ड जबलपुर

# बैंक से 14 करोड़ का सोना और 5 लाख ले उड़े हथियारबंद बदमाश

## खितौला स्थित बैंक में दिनदहाड़े डकैती, 4 जिलों में अलर्ट

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

शहर से लगभग 50 किलोमीटर दूर खितौला इलाके में हथियारबंद बदमाशों ने सोमवार सुबह लगभग 11 बजे बैंक लूट लिया। लुटेरों ने बैंक कर्मचारियों को कट्टा दिखाकर धमकाया । इसके बाद महज 15 मिनट में 14 किलो 800 ग्राम सोना और 5 लाख 70 हजार रुपए नकद लेकर भाग निकले। यह पूरी वारदात बैंक में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। जिसमें बदमाश वारदात को अंजाम देते हुए नजर आ रहे है। लूटे गए सोने की अनुमानित कीमत साढ़े 14 करोड़ से ज्यादा आंकी गई है। पुलिस ने जिले में नाकाबंदी कर दी है। पूरे जबलपुर सहित कटनी, मंडला, डिंडोरी पुलिस को अलर्ट किया गया है।

### लुटेरों के निकलते ही बजाया सायरन

पुलिस के मुताबिक, वारदात इसाफ स्मॉल फाइनेंस बैंक की है। यहां छह युवक तीन बाइकों पर सवार होकर आए। बैंक के बाहर बाइक खड़ी कर एक-एक कर अंदर पहुंचे। कुछ देर बैंक कर्मचारियों की वर्किंग देखते रहे। फिर कट्टा निकालकर अधिकारियों और कर्मचारियों को धमकाने लगे। वे बार-बार गोली मारने की धमकी दे रहे थे। जब लुटेरे बैंक के बाहर निकल गए, तब अधिकारियों ने खतरे का सायरन बजाया।





### अलग-अलग दिशाओं में भागे बदमाश

पुलिस को अब तक की जांच में पता चला है कि इसाफ स्मॉल फाइनेंस बैंक सोना गिरवी रखकर लोन देने का काम करता है। बैंक खुलने का समय सुबह 10.30 बजे है, लेकिन त्योहार के कारण पिछले कुछ दिनों से यह सुबह 8 से 9 बजे के बीच खुल रहा है। वारदात के समय सुरक्षा गार्ड भी तैनात नहीं था। सीसीटीवी में 4 बदमाश नजर आ रहे हैं। हालांकि, बैंक स्टाफ ने पुलिस के सामने बदमाशों की संख्या 6 होने का दावा किया है। सीएसपी भगत सिंह गठोरिया ने बताया कि पुलिस ने बैंक और आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ की है। उन्होंने बताया कि बैंक से बाहर निकलने के बाद लुटेरे अलग-अलग रास्ते भागे हैं। पुलिस बैंक और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। इधर लूट की जानकारी मिलते ही डीआईजी अतुल सिंह, एसपी संपत उपाध्याय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा घटनास्थल पर पहुंचे। खितौला, सिहोरा के आसपास पुलिस डॉग स्क्वाड और फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट के साथ लुटेरों की तलाश की जा रही है। बैंक अधिकारियों ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि वारदात के वक्त मैनेजर समेत 6 स्टाफ मेंबर बैंक में थे। लुटेरे हेलमेट पहनकर बैंक में घुसे थे, जिससे कि कोई उनका चेहरा पहचान न सके। सभी आरोपी हाथ में कट्टा लिए हुए थे

### पुलिस कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल

वारदात की जानकारी लगते ही मौके पर खितौला और सिहोरा पुलिस की टीमें पहुंची और छानबीन शुरू कर दी है। वहीं बैंक में लगे सभी सीसीटीवी कैमरे और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। खास बात ये है कि, किसी को ये नहीं पता कि, वारदात को अंजाम देकर पांचों बदमाश किस तरफ भागे हैं। लूट की इस सॉनसनीखेज वारदात ने एक बार फिर शहर की कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। क्योंकि, जिले के खितौला या सिहोरा में लगभग हर महीने चोरी की एक न एक वारदात होती रहती है। हाल ही में सिहोरा के बड़े धार्मिक के रूप में पहचान रखने वाले ज्वालामुखी मंदिर में दो दिन पहले ही चोरी की वारदात हुई है, जिसकी जांच अभी चल रही है।



# भव्यता और गरिमा के साथ मनाया जाएगा स्वतंत्रता का उत्सव

## कलेक्टर ने लिया 15 अगस्त की तैयारियों का जायजा

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आगामी 15 अगस्त को जिले में मप्र के उप मुख्यमंत्री मंत्री जगदीश देवड़ा ध्वजारोहण करेंगें। जिसको लेकर कलेक्टर दीपक सक्सेना ने सोमवार को पुलिस परेड ग्राउंड पहुंच कर स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य् कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत, एडीशनल एसपी आनंद कलादगी सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर श्री सक्सेना ने इस दौरान व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये और कहा कि स्वतंत्रता का उत्सव 15 अगस्त को भव्य और गरिमा के साथ मनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूर्व सुनिश्चित करें ।

***समीक्षा बैठक का आयोजन***- कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में सोमवार को लंबित पत्र की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत, अपर कलेक्टर नाथूराम गोड सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

बैठक में कलेक्टर श्री सक्सेना ने सभी विभागों के सीएम हेल्पभलाईन के प्रकरणों की समीक्षा कर कहा कि सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के साथ अन्य लंबित प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से करें। विशेष रूप से 50 दिन से ऊपर की लंबित प्रकरणों की निराकरण के संबंध में ध्यान केंद्रित करें।

## फांसी लगाकर वृद्ध ने की आत्महत्या

**जबलपुर।** माढोताल थाने में प्रदीप कुशवाहा उम्र 42 वर्ष निवासी करमेता ने सूचना दी कि वह 3 भाई है। उसके पिता जगदीश प्रसाद कुशवाहा उम्र 65 वर्ष अपने पेतृक मकान में उसके बड़े एवं छोटे भाई के साथ रहते है। पिताजी रोज सुबह लगभग 5 बजे टहलने जाते थे और लौट कर उसके यहां चाय पीकर जाते थे। सोमवार को सुबह चाय पीने घर नहीं आये तो उसने अपने लड़के को भेजकर पता करवाया जो फोन पर बताया कि बब्बा अपने कमरे मे फांसी लगा लिये हैं, वह जाकर देखा उसके पिता सीलिंग के कुंदे से फांसी लगाकर मृत अवस्था में लटके हैं। उन्हें सुगर बीपी तथा लगभग 3 वर्ष से सिर दर्द की बीमारी से परेशान थे। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# रादुविवि परिसर में एनएसयूआई ने किया प्रदर्शन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने एमबीए की विभिन्न परीक्षा परिणामों में अधिकतर छात्रों को एटीकेटी दे दिए जाने व फेल भी कर दिए जाने तथा एलएलबी छठवें सेमेस्टर की परीक्षाओं में की गई गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान जब कुलसचिव ज्ञापन लेने नहीं आए तो कार्यकर्ता जबरदस्ती उनके चेंबर में जाने लगे जिस पर पुलिस और कार्यकर्ताओं में हल्की झड़क भी हुई। छात्रनेता अनुराग शुक्ला व शफी खान ने आरोप लगाया कि एमबीए की विभिन्न परीक्षा परिणामों में अधिकतर छात्रों को एटीकेटी दे दी गई है और फेल भी कर दिया गया है, जो कि छात्रों के भविष्य के लिए चिंताजनक है विश्वविद्यालय प्रशासन की लापरवाही के चलते विश्वविद्यालय की साख खराब हो रही है। उन्होंने मांग की कि प्रभावित छात्रों के परिणामों की जांच की जाए और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए। इस दौरान प्रदेश सचिव प्रतीक गौतम, अंकित शुक्ला, एजाज अंसारी, सक्षम यादव, सैफ मंसूरी, वकार खान,सोनू मेश्राम आदि मौजूद रहे।



# कूलरों में मिला लार्वा, लगाया गया स्पॉट फाइन

## मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत ननि की कार्यवाही

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

निगमायुक्त प्रीति यादव के निर्देशानुसार नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत् शहर के सभी क्षेत्रों के साथ साथ बाजार क्षेत्रों में लगे कूलरों का निरीक्षण किया जा रहा है, इसके साथ साथ बड़े छोटे नाला नालियों जहां लार्वा पाये जाने की संभावना रहती है वहां का भी सघन रूप से जांच की जा रही है और जहां भी लार्वा पाया जाता है वहाँ दवाईयों का छिड़काव कराकर विनिष्टिकरण करने का कार्य किया जा रहा है। सोमवार को स्वास्थ्य विभाग ने संभाग 15 अन्तर्गत बाजार क्षेत्रों के प्रतिष्ठानों के कूलरों की जांच की गई। जांच टीम के सदस्यों ने बताया कि संभाग क्रमांक 15 के अंतर्गत बाजार क्षेत्रों के 3 प्रतिष्ठानों के कूलरों में लार्वा पाया गया, जिसके कारण मौके पर ही तीनों प्रतिष्ठानों के विरूद्ध स्पॉट फाइन की कार्यवाही कर 12 हजार रूपये की राशि वसूल की गयी। टीम के सदस्यों में सहायक स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र राज, स्वास्थ्य निरीक्षक अनंत दुबे एवं संभाग 15 की स्वच्छता टीम आदि उपस्थित रहे।



## निराश्रित बालकों का आरपीएफ ने किया रेस्क्यू

**जबलपुर।** सोमवार को आरपीएफ द्वारा रेलवे स्टेशन परिसर में अनाधिकृत रूप से भीख मांगते हुए निराश्रित पांच बच्चों का रेस्क्यू किया गया । जिसके बाद उक्त बच्चों का चिकित्सी परीक्षण व अन्य कागजी कार्यवाही करने के बाद सीडब्ल्यूसी कमेटी के समक्ष पेश किया गया । कमेटी द्वारा तीन बच्चों को शासकीय बाल गृह (गोहलपुर)व दो बच्चों को जागृति (जबलपुर स्टेशन के पास)में सुपुर्द कराया गया।

# शहर के युवाओं को मिलेगा विश्वस्तरीय संचार प्रशिक्षण

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

शहर में युवाओं के लिये भविष्य की आवश्यकता के अनुरूप कौशल विकसित करने की दिशा में ऐतिहासिक पहल हुई है। इस पहल के तहत जबलपुर स्थित भारत रत्न भीमराव अंबेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ टेलीकॉम ट्रेनिंग और विश्व की 4 अग्रणी प्रौद्योगिकी कंपनियों एरिक्सन, क्वालकॉम टेक्नोलॉजी, सिस्को और नोकिया के बीच युवाओं को विश्व स्तरीय प्रशिक्षण देने के लिये एमओयू पर हस्ताक्षर किये गये हैं। यह जानकारी देते हुए सांसद आशीष दुबे ने इस सौगात को जबलपुर के विकास में मील का पत्थर निरूपित किया है। सांसद श्री दुबे ने बताया कि सोमवार को केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में इस आशय के एमओयू पर हस्ताक्षर किये गये जिसका लाभ जबलपुर सहित देश भर के युवाओं को मिलेगा।

उन्होंने कहा कि इस सौगात से रोजगार के अवसर तो बढ़ेंगे ही वहीं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चयनित प्रशिक्षणार्थियों को सीधे इन सभी विश्व स्तरीय कंपनियों में काम करने का अवसर भी मिलेगा। एमओयू हस्ताक्षर होने के दौरान कार्यक्रम में केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, सांसद आशीष दुबे के साथ टेलीकॉम सचिव नीरज मित्तल और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और सांसद आशीष दुबे की उपस्थिति में एमओयू पर हस्ताक्षर

## सड़क हादसे में युवक की मौत

जबलपुर

बरेला थाने में हैदराबाद अस्पताल से सूचना मिली कि बीती रात सड़क दुर्घटना में घायल होने से अनिल बैरागी, आकाश मुदलियार, विजय रजक उपचार हेतु भर्ती हुये थे। जहां पर उपचार के दौरान 22 वर्षीय आकाश मुदलियार निवासी ककरैया तलैया महानद्दा गोरखपुर की मृत्यु हो गयी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये मर्ग कायम कर जांच में लिया है ।

# रेट बढ़ने के 11 दिन बाद भी नहीं हुई डेयरी संचालकों के साथ बैठक



## नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

विगत एक अगस्त से जबलपुर में दूध के रेट में अचानक बढोत्तरी कर उसे 73 रूपये प्रति लीटर के भाव से बेंचा जा रहा है । इस बावत् जिला प्रशासन ने आश्वासन दिया था कि प्रदेश के अन्य शहरों से दूध के रेट की जानकारी लेकर जबलपुर के डेयरी संचालकों की बैठक आयोजित की जायेगी तथा समस्या का निराकरण किया जायेगा। लेकिन रेट बढने को 11 दिन बीतने के बावजूद भी अभी तक डेयरी संचालकों की बैठक बुलाई नहीं गई है। उक्त आशय की शिकायत देते हुए नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंप कर जल्द से जल्द डेयरी संचालकों की बैठक बुलाकर इस समस्या का हल करने की बात की है।

इसके पूर्व में मंच के डॉ. पी.जी. नाजपांडे ने कलेक्टर दीपक सक्सेना से विस्तृत चर्चा कर उन्हें राज्य सरकार द्वारा कलेक्टर जबलपुर को जारी किया गया आदेश प्रस्तुत किया था, जिसमें राज्य सरकार ने कहा है कि दूध के रेट आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत तय नहीं करेगें लेकिन दूध की रेट की मानिटरिंग कर जबलपुर में रेट निश्चित किये जायेगें।

# तलवार से हमला कर युवक की हत्या

## घमापुर थाने का मामला, आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

जबलपुर (स्वतंत्र मत)। घमापुर थाने में मारपीट में घायलों को उपचार हेतु आदिशंकर हास्पिटल में भर्ती कराये जाने की सूचना पर पहुंची पुलिस को अंशुल मेहरोलिया उम्र 19 वर्ष निवासी लालमाटी सिंधी सिंगल क्वाटर ने बताया कि वह बीकाम की पढ़ाई करता है। बीती रात उसके घर के पास करू आया और उसके भाई यश मेहरोलिया को गाली गलोज करते हुये बोला कि तूने मेरे घर पर पत्थर क्यों फैंका उसके भाई ने कहा पत्थर हमने नहीं फैंका, तभी करू ने अपने भाई सोना को बुला लिया। जिसने अपने दोस्त सत्यम लखेरा, शुभम लखेरा, सुंदरम लखेरा को लेकर आया, सोना सिंधी हाथ में तलवार, सत्यम चाकू, शुभम एवं सुंदरम डंडे और तलवार से भाई यश पर हमला कर दिया। माँ किरण और पिता किशोर जीजा अनुराग ने बीच बचाव किया तो सत्यम ने चाकू, करू ने तलवार तथा सुंदरम ने डण्डे, सोना ने पत्थर से हमला कर उसके हाथ पैर, माँ के सिर, पैर में, एवं जीजा को पैर में चोट आ गयी, और भी लोग बचाने आया तो सभी जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। उपचार के लिए 21 वर्षीय यश मेहरोलिया को अस्पताल ले जाया गया। जहां उसकी मौत हो गई।

# भाजपा मंडल अध्यक्ष पर कई महिलाओं से धोखाधड़ी करने का लगा आरोप

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में हेरफेर का आरोप

## जांच में जुटी पुलिस

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

शहर में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में बड़ी धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। सोमवार को 40 से 50 महिलाओं ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर भाजपा मंडल अध्यक्ष अकील अंसारी, गुलाम नबी और उसकी दो बहनों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। महिलाओं का कहना है कि इन लोगों ने शादीशुदा और अविवाहित महिलाओं के नाम पर योजना की राशि निकाल ली और पैसे मांगने पर जान से मारने की धमकी दी।

पीड़ित मुस्कान और परवीन खान ने बताया कि भाजपा मंडल अध्यक्ष अकील अंसारी, गुलाम नबी और उसकी 2 बहनें उन महिलाओं को निशाना बनाती हैं, जिनकी आर्थिक स्थिति कमजोर है। ये लोग मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत मिलने वाली 51,000 की राशि दिलवाने का झांसा देकर महिलाओं की आईडी और दस्तावेजों का गलत इस्तेमाल करते हैं। आरोप है कि ये लोग ऐसी महिलाओं को फंसाते हैं जिनकी शादी नहीं हुई है, और उनके नाम से फर्जीवाड़े को अंजाम देते हैं।



***कई महिलाओं से धोखाधड़ी का आरोप***- शिकायत करने वाली महिलाओं ने दावा किया है कि लगभग 60 से 65 महिलाओं के साथ इस तरह की धोखाधड़ी की गई है। जब पीड़ित महिलाएं इन लोगों से अपने पैसे मांगती हैं, तो उन्हें गंदी-गंदी गालियां दी जाती हैं और जान से मारने की धमकी भी दी जाती है। इस डर से कई महिलाओं ने पहले शिकायत नहीं की थी। महिलाओं ने सीएसपी को ज्ञापन सौंपकर इन आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। सीएसपी ने बताया कि महिलाओं की शिकायत दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच अधारताल थाना प्रभारी को सौंप दी गई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर जांच की जाएगी।





हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी। ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2023-25, **RNI No. 64561/96.**